

श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी


दैनिक

# यशोभूमि

नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. 64822/96 | मुंबई | बुधवार, 14 जनवरी 2026





# महापौर पद के लिए नंबर कोई पैमाना नहीं होगा, साथियों को साथ लेकर चलेंगे

## देवेंद्र फडणवीस का आश्वासन | जिला परिषद चुनाव में कार्यकर्ताओं को अवसर , महायुति की तरफ से कोई जोर नहीं

**उदय तानपाठक,** मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'दैनिक यशोभूमि' से बात करते हुए भरोसा जताया कि 29 में से कम से कम 27 मनपाओं में महायुति की किसी एक पार्टी का महापौर होगा। यह कहते हुए कि मुंबई और दूसरी जगहों पर नतीजों के बाद नए दोस्त साथ आ सकते हैं और नए राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं, उन्होंने साफ किया कि महापौर पद के लिए नंबर कोई पैमाना नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही हम चुनाव में कुछ जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़े हैं, लेकिन बाद में हम साथियों को साथ लेंगे। शेष पृष्ठ 6 पर...

❝ मुंबई में अलग-अलग राज्यों से लोग रोजी-रोटी के लिए आते हैं, लेकिन कोई भी इस शहर की पहचान, मुंबई को मिटा नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि हम मुंबई की संस्कृति को कभी बदलने नहीं देंगे। मुंबई का महापौर महायुति से होगा, मुंबई का महापौर हिंदू होगा और मुंबई का महापौर मराठी होगा, उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा। इस बार चुनाव प्रचार में ओपन इंटरव्यू जैसे नए फॉर्मूले का इस्तेमाल किया गया और यह सफल होता दिखा। उन्होंने कहा कि भविष्य में सार्वजनिक सभाओं की जगह ऐसे प्रोग्राम करने पर विचार किया जा रहा है।

❝ मुंबई में शिवसेना (ठाकरे ग्रुप) और राज ठाकरे चुनाव प्रचार में उठाए जा रहे मराठी के मुद्दे का ज्यादा असर नहीं होगा, क्योंकि लोगों को विकास के काम दिख रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वोटर उन्हीं कामों पर हमें वोट देंगे। इंडिया शाइनिंग के दौरान उस समय के नेता प्रमोद महाजन ने विकास कार्यों को केंद्र में रखकर प्रचार को चरम पर पहुंचाया था। जब उन्हें याद दिलाया गया कि असल में भाजपा हारी थी, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हमने जो विकास कार्य किए हैं, वे जनता के सामने हैं, इसलिए ऐसा नहीं होगा।



### मराठी वोट बैंक कोई मोनोपॉली नहीं

यह कहते हुए कि मुंबई का महापौर हिंदू होगा और वह मराठी होगा, मराठी वोट बैंक पर किसी की मोनोपॉली नहीं है। भाजपा के पास भी मराठी वोट बैंक है, ऐसा नहीं होता और अगर मराठी लोगों ने भाजपा को वोट नहीं दिया होता, तो भाजपा के उम्मीदवार लगातार तीन चुनाव नहीं जीतते। इसलिए, कोई कितना भी दावा करे, भाजपा नंबर 1 पार्टी है और सभी मराठी और अमराठी हमारे वोटर हैं, इस शहर के मराठी लोगों को कोई खत्म नहीं कर पाएगा, फडणवीस ने साफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा, दरअसल, कृपाशंकर सिंह ने मीरा-भाईंदर में यह बयान दिया था कि यहां उत्तर भारतीय महापौर होगा, इतनी सीटों पर चुने जाओ, लेकिन इसे तोड़-मरोड़कर उद्धव और राज ठाकरे ने यह प्रोपेगैंडा शुरू कर दिया कि भाजपा मुंबई में अमराठी महापौर बनाना चाहती है।

## 'तमिलों की आवाज दबाने' में कामयाब नहीं होंगे मोदी

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' को 'रोकने की केंद्र सरकार की कोशिश' तमिल संस्कृति पर हमला है और

### फिल्म का भविष्य अधर में लटक गया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'तमिल लोगों की आवाज दबाने' में कभी कामयाब नहीं होंगे। गांधी की ये टिप्पणियां उस दिन आई हैं जब वह तमिलनाडु के दौरे पर हैं, जहां अभिनेता-नेता विजय की तमिल फिल्म को लेकर विवाद एक बड़ा मुद्दा बन गया है। फिल्म के निर्माता ने मद्रास उच्च न्यायालय के नौ जनवरी के अंतरिम आदेश शेष पृष्ठ 6 पर...



**पोंगल उत्सव में शामिल हुए राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां एक स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया और वहां आयोजित 'पोंगल' समारोह में भी शामिल हुए। सेंट थॉमस इंग्लिश हाई स्कूल पहुंचने पर गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्होंने एक पारंपरिक नृत्य में भाग लिया।

## 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव पांच फरवरी को होंगे

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव पांच फरवरी को होंगे और मतगणना सात फरवरी को होगी। एक

### सात फरवरी को मतगणना

वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी करने की 31 जनवरी की समय सीमा को दो



सप्ताह तक बढ़ाने के एक दिन बाद घोषित किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के आयुक्त दिनेश वाघमारे द्वारा संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार शेष पृष्ठ 6 पर...








**Mumbai:** **Arsh Hyundai**, Sion, Ph: 7375002009, 02240326600, Prabhadevi, Ph: 8976850099, 02235269999, **Modi Hyundai,** Malad, Ph: 9887733000, 8300283002, Kanjurmarg, Ph: 9887733000, 02267244444 **Modi Hyundai,** Santacruz, Ph: 7874747443, **Shreenath Hyundai,** Andheri, Ph: 66887777/01, Chembur (West), Ph: 61939393, **Sai Auto Hyundai,** Kandivali Ph: 68855555, **Sai Auto Hyundai,** Andheri (East) Ph: 62129999, **Shreem Hyundai,** Mahalaxmi Ph: 7600010006, 02223029999, Borivali, Ph: 7600020006, 02269019999, **Kamal Hyundai,** Thane, Ph: 8657047204 **Navi Mumbai:** **Sharayu Hyundai,** Ph: 41575700/57, 48964180, Pen Wadkhal, Ph: 8047363111, **Kamal Hyundai,** Ph: 8291914553, Airoli, Ph: 8652639325, **Vishal Hyundai,** Ph: 8422810900, Alibaug, Ph: 8422810904 **Thane:** **Modi Hyundai**, Ph: 7874747443 **Modi Hyundai,** Virar Ph: 7874747443, Vasai, Ph: 7874747443, Wada: 8655964262, **Modi Hyundai,** Kalyan, Ph: 8300683006 Ambernath, Ph: 7900879008, Shahapur Ph: 8764287642, **Index Hyundai,** Mira Road, Ph: 28487500, **Arsh Hyundai**, Dombivali Ph: 8976910000, 02265749999.

*नियम व शर्तें लागू। दर्शायी गई कीमतें सिर्फ़ एक्स-शोरूम कीमत हैं। **EMI की वास्तविक राशि अलग हो सकती है और यह फाइनेंसर, ग्राहक की प्रोफ़ाइल आदि जैसे कई कारकों पर निर्भर करती है। यह केवल दर्शाने और जानकारी के उद्देश्य से है। बताए गए फीचर्स और इक्विपमेंट स्टैंडर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं और अतिरिक्त कीमत देकर उपलब्ध हो सकते हैं। Hyundai Motor India Limited बिना किसी पूर्व सूचना के विशेषताओं और इक्विपमेंट में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। #प्रति कि.मी. की मेंटेनेंस कॉस्ट 1 00 000 कि.मी. तक के लिए ऑनर मैनुअल में बताई गई पीरियोडिक मेंटेनेंस सर्विस के आधार पर कैलकुलेट की गई है। मेंटेनेंस का यह अनुमान भविष्य में कीमतों में होने वाले बदलाव या गाड़ी के वास्तविक उपयोग के कारण बदल सकता है, इसमें खास तौर पर आम इस्तेमाल के दौरान हुई हानि की लागत शामिल नहीं है (जैसे, टायर, ब्रेक और नॉन-वारंटी रिपेयर)। ##ARAI सर्टिफिकेशन के अनुसार, वास्तविक माइलेज कई बातों पर निर्भर करती है जैसे कि ड्राइविंग के तरीके, गाड़ी की कंडीशन आदि। ^एक्सटेंडेड वारंटी 5 साल या 1 80 000 किलोमीटर तक के लिए है, जो भी पहले हो, 7 साल या 1 40 000 किलोमीटर तक के लिए एक्सटेंडेड वारंटी का एक और विकल्प भी उपलब्ध है। एक्सटेंडेड वारंटी पैकेज भुगतान के आधार पर हैं। एक्सटेंडेड वारंटी और RSA के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया Hyundai India की वेबसाइट पर जाएं। वारंटी पर विस्तृत नियम और शर्तों के लिए ऑनर मैनुअल देखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने नज़दीकी Hyundai शोरूम जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ के जंगल में हाथी की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चोपादारू गांव में एक हाथी की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जैसे ही हाथी की लाश मिलने की खबर मिली, वन विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए। हाथी की मौत कैसे हुई यह सबसे बड़ा सवाल है। रिहायशी इलाके में हाथी का शव मिलना वन विभाग के अधिकारियों के लिए गंभीर विषय बन गया है। डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि अचानक हाथी की मौत के पीछे बड़ा राज हो सकता है।

### पुलिस बनकर पद्मभूषण कड़िया मुंडा से मांगी रंगदारी

यशोभूमि/एजेंसी

**खूंटी।** खूंटी के आठ बार सांसद रहे पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा से पुलिस बनकर रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़िया मुंडा के करीबी डॉ निर्मल सिंह ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस सहित सीएमओ को एक्स पर दी है। डॉ निर्मल सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को कई बार व्हाट्सएप कॉल कर पैसे की मांग की गई। कॉल करने वाला व्यक्ति खुद को पुलिस अधिकारी बताकर धमकी देता है और पैसों की मांग कर रहा है।

### शिक्षिका ने की खुदकुशी

यशोभूमि/एजेंसी

**रोहतास।** जिले में शिक्षिका ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक मृतक शिक्षिका तिलौथू के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपी में पदस्थापित थी। शिक्षिका का नाम सविता कुमारी था। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस शिक्षिका के शिक्षक पति विवेक कुमार से पूछताछ कर रही है। घटना तिलौथू थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने 29 वर्षीय सविता कुमारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक शिक्षिका के पति विवेक कुमार भी डेहरी के एक विद्यालय में शिक्षक हैं।

### घर में लगी आग

यशोभूमि/एजेंसी

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो के आजादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड नंबर-10, ज़ाकिरनगर स्थित कबीरिया स्कूल के पास सोमवार देर रात मोहम्मद अजीम के घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में घर में रखे कीमती सामान इसकी चपेट में आ गए। अगलगी से वहां अफरा तफरी मच गई। घटना में एसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और घरेलू जरूरी सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

# बिहार में अब बुजुर्गों को नहीं जाना होगा रजिस्टार कार्यालय

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** बिहार में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री प्रक्रिया को आसान बनाने के निर्देश जारी किए हैं। अब वृद्धजनों को घर बैठे निबंधन की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



### घर बैठे होगी जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए जमीन और फ्लैट के निबंधन की प्रक्रिया को सरल किया जा रहा है। इसके तहत अब घर पर ही निबंधन से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा चलंत निबंधन इकाई के माध्यम से निश्चित समय-सीमा के भीतर घर पर ही दस्तावेजों के निबंधन की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने वाले कई लोगों को संबंधित भूमि की अद्यतन जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### एक अप्रैल 2026 से लागू करने का निर्देश

**इस समस्या के समाधान के लिए रजिस्ट्री से पहले भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके तहत आवेदक के अनुरोध पर निबंधन विभाग अंचल कार्यालय से भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उसे क्रेता और विक्रेता को उपलब्ध कराएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विवादों की संभावना कम होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन सभी व्यवस्थाओं को 01 अप्रैल 2026 से लागू करने का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया गया है।**

# उपमुख्यमंत्री सिन्हा के 'चूड़ा दही' भोज में पहुंचे तेज प्रताप यादव

यशोभूमि/भाषा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद के उनसे अलग रह रहे बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा यहां आयोजित 'चूड़ा दही' भोज में शिरकत की।

### विजय सिन्हा ने गर्मजोशी से किया स्वागत

राजद से निष्कासन के बाद अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाने वाले पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का सिन्हा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यादव ने कुछ दिन पहले उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। सिन्हा द्वारा आयोजित 'चूड़ा दही' भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा तथा मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख संतोष कुमार सुमन समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।



### कांग्रेस के भोज में नहीं पहुंचा पार्टी का एक भी विधायक

**मकर संक्रांति का त्योहार आते ही बिहार में दही-चूड़ा पॉलिटिक्स भी तेज हो गई है। बिहार कांग्रेस ने एक दिन पहले ही बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में दही-चूड़ा भोज आयोजित किया। बिहार कांग्रेस के दही-चूड़ा भोज में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और अन्य प्रदेश पदाधिकारी तो मौजूद रहे, लेकिन पार्टी के विधायकों ने ही किनारा कर लिया।**

# आदित्य साहू होंगे भाजपा की झारखंड इकाई के नए अध्यक्ष

यशोभूमि/भाषा

**रांची।** राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई का नया अध्यक्ष बनना लगभग तय है, क्योंकि वह मंगलवार को इस पद पर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। नेता ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे शुरू हुई और दो बजे समाप्त हो गई। झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव अधिकारी और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल उरांव ने कहा, 'हमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आदित्य साहू के रूप में केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, राज्य से राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए



21 नामांकन दाखिल किए गए हैं।' ओराम ने बताया, 'नामांकन पत्रों की जांच और वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

यशोभूमि/एजेंसी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत गालुडीह थाना क्षेत्र में सोमवार रात अपराधियों ने प्रज्ञा केंद्र संचालक सह भाजपा नेता 40 वर्षीय तारापद

### बस स्टैंड के समीप स्थित प्रज्ञा केंद्र में हुई वारदात

महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात उलदा पंचायत के खड़िया कॉलोनी बस स्टैंड के समीप स्थित प्रज्ञा केंद्र में हुई। इस वारदात को लेकर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हैं। पुतरू गांव निवासी तारापद महतो पिछले करीब दो वर्षों से खड़िया कॉलोनी में सीएससी (प्रज्ञा) केंद्र का संचालन कर रहे थे। सोमवार को झारखंड के क्षेत्रीय त्योहार टुसू के कारण केंद्र में दिनभर चहल-पहल रही। रात करीब आठ बजे तक बड़ी संख्या



में ग्रामीण महिलाएं ऑनलाइन पैसे की निकासी और अन्य डिजिटल सेवाओं के लिए केंद्र पर मौजूद थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों अपराधी सीधे केंद्र के अंदर गए और तारापद महतो से उनका नाम-पता पूछा। जैसे ही पुष्टि हुई कि वही तारापद महतो हैं, अपराधियों ने पिस्तौल निकालकर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

### केंद्र में मौजूद लोगों में मची अफरा-तफरी

**दो गोलियां लगते ही तारापद महतो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। अचानक हुई गोलीबारी से केंद्र में मौजूद महिलाओं और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से टाटा की ओर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए तारापद महतो को अस्पताल ले जाने की तैयारी की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गालुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी।**

# निशांत कुमार की राजनीति में आने की मांग को लेकर फिर लगे पोस्टर

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** बिहार की सत्ता में एनडीए भले ही प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर सत्ता में पहुंच गई हो, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत की राजनीति में उठने वाली जदयू कार्यकर्ताओं की मांग धीमी नहीं पड़ी है। जदयू कार्यकर्ता निशांत की राजनीति में एंट्री की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। पटना स्थित जदयू कार्यालय के बाहर मंगलवार को एक बार फिर जदयू कार्यकर्ताओं द्वारा इसी मांग को लेकर पोस्टर लगाए गए हैं। लगाए गए पोस्टर में नीतीश कुमार और निशांत की तस्वीर है। कृष्णा पटेल द्वारा लगाए गए इस पोस्टर में सबसे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह करते हुए लिखा गया है, 'पार्टी के सर्वमान्य प्रधान...कार्यकर्ताओं की भावना का भी अब रखिए ध्यान' पोस्टर में बड़े अक्षरों में आगे लिखा



गया है, 'नीतीश सेवक, मांगे निशांत।' पोस्टर में समस्त जदयू परिवार और देशवासियों को मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए आग्रह करते हुए लिखा गया है, 'चाचा जी, के सपनों का निशान है ये तीर, भाई निशांत जी हैं, तीर का अगला तकदीर।'

# पुलिया से नीचे गिरी ऑटो , चार लोग हुए घायल

यशोभूमि/एजेंसी

**पलामू।** जिले के चैनपुर-नावाडीह-रमकंडा मुख्य मार्ग पर रामगढ थाना क्षेत्र के सूरजबेदवा पुलिया से मंगलवार को एक ऑटो

### कार को साइड देने के दौरान ड्राइवर ने खो दिया नियंत्रण

नीचे गिर गया। संकीर्ण रास्ते पर कार से साइड लेने के क्रम में टेम्पो अनियंत्रित हुआ। इस घटना में तीन महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना के करीब डेढ घंटे बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। घटना के बाद से ऑटो चालक



और उसके साथ बैठा एक अन्य युवक फरार बताया जाता है। जख्मी सवार एक ही परिवार के हैं और सभी गढवा के रमकंडा थाना क्षेत्र के रक्सी गांव में अंधविश्वास में देवास (भूत प्रेत बाधा ठीक कराने) जा रहे थे। जख्मी लोगों में पिपराही के भटवाजरही के विगान परहिया उसकी पत्नी दुखनी देवी, बहू किरण देवी पति सोनू परहिया, बेटी अकली देवी पति लखन परहिया शामिल हैं।

# छह अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

यशोभूमि/भाषा

**बोकारो।** बोकारो जिले में पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 13 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक हरविंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को मिली सूचना के आधार पर चिरा चास थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैष्णवी कॉम्प्लेक्स में छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों में से पांच बिहार के रहने वाले हैं, जबकि एक झारखंड के जमशेदपुर का निवासी है।

# दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

यशोभूमि/एजेंसी

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर स्थित रिटायर्ड कॉलोनी में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बनारसी पैलेस नामक

### किसी तरह की जन- हानि नहीं

कपड़े की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं को देख इलाके के लोगों ने दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू तो पाया। लेकिन दुकान में रखे लाखों रुपये के कपड़े जलकर खाक हो गए। घटना के समय दुकान संचालक तपन चक्रवर्ती अपनी पत्नी के साथ बाहर गए हुए थे। इसी दौरान दुकान से अचानक धुआं निकलता देख आसपास के लोगों को आग लगने की आशंका हुई, जिसके



बाद शोर मचाया गया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दुकान के पीछे बने घर में तपन चक्रवर्ती के माता-पिता मौजूद थे। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और दमकल की टीम भी पहुंची। दुकान बंद होने के कारण आग बुझाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन लोगों और दमकलकर्मियों की संयुक्त कोशिशों से आग को फैलने से रोक लिया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, हालांकि तब तक दुकान में रखा सारा कपड़ा और अन्य सामान जलकर नष्ट हो चुका था। इस अग्निकांड में किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी अधिक बताया जा रहा है।


## मध्य रेल

### मरम्मत रखरखाव कार्य

**खुली ई- निवीदा सूचना सं: मरे / मरेप्र (कार्य) बीबी/2026/02, दिनांक 12.01.2026**

**क्रमसंख्या-1. कार्य का नाम**: भिवंडी रोड, खरबाव, जुईचंद्र और कामन रोड (कुल 4 स्टेशन) पर क्लोरोज़ीवन क्लोरीन डोजिंग सिंपल और सेफ डिसइंफेक्टेंट सिस्टम और सोडियम, डाइक्लोरोइसोसायन्यूरेट डाइहाइड्रेट ग्रेन्यूल्स के लिए सालाना मेंटेनेंस 24 महीनों के लिए। **अनुमानित मूल्य**: रु.4.38 लाख। ईएमडी: रु.8,800/-. **पूरा होने की अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या- 2. कार्य का नाम: A)** मुंब्रा-कल्याण (मेन लाइन) और दिवा-वसई सेक्शन में स्टेशन एफओबी के विविध मरम्मत कार्य (22 एफओबी)। **B)** ठाणे-दिवा सेक्शन में स्टेशन एफओबी (08 नग) की पेंटिंग, जिसमें जिंक रिच प्राइमर, एपॉक्सी इंटरमीडिएट कोट और पॉलीयुरेथेन टॉप कोट वाला हाई बिड परफॉर्मेंस कोटिंग सिस्टम इस्तेमाल किया जाएगा। (ठाणे स्टेशन पुराना एफओबी (कल्याण छोर) किमी 33/1-2 पर, ठाणे स्टेशन उत्तरी छोर एफओबी किमी 33/2-3 पर, कालवा स्टेशन एफओबी (दक्षिणी छोर) किमी 35/5-6 पर, कालवा स्टेशन नया एफओबी एक्सटेंशन किमी 35/6-7 पर, कालवा स्टेशन एफओबी (उत्तरी छोर) किमी 35/9-10 पर, मुंब्रा स्टेशन एफओबी (सीएसएमटी छोर) किमी 39/13-14 पर, मुंब्रा स्टेशन एफओबी (कल्याण छोर) किमी 40/1-2 पर, दिवा स्टेशन एफओबी (सीएसएमटी छोर) किमी 42/33@ 45"46@ पर) । **C)** दिवा-कल्याण सेक्शन में स्टेशन के एफओबी (06 नग) की पेंटिंग, जिसमें जिंक रिच प्राइमर, एपॉक्सी इंटरमीडिएट कोट और पॉलीयुरेथेन टॉप कोट वाला हाई बिड परफॉर्मेंस कोटिंग सिस्टम इस्तेमाल किया जाएगा। (दिवा स्टेशन मिडिल एफओबी किमी 42/49-50 पर, दिवा स्टेशन कल्याण एंड एफओबी किमी 42/76-80 पर, कोपर स्टेशन एफओबी कनेक्टेड हाई लेवल प्लेटफॉर्म किमी 46/15-47/01 पर, डोंबिवली स्टेशन, पीएससी एफओबी किमी 48/2-3 पर, डोंबिवली स्टेशन नया एफओबी (एंड) किमी 48/4-5 पर, ठाकुरली स्टेशन नया एफओबी (सीएसएमटी एंड) किमी 49/14-15 पर)। **अनुमानित मूल्य**: रु. 359.47 लाख। **ईएमडी**: रु. 329700/-. **पूरा होने की अवधि** :12 महीने। **क्रमसंख्या- 3. कार्य का नाम: ए)** सीएसएमटी - पीतल की प्लेटें, पीतल के अक्षर, ऐक्रेलिक नेम प्लेटें और ऐक्रेलिक नेम प्लेटें लगाना और उनकी आपूर्ति करना, और इनकंबेंसी बोर्ड पर विनाइल स्टिकर चिपकाने का काम डीईएन(डब्ल्यू)सीएसएमटी, मुंबई के तहत (दो साल के लिए)। **B)** रेलवे बोर्ड की गाइडलाइंस के अनुसार सीएसएमटी में एनेक्स बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर सीनियर डीएफएम ऑफिस के एयर कंडीशनिंग के काम के लिए सिविल हिस्सा। **C)** सीएसएमटी -कैब वे एरिया में चेकर टाइल्स का काम। **D)** सीएसएमटी में कॉनकोर्स और PF नंबर 8 और 9 ट्रस के स्टील स्ट्रक्चर की पेंटिंग। **E)** सीएसएमटी स्टेशन परिसर के मेनलाइन कॉनकोर्स एरिया में पार्सल बिल्डिंग के पास सेफ्टी गेट लगाना। **अनुमानित मूल्य**: रु. 102.66 लाख। **ईएमडी**: रु.2,01,300/-. **पूरा होने का समय**: 12 महीने। **क्रमसंख्या- 4. कार्य का नाम: (A)** कसारा-इगतपुरी :- जियो कम्पोजिट स्टील मेश सिस्टम की सप्लाई, बिछाना और फिक्सिंग करना, जिसमें डबल ट्विस्टेड हेक्सागोनल मेश और रोम्बोइडल मेश पैनल शामिल हैं;। **(B)** कसारा-इगतपुरी: - डीप कटिंग ज़ोन एनई घाट सेक्शन (KM-125/600-900 डाउन एनई और KM-131/650-132/900 डाउन एनई) में 3000 kJ रॉक फॉल बैरियर का प्रावधान; । **(C)** कसारा-इगतपुरी- इगतपुरी: कटाव से बचाव और खरपतवार को रोकने के लिए कैच वॉटर ड्रेन और साइड ड्रेन में जियोसिंथेटिक सीमेंटिटियस कम्पोजिट मैट लगाना। **अनुमानित मूल्य**: रु.2672.12 लाख। **ईएमडी**: रु. 14,86,100/-. **पूरा होने का समय**: 8 महीने। **क्रमसंख्या- 5. कार्य का नाम:1) (A)** सीएसएमटी में PF नंबर 9 और 10 के ऑफिस के बीच पी.वे स्टाफ के लिए गैंग हट की व्यवस्था। **(B)** सीएसएमटी में PF नंबर 9 और 10 के पास प्रस्तावित गैंग हट और मौजूदा सी एंड डब्ल्यू और ट्रेन लाइटिंग स्टाफ के लिए टॉयलेट ब्लॉक और सेप्टिक टैंक की व्यवस्था। **2)** सीएसएमटी - सर्विस बिल्डिंग से पेड़-पौधे हटाना, सर्कुलेटिंग एरिया से सिविल मलबा साफ करना, और एसएसई/डब्ल्यू/सीएसएमटी के तहत लेवलिंग का काम। (अवधि एक साल)। **अनुमानित मूल्य**: रु. 94.32 लाख। **ईएमडी**: रु. 1,88,600/-. **पूरा होने का समय**: 12 महीने। **उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1,2 और 4 दिनांक 30.01.2026, क्र.3 और 5 दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे तक और 15.00 बजे** के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से टेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन– 022-67455323 यह निविदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई–400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

AK-825

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे


# मंत्रिमंडल ने दी 694 पदों पर बहाली की मंजूरी

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 43 एजेंडों पर स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने कृषि विभाग में 694 विभिन्न पदों पर बहाली को मंजूरी दी

### बैठक में लगी 43 प्रस्तावों पर मुहर

है। वहीं डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग में 200 पदों पर बहाली की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा 314 करोड़ रुपये की लागत से मुंबई में बिहार भवन के निर्माण को भी हरी झंडी दी गई है। शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा निदेशालय में नौ नए पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई। बैठक में झारखंड के साथ सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर



समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति दी गई। तय समझौते के अनुसार 7.75 मिलियन एकड़ फीट जल में से 5.75 मिलियन एकड़ फीट बिहार और 2 मिलियन एकड़ फीट झारखंड को मिलेगा। मंत्रिमंडल ने दरभंगा हवाई अड्डा के समीप लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब के निर्माण के लिए 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी है। इसके लिए 138 करोड़ 82 लाख 88 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को सहायता के रूप में एकमुश्त 30 करोड़ रुपये देने की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं मुख्य न्यायाधीश के साथ संबद्ध किए जाने वाले चार विधि सहायकों के पद सृजित करने की भी मंजूरी दी गई।


## मध्य रेल

### ओएचई संशोधन कार्य

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिये सिनियर मंडल बिजली इंजीनियर ( गतिशक्ति युनिट) 3 रा तल, ओल्ड एरिया मैनेजर की इमारत, पी.डी'मेलो रोड, वाड़ीबंदर, मुंबई - 400010 द्वारा प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम मे) **www.ireps.gov.in** वैबसाइट के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **13.02.2026** और समय 15:00 बजे तक है। निविदा उसी दिन 15:15 बजे के बाद खोली जाएगी। **ई-निविदा सं: बीबी.ईल.जीएसयू. ओएचई.2025-26/3R2, दिनांक: 12.01.2026. कार्य विवरण**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में तलोजा पंचानंद गुड्स शेड में रेल स्तर की अतिरिक्त पूर्ण लंबाई वाली गुड्स हैंडलिंग लाइन के प्रावधान के संबंध में 25 केवी, एसी ओएचई संशोधन कार्य की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का **कार्य। लगभग मूल्य**: रु. 88.22 लाख। **बोली प्रतिभूति (Bid Security)**: रु.1,76,400/-. **ऑफर की वैधता**: 60 दिन। **समापन की अवधि**: 12 महिने (मॉन्सून सहित)। निविदा का पूरा विवरण भारतीय रेल के कार्यालय के वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा दस्तावेज उपरोक्त वैबसाइट से डाउन लोड किया जा सकता है।

AK-824

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे


# नवादा में 20 सूत्री समिति उपाध्यक्ष को सीडीपीओ ने दी हत्या की धमकी

यशोभूमि/एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के कौवाकोल बाल विकास परियोजना की परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) अंजली कुमारी ने जांच कमेटी के सदस्य बने प्रखंड 20 सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष सह भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा की पांच लाख रुपये खर्च करा हत्या कराने की धमकी दी है। अंकित विश्वकर्मा ने मंगलवार को नवादा के जिलाधिकारी के साथ ही बिहार के समाज कल्याण मंत्री तथा मुख्य सचिव को शिकायत पत्र भेजकर इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। नवादा समाहरणालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए 20 सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने कहा कि 17 दिसंबर 25 को 20 सूत्री कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। आम जनता की शिकायत थी कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी खुलेआम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से तीन से चार हजार रुपये प्रतिमा की वसूली करती है। उस दिन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिना सूचना के ही बैठक में भी नहीं आई। बैठक में उठाए गए भ्रष्टाचार के सवालों पर जांच कमेटी का गठन किया गया । जिसमें मुझे सदस्य बनाया गया।

# ससुर ने दामाद की गोली मारकर की हत्या

यशोभूमि/एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ऑनर किलिंग की इस दिल दहला देने वाली वारदात में एक युवक को सिर्फ इसलिए जान गंवानी पड़ी, क्योंकि उसने लव मैरिज की थी । यह सनसनीखेज मामला मुजफ्फरपुर जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के बंगरा गांव का है। मृतक की पहचान आयुष कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात आयुष अपने घर में सो रहा था । तभी कुछ लोग अचानक घर में घुस आए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं । गोली लगते ही आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।



### आठ माह के मासूम के सिर से छिना पिता का साया

**तनु का आरोप है कि रविवार देर रात उसके पिता, मामा और कुछ अन्य रिश्तेदार जबरन घर में घुसे और उसके पति आयुष को गोली मार दी । उसने बताया कि उसका मायका और ससुराल एक ही गांव में पास-पास स्थित है, जिसके चलते पहले भी कई बार विवाद हो चुका था । तनु का आठ महीने का एक बेटा है, जो अब अपने पिता से हमेशा के लिए जुदा हो गया है । इस घटना को लेकर ग्रामीण एसपी राजेश कुमार सिंह प्रभाकर ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।**

### पत्नी ने अपने पिता और मामा को ठहराया जिम्मेदार

मृतक की पत्नी तनु कुमारी ने इस हत्या के पीछे अपने पिता और मामा को जिम्मेदार ठहराया है । तनु ने बताया कि उसने करीब डेढ़ साल पहले गांव के ही युवक आयुष कुमार से प्रेम विवाह किया था। यह शादी उसके परिवार को बिल्कुल मंजूर नहीं थी । शादी के बाद से ही दोनों को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं ।


## पश्चिम रेलवे

### विविध मरम्मत कार्य

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल, मुंबई - ४०० ००८ द्वारा निम्नानुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अनु. क्र. | निविदा सूचना सं. एवं दिनांक | कार्य एवं स्थल | कार्य की लगभग की कीमत रु. में | ईएमडी रु. | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | WR-MMCT0ECOA (ECTD)/62/2025 O/o SRDEE/CHG/MMCT/W (Computer No. 686743) | पॉवर कार्स के ३ फेस ७५० वी ५०० केवीए अल्टरमेटर की मरम्मत, रिवाइंडिंग, रिकंडीशनिंग, ओवरहॉलिंग करना. | २१,८७,५५०.५० | ४३,८००/– | १२० दिन |
| २. | WR-MMCT0ECOA (ECTD)/71/2025 O/o SRDEE/CHG/MMCT/W (Computer No. 698699) | क्रियान्वयन एवं जांच सहित दोषपूर्ण फोर्कलिफ्ट पार्ट्स की मरम्मत, बदलना. | ४,२२,०६९.२४ | ८,५००/– | ४५ दिन |
| ३. | WR-MMCT0ECOA (ECTD)/37/2025 O/o SRDEE/CHG/MMCT/W (Computer No. 668110) | नंदुरबार स्टेशन पर भुसावल छोर के निकट प्लेटफॉर्म २ एवं प्लेटफॉर्म ३ के दरम्यान कोच चार्जिंग के लिए ११० वी डीसी बैटरी चार्जर की आपूर्ति, प्रतिष्ठापन, क्रियान्वयन एवं जांच कार्य. | ९,८९,७००.०० | ९,८००/– | ४५ दिन |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए, प्रस्तुतिकरण का दिनांक एवं समय : ०६.०२.२०२६ को १५.०० बजे तक. खुलने का दिनांक एवं समय : ०६.०२.२०२६ को १५.३० बजे. अग्रिम विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अवलोकन करें. 1002

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

# अजित पवार की दशा 'जेब में नहीं आने और मुझे बाजीराव मानें' : देवेंद्र फडणवीस

## विरोध में न बोलने के संकेत का अजित पवार ने पालन नहीं किया

**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे नगर निगम चुनाव के प्रचार के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर अजित पवार दिल्ली में हमारे वरिष्ठ नेताओं से मिलना चाहते हैं, तो वे जा सकते हैं । मैं उनके लिए विमान और टिकट तक की व्यवस्था कर दूंगा, जब तक वे वरिष्ठों से मिलते हैं, मुझे खुशी है।



मुख्यमंत्री ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग आश्वासन तो दे देते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता होता कि उन्हें पूरा कैसे करना है। पुणे में एक कहावत है–'खिशात नाही आणा आणि मला बाजीराव म्हणा' ('जेब में नहीं आने और मुझे बाजीराव मानें'), यह उन पर सटीक बैठती है।

मुख्यमंत्री पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव के मौके पर पुणे में एक प्रचार सभा में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पिछले कुछ सालों से लगातार एक नया पुणे बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम लगातार पुणे में मॉडर्निटी लाने, पुणे के ट्रांसपोर्टेशन को बेहतर बनाने और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने की कोशिश कर रहे हैं।

कुछ लोगों को लगता है कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव गली के दादा बनाने का चुनाव है। यह गली के दादा बनने का चुनाव नहीं है, यह भविष्य में शहर को लीड करने का चुनाव है। इसलिए, इस चुनाव को गंभीरता से लेना चाहिए।

### राज ठाकरे को मैं बैठाया गया मुख्यमंत्री लगता हूं...

सोमवार को मुंबई में हुई सभा में मैंने सबूतों के साथ दिखाया है कि कैसे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के उद्धव ठाकरे हिंदी की सख्ती की। मनसे के राज ठाकरे अब अपने भाइयों से घुलने-मिलने लगे हैं। इसलिए मुझसे बात करने के बजाय आपको अपने भाइयों से बात करनी चाहिए। हमारी भाषा पर संकट लाने वाले आपके ही भाई हैं। आप उनके साथ अलायंस कर रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता ने मुझे तीन बार मुख्यमंत्री बनाया। चुनावों ने दिखा दिया है कि लोग किसकी तरफ हैं। इसलिए राज ठाकरे को लगता है कि मैं बैठाया गया हूं तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, ऐसा फडणवीस ने कहा।

### उद्धव ठाकरे ने चुराए नगरसेवक

फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर 'नगरसेवक चोरी' का आरोप लगाते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे को वोट चोरी की बात नहीं करनी चाहिए। उन पर नगर सेवक चोरी करने का आरोप है। राज ठाकरे के सभी नगर सेवकों को चुराने का काम उद्धव ठाकरे ने किया था। फडणवीस ने कहा कि जनमत से चुने गए नगर सेवकों को चुराना एक गंभीर और विकृत प्रवृत्ति है। जिनकी चोरी करने की आदत है, वे लोगों के वोट से चुने गए नगर सेवकों को चुरा लेंगे, यह गंभीर बात है। कुछ लोगों को अब अपनी प्यारी बहनों की किस्त को लेकर पेट में दर्द हो रहा है। आयोग ने जो कहा है उसे हम मान्य करेंगे। हम 16 तारीख के बाद पैसे देंगे, ऐसा देवेंद्र फडणवीस ने कहा।

### उनके साथ आने का कोई अर्थ नहीं...

दोनों नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टियों के एक साथ आने की खबर पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा, अभी इस बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हिंदी में एक कहावत है। 'कब बाप मरेगा और कब बैल बटेंगे', यह स्थिति कुछ ऐसी ही है। जब अभी तक कुछ पक्का नहीं हुआ है तो यह सब बातें क्यों? उन्होंने आगे साफ किया कि, सिर्फ दो नगर पालिकाओं में ये दोनों ग्रुप एक साथ लड़ रहे हैं। लेकिन राज्य की बाकी 27 नगर पालिकाओं में वे एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। इसलिए, इस 'एकीकरण' का ज्यादा मतलब नहीं है।

# मतदान के लिए इन प्रमाण पत्रों की होगी जरूरत

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** 15 जनवरी को मतदान के लिए 12 प्रकार के पहचान पत्र प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे। इसमें राशन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, वाहन लाइसेंस आदि शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी सौरभ राव ने मतदान के दिन 12 प्रमाणों में से कोई एक लाकर अपने अधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। आयोग की ओर से हर मतदाता को एक पहचान पत्र दिया गया है, परन्तु यदि ऐसा नहीं है तो निम्नलिखित प्रमाणों में से कोई एक प्रमाण लाना अनिवार्य है।

◆ मनरेगा जॉब कार्ड ◆पासपोर्ट ◆ ड्राइविंग लाइसेंस ◆राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियां फोटो आईडी ◆ बैंक पासबुक ◆ पोस्ट ऑफिस पासबुक ◆पैन कार्ड ◆स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड ◆श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी पेंशन दस्तावेज ◆संसद सदस्य/विधानसभा सदस्य/विधान परिषद सदस्य को जारी कार्ड ◆ आधार कार्ड ◆ सक्षम प्राधिकारी से फोटो के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र


# लोकतंत्र सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए ...

- लोकतंत्र यह प्रत्येक व्यक्ति के सहभाग पर आधारित है. देश का भविष्य उज्ज्वल करने की शक्ति आपके एक मतदान में है.
- लोकतंत्र सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक को मतदान करना आवश्यक एवं अनिवार्य है.
- मतदान न करना यानि अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को नजरअंदाज करना.



☞ अपने मताधिकार का उपयोग करें.
☞ अपनी आवाज बुलंद करें.
☞ देश की प्रगति में सहभागी बनें.

मतदान करें, मजबूत लोकतंत्र बनायें !

पुण्यनगरी | मुंबई चौफेर | यशोभूमि | कर्नाटक मल्ला


# थम चुका है मनपा का चुनाव प्रचार, सरगर्मी अब भी चरम पर

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मुंबई सहित राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव के लिए सार्वजनिक प्रचार की समय-सीमा मंगलवार, 13 जनवरी को शाम 5 बजे समाप्त हो गई, इसके साथ ही राजनीतिक दलों की रैलियां, सभाएं और रोड शो थम गए, पर चुनाव से जुड़ी सरगर्मी अब भी चरम पर है। अब कार्यकर्ता और राजनीतिक दलों के नेता प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। 15 जनवरी को मतदान होगा, जबकि 16 जनवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। आर्थिक और राजनीतिक रूप से अहम इन महानगरपालिकाओं में सत्ता हासिल करना सभी दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। 29 में से 18 महानगरपालिकाओं में भाजपा और शिवसेना अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। इससे सत्ताधारी खेमे में ही टकराव देखने को मिला और प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए गए, दूसरी ओर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की युति ने विपक्षी राजनीति को नई धार दी और यह चुनावी चर्चा का बड़ा विषय बन गई। नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही चुनावी प्रचार ने रफ्तार पकड़ी, लेकिन उम्मीदवारों को केवल 10 दिनों का ही समय मिला। इस दौरान सार्वजनिक सभाओं, रोड शो, चौराहा सभाओं और छोटी बैठकों के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश की गई। राज्य में महायुति की सरकार होने के बावजूद भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कई जगहों पर आमने-सामने नजर आईं। पुणे में देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के बीच बयानबाजी चर्चा में रही। नवी मुंबई में एकनाथ शिंदे और गणेश नाइक के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियों में रहे।

**15 जनवरी को मतदान**
**16 जनवरी को नतीजे**



प्रचार के दौरान कई मुद्दों ने तूल पकड़ा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा और सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार दौरे किए। उन्होंने विकास के मुद्दों पर जोर देते हुए विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने करीब 40 और अजित पवार ने 39 सभाएं और रैलियां कीं। कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने 35 सभाओं को संबोधित किया। उद्धव और राज ठाकरे ने नासिक, मुंबई और ठाणे में 3 संयुक्त सभाएं कीं।

### निर्वाचन आयोग शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयार

प्रचार के अंतिम दिन सुबह से ही सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। अब मतदान में 24 घंटे से भी कम समय बचा है। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदाताओं की भागीदारी पर ही इन चुनावों का अंतिम फैसला टिका रहेगा।

# पुलिस ने गुम हुए बच्चे को माता-पिता को सौंपा

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मुंबई की लाइफलाइन माने जाने वाले लोकल और रेलवे स्टेशनों पर अक्सर बच्चे भटकते दिख जाते हैं। ऐसे बच्चों से पूछताछ कर पुलिस उन्हें विश्वास में लेती है और उनके माता-पिता को ढूंढकर उनके माता-पिता को सौंपने का काम रेलवे पुलिस करती है। 8 जनवरी को ठाणे रेलवे स्टेशन पर मिले एक नाबालिग बच्चे को अब 5 दिन बाद उसके माता-पिता को ढूंढकर उन्हें सौंप दिया गया है। इस लड़के के माता-पिता को पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। 8 साल का बच्चा पुलिस को 8 जनवरी को ठाणे रेलवे स्टेशन पर अकेले घूमते हुए मिला था। इसके बाद पुलिस ने उसके माता-पिता की तलाश की, हालांकि उनका पता नहीं चल पाया, इसलिए इस बच्चे को सरकारी बाल अनाथालय कुर्ला कैंप उल्हासनगर 4 के संरक्षण में रखा गया था।


राज्य निवडणूक आयोग महाराष्ट्र

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक २०२५-२६

Brihanmumbai Municipal Corporation

### मतदारांना विनम्र आवाहन

बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणुकीकरिता गुरुवार, दिनांक १५ जानेवारी २०२६ रोजी सकाळी ७.३० ते सायंकाळी ५.३० वाजेपर्यंत मतदान होत आहे. ज्यांचे नाव महानगरपालिका मतदार यादीमध्ये आहे, त्यांना मतदान करण्याचा अधिकार आणि हक्क आहे. महानगरपालिका मतदार यादीमध्ये मतदाराचे नाव, यादी भाग क्रमांक, अनुक्रमांक व मतदान केंद्राचे ठिकाण याबाबतची माहिती दर्शविणाऱ्या मतदार चिठ्ठ्यांचे वाटप घरोघरी करण्यात येत आहे. ही माहिती जाणून घेण्यासाठी माननीय राज्य निवडणूक आयोगाचे "मताधिकार" हे मोबाईल ॲप मतदारांना डाऊनलोड करता येईल किंवा निवडणूक निर्णय अधिकारी यांच्या कार्यालयातील /मतदान केंद्रांवरील मतदार सहाय्य कक्षाची मदत घेता येईल.

मतदानाच्या वेळी छायाचित्र असलेले मतदार ओळखपत्र (EPIC CARD) सोबत बाळगावे. जर मतदार ओळखपत्र नसेल, तर खालील ग्राह्य ओळखपत्रांपैकी छायाचित्र असलेले ओळखपत्र सोबत बाळगावे. मतदान केंद्रांवर भ्रमणध्वनी (मोबाईल) वापरास मनाई आहे. सर्व मतदारांना विनम्र आवाहन करण्यात येते की, बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणुकीसाठी अवश्य मतदान करून आपले राष्ट्रीय कर्तव्य पार पाडावे.




**मतदान**
गुरुवार, दिनांक १५ जानेवारी २०२६

**मतदानाची वेळ**
सकाळी ७.३० ते सायंकाळी ५.३० वाजेपर्यंत

### इतर ग्राह्य ओळखपत्रांची यादी

१. भारताचा पासपोर्ट
२. आधार ओळखपत्र
३. वाहन चालविण्याचा परवाना
४. आयकर विभागाकडील पॅन ओळखपत्र
५. केंद्र शासन / राज्य शासन / सार्वजनिक उपक्रम / स्थानिक स्वराज्य संस्था यांनी आपल्या कर्मचाऱ्यांना फोटोसहित दिलेले ओळखपत्रे
६. राष्ट्रीयकृत बँका अथवा पोस्ट ऑफिस यामधील खातेदाराचे फोटो असणारे पासबुक
७. सक्षम प्राधिकाऱ्यांनी दिलेला फोटोसहित अपंगत्वाचा दाखला
८. निवृत्त कर्मचाऱ्यांनी अथवा त्यांच्या विधवा / अवलंबित व्यक्ती यांची फोटो असलेली निवृत्ती वेतन विषयक कागदपत्रे उदा. पासबुक, प्रमाणपत्र इ.
९. लोकसभा / राज्यसभा सचिवालय तसेच विधानसभा / विधानपरिषद सचिवालय यांनी आपल्या सदस्यांना दिलेले अधिकृत ओळखपत्र
१०. स्वातंत्र्य सैनिकाचे फोटो असलेले ओळखपत्र
११. केंद्र शासनाच्या श्रम मंत्रालयाने दिलेले आरोग्य विमा योजनेचे फोटोसहित कार्ड

PRO/ 2673/ADV/2025-26

**कर मतदान, सांगतंय संविधान!**



# वीडियो केवाईसी के माध्यम से

कहीं से भी, कभी भी बैंक खाता खोलें!




- बैंक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के साथ वीडियो पर तत्काल बातचीत के माध्यम से बैंक खाता खोलें या केवाईसी अपडेट करें।
- वीडियो केवाईसी के माध्यम से बैंक ग्राहक की पहचान का सत्यापन करता है।
- आवश्यक दस्तावेज़: सीकेवाईसी पहचान संख्या **या** आधार **या** डिजिलॉकर में उपलब्ध पहचान दस्तावेज़ और पैन।
- वीडियो केवाईसी की सुविधा बैंक के निर्धारित समय के अनुसार उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/VKYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in



**श्रीकृष्ण उवाच**

परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥

यशोभूमि

# संपादकीय

## इंसुलिन की अधूरी क्रांति

चिकित्सा इतिहास में कुछ खोजें ऐसी होती हैं जो मानवता की दिशा बदल देती हैं। इंसुलिन उन्हीं में से एक है। एक समय मधुमेह का अर्थ निश्चित मृत्यु माना जाता था, लेकिन इंसुलिन ने इसे एक नियंत्रित की जा सकने वाली स्थिति में बदल दिया। सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी यह उपलब्धि अधूरी प्रतीत होती है, क्योंकि जिस दवा ने जीवन दिया, वही आज करोड़ों लोगों की पहुंच से बाहर है। आज मधुमेह केवल जीवनशैली से जुड़ा रोग नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर फैल चुकी एक मूक महामारी का रूप ले चुका है। दुनिया भर में करोड़ों लोग नियमित इंसुलिन पर निर्भर हैं। समस्या यह नहीं कि दवा मौजूद नहीं है, बल्कि यह है कि उसकी कीमत, वितरण और आधुनिक उपचार साधन एक बड़े वर्ग के लिए दूर की चीज बन चुके हैं। यह विरोधाभास चिकित्सा विज्ञान की नैतिकता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। इंसुलिन की खोज के पीछे जिन वैज्ञानिकों की सोच थी, वह लाभ से नहीं बल्कि मानवता से प्रेरित थी। उन्होंने इसे निजी संपत्ति नहीं माना, बल्कि समाज की साझा धरोहर समझा। लेकिन समय के साथ यह भावना बाजार के दबाव में दब गई। आज कुछ चुनिंदा दवा कंपनियां इंसुलिन और उससे जुड़ी तकनीकों पर लगभग पूर्ण नियंत्रण रखती हैं। प्रतिस्पर्धा के अभाव ने कीमतों को ऊपर बनाए रखा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के रोगियों के लिए नियमित इलाज कठिन हो गया है। स्थिति को और गंभीर बनाती है आधुनिक उपचार प्रणालियों की असमान उपलब्धता। इंसुलिन पेन, पंप और लगातार शर्करा मापने वाले उपकरण रोगी के जीवन को सुरक्षित और सहज बनाते हैं। इनके माध्यम से जटिलताओं का खतरा कम होता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। फिर भी ये साधन केवल सीमित वर्ग तक सिमटे हुए हैं। जिन क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचा कमजोर है, वहां मधुमेह आज भी धीरे धीरे जीवन छीनने वाली बीमारी बनी हुई है। यह संकट केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि नीतियों का भी है। बौद्धिक संपदा के नियमों ने चिकित्सा नवाचार को सुरक्षा तो दी, लेकिन जब वही नियम जीवन रक्षक दवाओं को महंगा बना दें, तो पुनर्विचार अनिवार्य हो जाता है। सौ वर्ष पुरानी खोज का लाभ यदि आज भी समान रूप से नहीं पहुंच पा रहा, तो यह वैश्विक व्यवस्था की विफलता है। ऐसी स्थिति में तकनीक साझा करने, अनिवार्य लाइसेंस और सार्वजनिक उत्पादन जैसे उपाय केवल विकल्प नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी बन जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठनों और अंतरराष्ट्रीय मंचों की भूमिका यहां निर्णायक हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जीवन रक्षक दवाएं बाजार की वस्तु मात्र न बनें। सरकारों को भी स्वास्थ्य को सामाजिक अधिकार के रूप में देखने की आवश्यकता है, न कि केवल व्यक्तिगत खर्च के रूप में। जब मधुमेह से होने वाली मौतें बढ़ती जा रही हों, तब उदासीनता का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इंसुलिन की शताब्दी उत्सव का नहीं, आत्ममंथन का अवसर है। यह समय पूछने का है कि विज्ञान किसके लिए है और किस कीमत पर। यदि आने वाले वर्षों में सुलभता को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो मधुमेह मानवता के लिए एक ऐसा बोझ बन जाएगा, जिसे कोई खोज हल नहीं कर पाएगी।

**प्रसंगतः**

## व्यर्थ का परिश्रम

एक प्राचीन प्रेरक कथा है। एक बार एक संत समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी अचानक जोर का तूफान आया। तूफान के प्रभाव से ऊंची-ऊंची समुद्र की लहरें उठने लगीं। उन लहरों के साथ सैकड़ों मछलियां बाहर आकर गिरने लगीं। जल से बाहर हो जाने के कारण मछलियां तड़पने लगीं। स्वाभाविक दयालुता के कारण संत उन मछलियों को उठा- उठाकर वापस समुद्र में फेंकने लगे। लेकिन मछलियों की संख्या सैकड़ों में थी। जिस कारण वे सबको वापस नहीं फेंक सकते थे। तब भी वे अपने प्रयास में लगे रहे। वहां से गुजरने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें देखकर कहा, 'आप व्यर्थ का परिश्रम कर रहे हैं। आप सारी मछलियों को वापस नहीं फेंक सकते। फिर यह तो रोज का काम है। आपके इस परिश्रम से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' संत ने एक तड़पती मछली को उठाकर वापस समुद्र में फेंकते हुए कहा, 'इसे तो फर्क पड़ेगा न। मेरे परिश्रम से इसका तो जीवन बच जाएगा यही बहुत है।' अगर हमारे प्रयास से किसी एक का भी भला हो सके तो हमें जरूर प्रयास करना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**14 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2026 वर्ष का 14 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 17.53 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 03.04 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** गण्ड 19.56 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 17.53 बजे को समाप्त।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 06.49 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कुंभ | 08.35 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.08 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.19 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.17 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.46 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.58 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | तुला | 00.09 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.24 ब.से |
| | | धनु | 04.40 बजे से |

**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 20'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872589
**जूलियन दिन** 2461054.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 24
**विशेष** षटतीला एकादशी, मकर संक्रांति, पोंगल, उत्तरायण।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# उत्तराखंडी संस्कृति की रक्षा



संजय बलोदी 'प्रखर'
चर्चित स्तंभकार



दैनिक यशोभूमि गढ़वाली चिट्ठी-पत्री....

**दगड़्यों सिमन्या,**
धरती हमरा गढ़वाल- कुमांऊँ की कतगा रौतेली स्वाणी च !

उत्तराखंड का लोकप्रिय लोक गायक भैजी नरेंद्र सिंह नेगी कु यू गाणा जब भी कुई उत्तराखंडी सुँणद् वे कु जिकुड़ी मा रंगताड़ अर कुतगली हुण बैठ जांद !..एक ब्योली की मुखड़ी जन हमथैं उत्तराखंड कु स्वरुप दिखेण बैठ जांद !..किलै ..?

किलै की हमरी पछ्याँण हमरी जन्मस्थली च उत्तराखंड !

दगड़्यों पर यीं उत्तराखंडी ब्योली थै ..बार-बार टोकर लगणी रैंदी ,जै कारण यख की संस्कृति, रीति-रिवाज, जंगल, गाढ - गदना सब्यूं पर ग्रहण लगणू च !..आखिर कन्मा बचये जा अपणी पछ्याँण अर पित्तरों कु सम्मान ..?. दगड़्यों आज जतगा भी समस्या हमरा उत्तराखंड मा हुणि छिन मतलब हम समझणा छौ, वां मा हम ही लोग कै न कै रूप मा दोषी छौं



....वां हमरु भैर की तरफ पलायन अर भैर का लुखूं कु पहाड़ों क तरफ ऐकन बसण !..ज्यां से मूल उत्तराखंडियों की जनसंख्या लगातार कम हुणि च !.. यॉं का दगड़ा ही हम उत्तराखंडियों मा अपणा देवी-देवतों, घात-जयकार या आपसी मनमुटाव इतगा ज्यादा हुयीं च कि हम अपणी जमीन कै भैर वला मा बेच दीणा छों, पर अपणा भै भंदों थै नि बिचदा ! जन आजाद भारत से पैहली हिंदू राजाओं की आपसी फूट कु फायदा मुगलों अर अंग्रेजों न उठाई ऊनि आज उत्तराखंड कु दोहन अर फायदा गैर पहाड़ी उठाणा छिन ! मूल उत्तराखंडियों की कम जनसँख्या अर पलायन कु असर हर तरिकन हम पर पुडणु च ! सबसे पैहली जन भैर का लोग हमरा पहाड़ों पर बसणा छिन त उ अपणा दगड़ा दगड़ी अपणी संस्कृति, भाषा अर अपणा रीति रिवाज भी लेकन आणा छिन !

ज्यां से धीरे-धीरे हमरी संस्कृति अर रीति रिवाजों थै मनण अर मनाण वलों की कमी हुण से हमरी सभ्यता हर्चींण च !

दगड़्यों हमन धीरे-धीरे अपणा रामलीला, नाटक, कौथिग, म्याला, मंडाण अर त्योहारों थै मनाण एक खानापूर्ति बणे याल ! हमरा ढोल-दमाऊ, मशक बाज, रणसिंगार, हुड़की, छोलिया नृत्य जन कतगा ही बाद्य यंत्र हमरी परंपरा से हर्चणा छिन ! उंकु थोड़ा बोहत कखि इस्तेमाल कना छौ त सिर्फ दिखावा अर ठगाणा खुण !

भै-भैणों एक बात जरा ध्यान दीण वली च कि कै भी सभ्यता, संस्कृति, पछ्याँण या परम्परा थै जिंदूं रखण खुण अपणी बोली भाषा थै भी ज्युंदू रखण चैणू च ! अर यू तभी ज्युंदू रालू जब हम वांकु प्रयोग अपणी आम बोल चाल की भाषा मा करला !.. यू बड़ू दुर्भाग्य च हमरू कि देश का बड़ा-बड़ा शहर, मुंबई, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, यूपी या गुजरात जन कतगा ही राज्यों मा उत्तराखंडी भै-भैणा बड़ा प्रोग्राम अपणी बोली-भाषा का नाम पर अपणी खुद मिटाणा कु कर दिन



!..कतगा ही उत्तराखंडी कार्यक्रमों का मंच मा बड़ा-बड़ा नेता ...बड़ा-बड़ा भाषण अर उपदेश अपणी बोली भाषा अर संस्कृति थै बचाणु कू दिंदिन, पर दुर्भाग्य इन च कि 95 प्रतिशत यूँ ही लुखूं का संतान, रिश्तेदार या खुद भी वो अपणी उत्तराखंडी बोली बुना मा शरमाणा रंदिन ! अब बताओ मंचों पर त हम बड़ा-बड़ा भाषण अपणी बोली भाषा थै बढ़ाण का बारा मा दिंदों पर वास्तविकता मा अपणा ही नौनिहालों थै यू बताणा मा हिचकिचाणा रंदों कि अपणी बोली भाषा मा ब्वालो ! हमरी बोली भाषा न सिरफ हमथै आपस मा जुड़दीन बल्कि अपणा परंपरा अर रीति रिवाज बढाण अर जुडणक भी काम कर दिन ! इनि अपणी पछ्याँण थै बढाणा कु काम हमरा कौथिग, म्याला, लोक कला अर तीज भी करदिन ! इगास- बग्वाल ह वा या फिर हरेला, फूलदेई, घिया संक्रांद जन कतगा ही त्योहार हमरी संस्कृति कु कखि न कखि न सिरफ सरंक्षण कर दिन बल्कि ऐथर बढ़ाण कु काम भी कर दिन ! दगड़्यों एक बात इन च कि कखि न कखि हमरा आपसी मनमुटाव, क्षेत्रवाद भी हमथैं नुकसान पंहुचदिन ! .. अजकाल हमरा पहाड़ी समाज मा एक बड़ी समस्या या भी दिखणु कु मिलदी, अपणा लाइफ स्टाइल, पैसा पल्ला या संपत्ति का लोभ मा हम अपणी औलादों कू ब्यौ दूसरा समाज मा कैर दिंदों या फिर उंथै इतगा संस्कार दीण की कोशिश नि करदिन कि अपणा समाज मा ही ब्यो कन चैणु च ..! अजकाल बल उत्तराखंड मा (लव जिहाद) का मामला भी आण बैठ गिन ! ये सब बत्तों क कारण हमरा समाज की न सिरफ जनसँख्या कम हुणि च बल्कि ऐथर की पीढ़ी कु निर्बीजू हूणु च या बड़ी भारी समस्या च ! यीं बात पर हम सब्यूं थै ध्यान दीण प्वाड्लू !

आज का समय मा हम सब्युं थै भी चुनौती कु सामना मिलजुली कन करण प्वाडल ! हमथैं अपणा गौंव, गुठ्यार, कुड़ी -पुंगड़ी बचाण का दगड़ ही अपणी परम्परा अर रीतिरिवाज थै बचाण कु काम भी कन प्वाड़लू ! अगर हमरी संस्कृति बच्चीं रैली त हमरी पछ्याँण ज्युंदी रैली ! हमरी पछ्याँण ही हमरी परिभाषा च ! अर हमरी परिभाषा ही हमरी संस्कृति च !

**तुम्हरू प्रखर भैजी ,**
**जय बद्री - जय केदार!**

# रक्तहीन क्रांति के 105 साल

**भारत की आजादी के लिए हुए जन संघर्षों की विस्तृत श्रृंखला में 14 जनवरी, 1921 की तारीख को नहीं भुलाया जा सकता । इसी रोज उत्तराखंड की जनता ने अहिंसक सामूहिक प्रतिरोध के बूते न केवल सर्वशक्तिमान ब्रिटिश सत्ता को घुटनों के बल ला दिया, बल्कि पिछले लंबे समय से चली आ रही कुली-बेगार जैसी अमानुषिक कुप्रथा से मुक्ति पा ली थी। उत्तराखंड में कुली-बेगार उन्मूलन आंदोलन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भारत में प्रारंभ किए गए असहयोग आंदोलन के रूप में अभिव्यक्त हुआ और पूर्णतः सफल रहा। उत्तराखंड को गोरखा सैनिक शासन के जुल्मी शिकंजे से मुक्त करा कर अंग्रेजों ने 1815 में यहां अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था।**



ब्रिटिश राज कायम होने के बाद बेशक हरिद्वार का 'दास बाजार' धीरे-धीरे कमजोर पड़ा, लेकिन अंग्रेज यहां के पूर्ववर्ती राजाओं की भांति गांवों के प्रधानों/पटवारियों के माध्यम से इस क्षेत्र के काश्तकारों से कुलियों का काम अनवरत लेते रहे। 1815 में यहां ईष्ट इंडिया कंपनी और 1858 में ब्रिटिश शासनकाल में यह कुप्रथा उत्तराखंड के भोले-भाले ग्रामीण काश्तकारों के अपमान और शोषण का औजार बन गई थी। 1863 -73 के दसवें भूमि बंदोबस्त में जे.ओ.बी. बेकट ने बड़ी चालाकी से कुली-बेगार, कुली-उतार और कुली-बर्दायश को भूमि बंदोबस्ती इकरारनामों का हिस्सा बना दिया था।

कुली-बेगार कुप्रथा के तहत यहां के प्रत्येक जमींदार, हिस्सेदार और आसामी को सरकार ने कुली का दर्जा दिया था। जिनके पास भी काश्तकारी की जमीन हो, वे सभी कुली कहलाते थे। भूमिहीन इस कलंक से मुक्त थे। तब पहाड़ में भूमिधर होना सम्मान की नहीं बल्कि 'कुली' होने का अभिशाप था। यह कुख्यात कुली प्रथा तीन चरणों में विभक्त थी, जिसे कुली-उतार, कुली-बेगार और कुली- बर्दाश्त कहा जाता था। अंग्रेज साहबों के दौरों और सैर-सपाटों के वास्ते पटवारी कुलियों की मांग तथा कुली बर्दाश्त का रूक्का प्रधानों/थोकदारों को भेजते थे। कुली-उतार के तहत सरकारी आदेश पर लोगों को सामान ढोने के लिए गांव से उतर कर सड़क में बने पड़ावों में एकत्र होना पड़ता था। दौरे पर आने वाले पुलिस, प्रशासन, जंगलात विभाग एवं सेना के अधिकारियों, सैलानियों, सर्वे दलों और अंग्रेज काश्तकारों का सारा सामान, यहां तक कि कमोड, जूते और ऐसी सामग्री ढोने को मजबूर किया जाता था, जिससे यहां की धर्मभीरु जनता की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों। स्कूल, सड़कें, पुल, डाक बंगले और वन विभाग की चौकियां आदि सार्वजनिक उपयोग के निर्माण कार्य भी बेगार द्वारा कराए जाते थे। साहब लोगों के रहने के लिए मुफ्त में टेंट गाड़ना, पानी भरना, उनके जूठे बर्तन साफ करना, उनके घोड़ों के लिए घास और जलावन के लिए ईंधन की व्यवस्था करना आदि छोटे-मोटे काम कुली-बेगार कहलाते थे। जबकि कुली-बर्दाश्त कुप्रथा रसद से जुड़ी थी। इसके अंतर्गत साहब लोगों के दौरों के दौरान पटवारी गांव वालों से घास, लकड़ी, कोयला, अन्न, घी, दूध-दही, अंडा-मुर्गा, दालें, सब्जी, बर्तन और अन्य खाद्य सामग्री मुफ्त अथवा नाममात्र की कीमत पर लेते थे।

पहाड़ के प्रत्येक गांव में कुली रजिस्टर बनते थे, इन रजिस्टरों में 'कुलियों' के नाम कटते और जुड़ते रहते थे। हरेक गांव में कुलियों की संख्या निर्धारित थी। सरकारी आज्ञा पर इन्हें निर्धारित कुली पड़ावों में हर हालत में हाजिर होना पड़ता था। व्यक्तिगत अथवा पारिवारिक सुख-दुःख, प्रतिकूल मौसम और तीज-त्योहार, किसी भी परिस्थिति में कुली को बारी से छूट नहीं मिलती थी। बोझा नहीं ढोने वालों को अर्थदंड देना पड़ता था। अंग्रेज साहबों की सुविधा के लिए बेगारी देना उत्तराखंड के लोगों विशेषकर ग्रामीण काश्तकारों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी था। इस अमानुषिक कुप्रथा से संपूर्ण उत्तराखंड की जनता त्रस्त थी। अपमान सहने को विवश थी। उत्तराखंड में प्रचलित इस अमानुषिक व्यवस्था के विरुद्ध अतीत में अनेक बार विरोध के छुटपुट स्वर मुखरित होते रहे, लेकिन कोई बड़ा जनांदोलन खड़ा नहीं हो पाया था। 1913 में बदरी दत्त पाण्डे ने 'अल्मोड़ा अखबार' के संपादक का दायित्व संभाला। इसके बाद उन्होंने इस प्रथा के विरुद्ध लिखना शुरू किया। बदरी दत्त पाण्डे ने लाला चिरंजीलाल और लक्ष्मीदत्त त्रिपाठी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर इस कुप्रथा के विरुद्ध जन जागरण अभियान की शुरुआत की।

> कुली-बेगार कुप्रथा के तहत यहां के प्रत्येक जमींदार, हिस्सेदार और आसामी को सरकार ने कुली का दर्जा दिया था। जिनके पास भी काश्तकारी की जमीन हो, वे सभी कुली कहलाते थे। भूमिहीन इस कलंक से मुक्त थे। तब पहाड़ में भूमिधर होना सम्मान की नहीं बल्कि 'कुली' होने का अभिशाप था। यह कुख्यात कुली प्रथा तीन चरणों में विभक्त थी, जिसे कुली-उतार, कुली-बेगार और कुली- बर्दाश्त कहा जाता था। अंग्रेज साहबों के दौरों और सैर-सपाटों के वास्ते पटवारी कुलियों की मांग तथा कुली बर्दाश्त का रूक्का प्रधानों/ थोकदारों को भेजते थे। कुली-उतार के तहत सरकारी आदेश पर लोगों को सामान ढोने के लिए गांव से उतर कर सड़क में बने पड़ावों में एकत्र होना पड़ता था।

1904 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस प्रथा को नियम विरुद्ध और गैर कानूनी करार दिया। व्यवस्थापिका सभा में भी इस प्रथा के विरोध में प्रस्ताव पारित हुआ। बावजूद इसके तब उत्तराखंड में तैनात मनबढ़ अंग्रेज अधिकारियों ने इस व्यवस्था को कायम रखा। यही नहीं 1913 में अल्मोड़ा के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ने अल्मोड़ा शहरवासियों को भी कुली उतार देने के आदेश जारी कर दिए। बोझा नहीं ढोने वालों के ऊपर प्रतिवर्ष दो रुपया कुली-कर लगा दिया गया। रायबहादुर तारा दत्त गैरोला ने प्रांतीय कौंसिल में इस व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। इस विषय में ब्रिटिश पार्लियामेंट में भी चर्चा हुई। ब्रिटिश पार्लियामेंट में तत्कालीन भारत मंत्री ने यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया कि यह व्यवस्था अंग्रेजों ने कायम नहीं की है, इसलिए इसे हटाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। कालांतर में भारत मंत्री के इस वक्तव्य का उत्तराखंड की जनता ने ऐसा प्रतिउत्तर दिया, जिसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में कम ही पाई जाती है।

1916 में नैनीताल में कुमाऊं परिषद का गठन हुआ। तब कुमाऊं परिषद को 'कुमाऊं की कांग्रेस' कहा जाता था। इसी साल कुमाऊं परिषद का अल्मोड़ा में पहला अधिवेशन हुआ। इस अधिवेशन में कुली-बेगार कुप्रथा के विरोध में प्रस्ताव पास हुआ। इसके बाद गोविंद बल्लभ पन्त, हरगोविंद पन्त और बदरी दत्त पाण्डे ने कुली बेगार व्यवस्था के विरोध में गांव-गांव जन सभाएं करनी प्रारंभ कर दी। 1918 में कुमाऊं परिषद का हल्द्वानी में सम्मेलन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता रायबहादुर तारा दत्त गैरोला ने की। इस सम्मेलन में ब्रिटिश सरकार को दो साल के भीतर कुली-बेगार प्रथा को बंद करने का नोटिस देने का निर्णय लिया गया। ■ **यशोभूमि**

# मेजी की आग और पीठा की मिठास

## असम की सांस्कृतिक पहचान है माघ बिहू

**हर साल 14 जनवरी को जब देश के कई हिस्सों में मकर संक्रांति मनाई जाती है, उसी समय असम में माघ बिहू का पर्व भी मनाया जाता है। इस समय तक खेतों की फसल कट चुकी होती है और ठंड धीरे-धीरे कम होने लगती है। मेहनत के बाद लोगों के लिए यह खुशी मनाने का समय होता है।**

### क्यों खास है माघ बिहू

माघ बिहू असम के लोगों के जीवन से गहराई से जुड़ा पर्व है। पूरे साल खेतों में मेहनत करने के बाद यह त्योहार लोगों को थोड़ा रुकने और अपनी मेहनत का सुख महसूस करने का मौका देता है। इस दिन लोग प्रकृति और ईश्वर का धन्यवाद करते हैं।

माघ बिहू यह सिखाता है कि काम के साथ-साथ खुशी मनाना भी जरूरी है। इसलिए यह पर्व केवल एक घर तक सीमित नहीं रहता। गांव के सभी लोग मिलकर इसे मनाते हैं, एक साथ समय बिताते हैं और आपसी मेलजोल बढ़ाते हैं। यही कारण है कि माघ बिहू को सामूहिक आनंद का पर्व माना जाता है।



### उरुका की रात और मेजी की आग

माघ बिहू की शुरुआत उरुका की रात से होती है। यह रात पूरे उत्सव का खास हिस्सा मानी जाती है। इस दिन लोग खेतों या खुले स्थानों पर अस्थाई झोपड़ियां बनाते हैं, जिन्हें भेलाघर कहा जाता है। परिवार, दोस्त और पड़ोसी यहां एक साथ इकट्ठा होते हैं। सभी मिलकर खाना बनाते हैं, खाते हैं और आपस में बातें करते हैं।

### अगले दिन सुबह जलाई जाती है मेजी

ठंड के मौसम में एक साथ बैठना अपनापन और खुशी का एहसास कराता है। अगले दिन सुबह मेजी जलाई जाती है। यह आग पुराने समय की परेशानियों को पीछे छोड़ने और नए साल की अच्छी शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है। लोग अग्नि के सामने प्रार्थना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

### भोजन में बसता है उत्सव

माघ बिहू को भोगाली बिहू कहे जाने की सबसे बड़ी वजह इसके खास व्यंजन हैं। इस पर्व पर चावल से बने पीठा, लारू और तिल गुड़ से बनी मिठाइयां तैयार की जाती हैं। ये खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सर्दी के मौसम में शरीर को ताकत भी देते हैं।

माघ बिहू में सभी लोग मिलकर बैठ कर खाना खाते हैं। इस समय कोई अमीर या गरीब नहीं होता। सब एक साथ उत्सव का आनंद लेते हैं। यही मिल बैठ कर खाने की परंपरा माघ बिहू की असली पहचान मानी जाती है।

### परंपरा से आधुनिकता तक

आज के समय में भी माघ बिहू असम की संस्कृति को जीवित रखता है। शहरों में रहने वाले लोग भी इस पर्व पर अपने गांव जाने का प्रयास करते हैं, ताकि परिवार और परंपराओं से जुड़ सकें। बदलते समय के बीच माघ बिहू यह याद दिलाता है कि अपनी जड़ों को समझना और संभालना जरूरी है। यह पर्व बताता है कि जब लोग मिलकर रहते हैं, तो समाज मजबूत बनता है। माघ बिहू केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, मेहनत का महत्व और साथ मिलकर जीवन जीने की सीख देने वाला उत्सव है, जो असम की पहचान को आगे बढ़ाता है।

## आपका राशिफल 14 जनवरी

**मेष** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-3-5-7

**वृषभ** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** — संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-7

**सिंह** — अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। रुपए-पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** — पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**धनु** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-5-7

यशोभूमि आपकी चिट्ठी

## आवारा कुत्तों का आतंक

आपकी चिट्ठी के माध्यम से कल्याण-डोंबिवली मनपा का ध्यान कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी, प्रभुरामनगर, काटेमानेवली, विजयनगर व आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां आवारा कुत्तों के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात के समय ये फुटपाथ और नाकों पर झुंड में बैठे रहते हैं। उधर से गुजर रहे वाहन चालकों और नागरिकों पर टूट पड़ते हैं और काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर देते हैं, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। अतः मनपा के संबंधित अधिकारियों से अनुरोध है कि उक्त समस्या से तत्काल निजात दिलाएं। ■ **गौरव पाण्डेय,** विजयनगर



# खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को सुदृढ़ करना आवश्यक : वैष्णव

**यशोभूमि/भाषा**

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में आयोजित महत्वपूर्ण मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को

### महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में लिया हिस्सा



मजबूत एवं सुरक्षित बनाने के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। वैष्णव ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा सोमवार को आयोजित महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित बनाने पर वित्त मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि राष्ट्र अलगाव की बजाय विवेकपूर्ण जोखिम-निवारण उपायों को अपनाएंगे और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखलाओं में मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता को भलीभांति समझेंगे।

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका ने पहले से ही किए गए कार्यों एवं निवेशों के साथ-साथ मजबूत, सुरक्षित और विविध महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखला बनाने के लिए नियोजित कदमों को रेखांकित किया।

आपूर्ति शृंखलाओं के अत्यधिक केंद्रित एवं व्यवधान तथा हेरफेर के प्रति संवेदनशील होने के मद्देनजर मंत्री ने उपस्थित लोगों से अपनी आपूर्ति शृंखला का लचीलापन बढ़ाने का आग्रह किया और निर्णायक कार्रवाई एवं स्थायी समाधानों की दिशा में एक-दूसरे से सीखने और तेजी से काम करने की तत्परता के लिए उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

### भारत करेगा एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी

भारत 19-20 फरवरी को 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 की मेजबानी करेगा। यह 'लोग, ग्रह और प्रगति' के सिद्धांतों पर केंद्रित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फ्रांस एआई एक्शन समिट' में इस शिखर सम्मेलन की घोषणा की थी। यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन होगा। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

# तीसरे स्थान पर खिसका भारत

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा कच्चे तेल के आयात में भारी कटौती के बाद दिसंबर 2025 में रूस से इस ईंधन को खरीदने के मामले में भारत तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत द्वारा रूस से कुल हाइड्रोकार्बन आयात दिसंबर में 2.3 अरब यूरो रहा, जो पिछले महीने के 3.3 अरब यूरो से कम है। तुर्की भारत को पीछे छोड़ते हुए दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया, जिसने रूस से दिसंबर में 2.6 अरब यूरो के हाइड्रोकार्बन खरीदे। चीन शीर्ष खरीदार बना रहा, जिसकी रूस के शीर्ष पांच आयातकों से



होने वाली निर्यात आय में 48 प्रतिशत (छह अरब यूरो) की हिस्सेदारी रही। भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार था, जिसने दिसंबर में कुल 2.3 अरब यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया। इसके मुताबिक, भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 78 प्रतिशत थी, जो कुल 1.8 अरब यूरो रही।

# मुनाफावसूली के दबाव में फिसला शेयर बाजार ,250 अंक टूटा सेंसेक्स

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच मुनाफावसूली हावी रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 250 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 58 अंक की कमजोरी आई। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं से प्रभावित उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तिमाही नतीजों की कमजोर शुरुआत से भी बाजार धारणा दबाव में रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक

### शुरुआत से दबाव में रही बाजार धारणा



सूचकांक सेंसेक्स 250.48 अंक यानी 0.30 प्रतिशत गिरकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 615.38 अंक फिसलकर 83,262.79 के स्तर तक आ गया था। वहीं, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,732.30 अंक पर बंद हुआ।


**Government of Maharashtra**
**Maharashtra Prathmik Shikshan Parishad,**
**Samagra Shiksha, Mumbai**
**E-Tender Notice No. - 04 Year 2025-26**

**Name of Work:- 1. Development of play ground at various schools in Maharashtra under PMSHRI Projects.**

State Project Director, Samagra Shiksha, Mumbai is inviting online tender for above Construction of Hostel buildings.

| | |
|---|---|
| Tender Publish | 13/01/2026 from 14:00 Hrs. |
| Tender sale & Acceptance | 13/01/2026 from 14:00 Hrs. to 22/01/2026 upto 17:00 Hrs. |
| Pre Bid Meeting | 16/01/2026 at 11.00 Hrs. |
| Submission of Hard Copy of Technical Documents (Offline) | 22/01/2026 from 17:00 Hrs. to 24/01/2026 upto 17:00 Hrs. |
| Tender Opening | 23/01/2026 at 17:30 Hrs |
| Tender Download | Tender can be download from this website www.mahatender.gov.in Corrigendum/explanation/ Extension will be upload at above website and it cannot be displayed on any other media. Tenderer may be alert and visit the website regularly. |

| | |
|---|---|
| **Note:-** | If any changes in RFP it will be published on website of www.mahatender.gov.in. |

**Sd/-**
**State Project Director,**
**Maharashtra Prathmik Shikshan Parishad, Mumbai**

डीजीआयपीआर/२०२५-२०२६/क्र.५/C-५१५६


# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे गिरकर 90.21 पर बंद

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत अमेरिकी मुद्रा और विदेशी कोषों की लगातार निकासी के दबाव में मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे गिरकर 90.21 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर शेयर बाजारों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.24 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.30 के निचले स्तर तक फिसल गया। कारोबार के अंत में भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 90.21 (अस्थायी) पर बंद हुई जो पिछले बंद भाव से चार पैसे कम है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसा मजबूत होकर 90.17 पर बंद हुआ था। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के बीच रुपया गिरा है। घरेलू बाजारों में कमजोरी, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी रुपये पर दबाव डाला।

# ट्रंप के 25% शुल्क लगाने की घोषणा से निर्यातक चिंतित

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद निर्यातक सतर्क हैं। निर्यातकों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क के प्रभाव

### ईरान के साथ व्यापार करने पर लगेगा शुल्क

का आकलन ट्रंप प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद ही किया जा सकेगा। भारतीय निर्यातक पहले से 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ अपने व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा।

यह एक ऐसा कदम जो भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे ईरान के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों को प्रभावित कर सकता है।

निर्यातकों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस' (फियो) ने मंगलवार को कहा कि घरेलू कंपनियां ईरान के साथ व्यापार से संबंधित सभी प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही हैं। हालांकि ट्रंप की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों को 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा पर स्पष्ट जानकारी मिलने पर ही इस चेतावनी के प्रभाव का आकलन संभव हो पाएगा।



### भारत-ईरान मजबूत कर रहे हैं संबंध

भारत-ईरान संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू चाबहार बंदरगाह का संयुक्त विकास है। ऊर्जा से भरपूर ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इस बंदरगाह का विकास भारत और ईरान द्वारा संपर्क एवं व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। भारत का ईरान को माल निर्यात 2024-25 में 1.55 प्रतिशत बढ़कर 1.24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि आयात 29.32 प्रतिशत घटकर 44.183 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया।




## संक्षिप्त समाचार

### ग्यारह करोड़ मूल्य की हेरोइन बरामद

यशोभूमि/एजेंसी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्करों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर असम पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमीनगांव इलाके से दो वाहनों को रोककर भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। यह खेप पड़ोसी राज्य से होकर असम के रास्ते ले जाई जा रही थी। पुलिस के अनुसार, एक थार वाहन (एएस-23एडी-6626) और एक मारुति जिम्नी वाहन (एएस-01जीएन-7404) को अमीनगांव में रोका गया। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों में बने गुप्त चैंबर से कुल 97 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद की गई।

### 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों...

पृष्ठ 1 का शेष... संहिता लागू हो गई है। ये चुनाव 12 जिलों की जिला परिषदों और उनसे संबंधित 125 पंचायत समितियों में होंगे, जिनके लिए लगभग 25,482 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। एसईसी आयुक्त ने बताया कि मतदान पांच फरवरी को सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक होगा। मतगणना सात फरवरी को होगी। वाघमारे ने कहा कि इन चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा एक जुलाई, 2025 तक तैयार की गई मतदाता सूची का इस्तेमाल किया जाएगा। नियमों के अनुसार, मतदाता सूचियों को जिला परिषद और पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कर दिया गया है, और इस स्तर पर नाम जोड़े या हटाए नहीं जा सकते हैं। मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल होगा।

### सड़क दुर्घटना में पीएचडी छात्र की मौत

यशोभूमि/भाषा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) परिसर में एक स्कूटर के डिवाइडर से टकरा जाने से उस पर सवार पीएचडी के एक छात्र की मौत हो गई और एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक बयान में दी गई। बयान के अनुसार, यह दुर्घटना सोमवार रात करीब 11.20 बजे हुई। हादसे के बाद कोलकाता निवासी दोनों छात्रों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनमें से एक की मौत हो गई। बयान के मुताबिक, मृतक की पहचान शंखशुभ्र चक्रवर्ती के रूप में हुई है, जबकि घायल छात्र का नाम शक्ति सागर श्रीवास्तव है। संस्थान द्वारा जारी बयान के अनुसार, मोड़ के पास स्कूटर सवार का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन डिवाइडर से टकरा गया।

### पी.आयशा पोट्टी कांग्रेस में शामिल

यशोभूमि/एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेता एवं कोट्टारक्कारा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुकीं पी. आयशा पोट्टी मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सन्नी जोसेफ ने यहां आयोजित धरना-प्रदर्शन स्थल पर पोट्टी को औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष सतीशन के साथ हुई बैठक में अपनी मांगें माने जाने के बाद पोट्टी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला लिया।

### कबिंद्र पुरकायस्थ को सरमा ने दी श्रद्धांजलि

यशोभूमि/भाषा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबिंद्र पुरकायस्थ को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। पुरकायस्थ का सात जनवरी को 94 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण सिलचर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में निधन हो गया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने सिलचर स्थित स्वर्गीय कबींद्र पुरकायस्थ के निवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा-शिवसेना गठबंधन की जीत पर कोई संदेह नहीं

## मुख्यमंत्री ने मोटरसाइकिल पर एक रोड शो का किया नेतृत्व

### सिर्फ खोखली बातें करते हैं विपक्षी दल

यशोभूमि/भाषा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शिवसेना गठबंधन नागपुर महानगर पालिका में सत्ता में आएगा और उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास शहर को देने के लिए कुछ भी नहीं है। नगर निकाय चुनाव के तहत प्रचार अभियान के अंतिम दिन फडणवीस ने महल क्षेत्र में भारत माता चौक से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक मोटरसाइकिल पर एक रोड शो का नेतृत्व किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में भाजपा-शिवसेना गठबंधन अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नागपुर महानगर पालिका और मुंबई तथा महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों के नगर निकायों में जीत दर्ज कर केसरिया झंडा फहराएगा। उन्होंने कहा कि



भाजपा ने विकास करते हुए नागपुर को कैसे बदल दिया ये शहर के लोगों ने देखा है और साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दल सिर्फ खोखली बातें करते हैं और उनके पास देने के लिए कुछ भी नहीं है। नागपुर महानगर पालिका की 151 सीट के लिए चुनाव 15 जनवरी को होंगे और यहां भाजपा 143 सीट पर मैदान में उतरी है, जबकि शिवसेना ने आठ सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

### 16 जनवरी के बाद होगा भुगतान :फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के निर्देश का पालन करते हुए पात्र महिलाओं के लिए 'लाडकी बहिन योजना' के तहत जनवरी की किस्त अग्रिम रूप से जारी नहीं करेगी। पुणे में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब तक 'लाडकी बहिन योजना' के तहत प्रमुख त्योहारों के दौरान गरीब महिलाओं को अग्रिम किस्त दी जाती थी, लेकिन इस योजना के तहत मासिक भत्ता (1,500 रुपये) अब 16 जनवरी के बाद उनके खातों में जमा किया जाएगा। राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव की मतगणना 16 जनवरी को होगी।

सोमवार को एसईसी ने राज्य में 29 महानगरपालिकाओं के 15 जनवरी को होने वाले चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता के लागू होने का हवाला देते हुए सरकार को योजना के तहत जनवरी की किस्त (1,500 रुपये) अग्रिम रूप से जारी करने से रोक दिया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नजफगढ़-नांगलोई सड़क का किया उद्घाटन

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा ने नांगलोई-नजफगढ़ सड़क पर सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग के



### कहा- विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

पूरा होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल के द्वारा दिल्ली ग्रामोदय योजना की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र की सड़कों पर महत्वपूर्ण कार्य आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए बड़े बजट की आवश्यकता थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी।

इस परियोजना से पश्चिमी दिल्ली के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कई वर्षों से यह क्षेत्र ट्रैफिक जाम, ड्रेन ओवरफ्लो और बारिश में सड़कों पर पानी भरने की समस्या से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत और उत्तर पश्चिम दिल्ली से लोकसभा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर समर्थन और जनहित के प्रति चिंता के कारण ही यह बड़ी परियोजना साकार हो सकी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से विकास कार्यों को गति मिलती है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस सड़क का निर्माण लंबे समय से लंबित था। जो सड़कें कई सालों से टूटी थी दिल्ली सरकार ने कई सड़कों का काम लिया और टेंडर करके आज काम शुरू हो रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि सांसद के रूप में अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में वह इस सड़क का निर्माण नहीं करवा सके, क्योंकि यह दिल्ली सरकार के अधीन थी और पूर्व प्रशासन के दौरान इस पर काम नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ये सड़कें ऐसी हैं जहां से लाखों गाड़ियां निकलती हैं और धूल उड़ती है।

### हर सड़क पर 5 साल की रखी है गारंटी

दिल्ली सरकार ने कहा है कि जल्द ही सड़कों की मरम्मत करके नया बनाया जाएगा। हर सड़क पर 5 साल की गारंटी रखी है। अगर 5 साल में सड़क दोबारा से टूटती है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मिलकर नजफगढ़-नांगलोई रोड की नींव रखी है।

# 'तमिलों की आवाज दबाने' में कामयाब नहीं होंगे मोदी

पृष्ठ 1 का शेष... को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। इस अंतरिम आदेश में एकल न्यायाधीश के उस निर्देश पर रोक लगा दी गई थी जिसमें फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की मंजूरी देने का आदेश दिया गया था। मद्रास उच्च न्यायालय के इस फैसले से राजनीतिक पहलुओं को लेकर चर्चा में रही इस फिल्म का भविष्य अधर में लटक गया है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की जन नायकन को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, मिस्टर मोदी, आप तमिल लोगों की आवाज दबाने में कभी कामयाब नहीं



होंगे। केवीएन प्रोडक्शंस एलएलपी ने पिछले शुक्रवार को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के आदेश के खिलाफ अपील की है। विजय ने कुछ महीने पहले अपना राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) बनाया है और 'जन नायकन' को विजय के राजनीति में पूरी तरह से प्रवेश से पहले उनकी आखिरी फिल्म के तौर पर बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है।

# गोदाम में आग लगने से दो लोगों की जलकर मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के रानी बाग इलाके में सोमवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आए एक गोदाम और आसपास की झुग्गियों में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हो गई, जबकि गोदाम में रखा लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को पूरी रात मशक्कत करनी पड़ी। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे ओल्ड पीतमपुरा गांव से आग लगने की



सूचना मिली। आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते गोदाम के साथ-साथ पास की झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। भीषण आग के कारण अंदर फंसे दो लोग बाहर नहीं निकल सके। बाद में उनकी जली हुई लाशें बरामद की गईं। मृतकों की पहचान वीरेश और सतीश के रूप में हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भगवान महावीर अस्पताल भेजा गया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आग इतनी भयावह थी कि लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### लाखों रुपए का सामान जलकर राख

दमकल कर्मियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान पूरी तरह जल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही हैं। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# पोंगल उपहार देगी पुडुचेरी सरकार

यशोभूमि/भाषा

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत आने वाले 3.47 लाख परिवारों को तत्काल प्रभाव से पोंगल उपहार के रूप में 3,000 रुपये दिए जाएंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग को निर्देश दिया है कि यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा कराई जाए। यह नकद सहायता पीडीएस कार्डधारकों को राशन दुकानों के माध्यम से दिए जाने वाले 750 रुपये मूल्य के मुफ्त पोंगल सामग्री पैकेट के अतिरिक्त होगी।

# महापौर पद के लिए नंबर कोई पैमाना नहीं होगा, साथियों को साथ लेकर चलेंगे

पृष्ठ 1 का शेष... उन्होंने यह भी साफ किया कि जिला परिषद चुनाव में कार्यकर्ताओं को मौका देने के लिए वह महायुति पर जोर नहीं देंगे। महाराष्ट्र में मनपा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने वर्षा बंगले में दिल खोलकर बातचीत की। उन्होंने प्रचार के दौरान मिले अनुभव और नतीजों के बाद की स्थिति पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भले ही हम कई जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन महायुति में शामिल सहयोगियों ने प्रचार के दौरान एक-दूसरे की आलोचना कटु शब्दों में नहीं करने का फैसला किया था। यह कहते हुए कि अजित पवार ने पुणे में बिना रोक-टोक के आलोचना की, लेकिन मैंने कहीं भी संतुलन बिगड़ने नहीं दिया। फडणवीस ने कहा कि नवी मुंबई में गणेश नाइक द्वारा एकनाथ शिंदे की आलोचना गलत थी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वहां इन दोनों नेताओं के बीच टकराव का एक अलग पहलू भी है। उन्होंने कहा कि भले ही हम एक-दूसरे के खिलाफ लड़े, लेकिन नतीजों के बाद हमारी भूमिका सबको साथ लेकर चलने की होगी। इस चुनाव में बहुत ही निचले स्तर का प्रचार किया गया, कई गलत बयान दिए, इसका क्या असर होगा? यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम कभी इस स्तर तक नहीं पहुंचे। विकास के काम हमारे प्रचार का केंद्र रहे। मुंबई के बाहर हम सिर्फ विकास के मुद्दे पर बात कर रहे थे। हालांकि, मुंबई में उन्होंने साफ किया कि उनके प्रोपैगेंडा का जवाब देना जरूरी था। एक बार चुनाव का माहौल बन जाए, तो ऐसे बयानों से वह नहीं बदलता। फडणवीस ने भरोसा जताया कि मुंबई में महायुति के पक्ष में माहौल बन गया है, इसलिए हम जरूर सत्ता में आएंगे।

### दोनों पवार एक साथ आएंगे ,ऐसा लगता नहीं

क्या आपको लगता है कि अजित पवार और शरद पवार एक साथ आएंगे? इस सवाल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, हमें ऐसा नहीं लगता क्योंकि वे 29 में से केवल एक या दो मनपाओं में एक साथ लड़ रहे हैं और हम उन्हें एक साथ लाने के लिए कोई प्रयास नहीं करेंगे क्योंकि 2019 का अनुभव बेहद खराब है। बेशक, अगर वे भविष्य में एक साथ आते हैं, तो हम तय करेंगे कि तब क्या भूमिका निभानी है। इस बीच, फड़नवीस ने यह भी कहा कि मुंबई मनपा में सत्ता में आने के बाद वे प्रशासन में आमूल-चूल बदलाव करेंगे और अधिक पारदर्शिता लाएंगे।

# दिल्ली से उप्र तक फैला साइबर ठगी गिरोह ध्वस्त, आठ आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली से मुरादाबाद और बरेली (उप्र) तक फैले एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से

### सोशल मीडिया और तकनीकी निगरानी से खुला नेटवर्क

4.70 लाख रुपये नकद, 14 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड और 7 बैंक डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। जांच में कुल 85 म्यूल बैंक खातों का पता चला है, जिनसे जुड़े देशभर में 600 से अधिक एनसीआरपी शिकायतें सामने आई हैं। अब तक करीब 15 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हो चुका है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पांडव नगर थाने में दर्ज साइबर ठगी के एक मामले की जांच के दौरान की गई। तमिलनाडु की एक महिला पीड़िता की शिकायत पर एक म्यूल बैंक खाते की जानकारी मिली थी, जिसमें धोखाधड़ी से रकम ट्रांसफर की गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी मोहम्मद वसीम के नाम पर कई बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी के लिए किया जा रहा था। इसके बाद मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस अधिकारी के अनुसार जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने बैंक खातों, इंटरनेट बैंकिंग लॉग, आईपी एड्रेस और मोबाइल डिवाइस का गहन विश्लेषण किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए म्यूल बैंक खातों, लॉग-इन आईडी, पासवर्ड, एपीके फाइल और क्रिप्टो वॉलेट आईडी साझा करते थे।

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

यशोभूमि/एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में आम आदमी पार्टी (आआपा) प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एम.आर. मेंगदे ने मंगलवार, 13 जनवरी को यह आदेश सुनाते हुए

### आदेश की विस्तृत प्रति आना फिलहाल है बाकी

कहा कि याचिका खारिज की जाती है। फिलहाल आदेश की विस्तृत प्रति आना बाकी है। अदालत ने इस मामले में अपना फैसला पिछले महीने सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने अहमदाबाद सिटी सेशंस अदालत के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मनीष प्रद्युम्न पुरोहित के 15 दिसंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में सत्र अदालत ने दंडाधिकारी न्यायालय के 23 सितंबर 2023 के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपियों के ट्रायल को अलग करने की केजरीवाल की मांग को खारिज कर दिया था। केजरीवाल का तर्क था कि उनके और संजय सिंह के खिलाफ लगे आरोप अलग-अलग घटनाओं से जुड़े हैं, इसलिए दोनों पर एक साथ मुकदमा चलाना न्यायसंगत नहीं है।



### क्या है पूरा मामला?

अरविंद केजरीवाल ने 01 अप्रैल 2023 को और संजय सिंह ने 2 अप्रैल 2023 को अलग-अलग प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री को लेकर टिप्पणी की थी। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय ने अहमदाबाद की दंडाधिकारी अदालत में दोनों नेताओं के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था, जिस पर अदालत ने समन जारी किए थे। फरवरी 2024 में गुजरात उच्च न्यायालय ने दंडाधिकारी न्यायालय के जारी समन को सही ठहराने वाले सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल और संजय सिंह की याचिकाएं भी खारिज कर दी थीं।

# उप महापौर ने गिरधर लाल अस्पताल का किया निरीक्षण

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने मंगलवार को अजमेरी गेट

### साफ सफाई की व्यवस्था और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

स्थित गिरधर लाल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उप महापौर ने अस्पताल परिसर में



संचालित आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के डॉक्टर भी मौजूद रहे। उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि अस्पताल की डिस्पेंसरी में दवाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने रोगियों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया जिसमें रोगियों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर संतुष्टि जाहिर की। उप महापौर ने कहा कि निगम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के आने के बाद सभी कर्मचारियों का वेतन माह की पहली तारीख को जारी कर दिया जाता है।

# श्रीलंका की नौसेना ने रामेश्वरम के 10 मछुआरों को हिरासत में लिया

यशोभूमि/एजेंसी

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने रामेश्वरम के 10 मछुआरों को हिरासत में लिया है। इस दौरान एक मछली पकड़ने वाली नाव को पकड़ा है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के मछुआरों को सीमा पार मछली

### घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग

पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जाना और उनकी नौकाओं को जब्त कर सरकारी संपत्ति घोषित किए जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे मछुआरों की आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इसी क्रम में, नेदुनथीवु (क्षेत्र में सीमा पार मछली पकड़ने के आरोप



में रामेश्वरम के 10 मछुआरों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि मछुआरों को जाफना मत्स्य विभाग के अधिकारियों के समक्ष पेश किया जाएगा। मछुआरों की गिरफ्तारी से उनके परिवारों और मछुआरा समुदाय में आक्रोश फैल गया है। आरोप लगाया गया है कि श्रीलंकाई नौसेना ने अतिक्रमण करते हुए कार्रवाई की है, और मछुआरों की तत्काल रिहाई की मांग की जा रही है। श्रीलंकाई नौसेना गिरफ्तार मछुआरों से पूछताछ कर रही है। मछुआरों ने केंद्र और राज्य सरकारों से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# वडोदरा में दिखा वसुधैव कुटुंबकम का नजारा

## अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 : पतंगबाजों ने दिखाए शानदार करतब

यशोभूमि/भाषा

**वडोदरा।** वडोदरा के आसमान में मंगलवार को उत्सव के रंग छा गए। गुजरात टूरिज्म, जिला प्रशासन और वडोदरा महानगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव- 2026 में देश-विदेश

### कार्यक्रम में 20 से ज्यादा विदेशी मेहमानों ने की शिरकत

से आए 160 से अधिक पतंगबाजों ने रंग-बिरंगी और अनोखी पतंगों के साथ शानदार करतब दिखाए। इस दौरान वसुधैव कुटुंबकम का नजारा देखने को मिला। कई देशों और राज्यों के पतंगबाजों की मौजूदगी से पूरा माहौल उत्सवमय हो गया, जिसे



देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उमड़े। अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में देश-विदेश के पतंगबाजों ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया, यूके, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड सहित कई देशों के पतंगबाजों ने अनोखे डिजाइन और विभिन्न आकृतियों की पतंगें उड़ाईं। वहीं, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के पतंगबाजों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मेहमानों के लिए ऊंझा जलेबी की विशेष व्यवस्था की गई, जिसने इस उत्सव को और भी यादगार बना दिया।

वडोदरा के सांसद डा. हेमांग जोशी ने कहा कि आज वडोदरा के अंदर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन बहुत ही जोरशोर से हो रहा है। इस कार्यक्रम में 20 से ज्यादा देशों के विदेशी मेहमानों ने शिरकत की है।

### राज्य सरकार का व्यक्त किया आभार

विदेशों के साथ-साथ भारत के आठ राज्यों से लोग यहां आए हुए हैं। वडोदरा की जनता के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बाहरी लोग भी योगदान दे रहे हैं। हम इस कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। वडोदरा की जनता बहुत ही जिम्मेदार है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### फसल के लिए रतजगा कर रहे हैं किसान

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** मछलीशहर तहसील क्षेत्र के किसानों की गेहूं की फसल पर नीलगाय आफत बने हुए हैं। किसान रतजगा कर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे हैं। बसुही नदी किनारे बसे भटेवरा, बामी, ऊंचडीह, अदारी, कठार, सेमरहो, रामगढ़, तिलौरा, अलापुर के किसान शाम होते ही टार्च और लाठी लेकर गेहूं के खेतों की ओर कूच कर जाते हैं और रात के दस-ग्यारह बजे तक नदी किनारे ही अलाव जलाकर तापते रहते हैं। क्षेत्र के किसान नीलगायों से परेशान हैं। बामी गांव के किसान शैलेन्द्र बताते हैं कि नीलगाय जितना गेहूं की फसल को चरते नहीं हैं, उससे ज्यादा सींचे गये खेतों में पैरों से कुचलकर गेहूं की फसल तहस-नहस कर रहे हैं।

### शीतलहर जारी रहने की है संभावना

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** जिले में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। जिले में अभी भी शीतलहर जारी रहने की संभावना है, जबकि दूरदराज के क्षेत्रों में कोहरा भी देखा गया। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक 110 रिकॉर्ड किया गया है, जिसे संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक माना जाता है। पिछले तीन दिनों से निकल रही धूप से सरसों की फसल को लाभ मिल रहा है, जिससे उपज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, किसानों के अनुसार, गेहूं की अच्छी उपज के लिए अभी भी ठंड की आवश्यकता है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। ट्रैक से मृतक का शव हटाने के बाद ट्रेन आगे बढ़ी। प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस जैसे ही भदरी रेलवे स्टेशन से कुंडा की ओर बढ़ी। बाबूगंज अंडर बाईपास के पास करीब 35 वर्षीय युवक निवासी कुंडा अरबाज खान पुत्र रियाज अहमद ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वंदे भारत तो आगे निकल गई, लेकिन पीछे आ रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को भदरी में रोक दिया गया। खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंची, रेलवे ट्रैक से शव को हटवाया तो भदरी से इंटरसिटी एक्सप्रेस आगे बढ़ी।

### ट्रैक्टर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी।** कोखराज इलाके के टेंगाई जलालपुर निवासी रामकिशुन पुत्र हीरालाल का ट्रैक्टर गैरेज से चोरी कर लिया गया था। मामले में दूसरे दिन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ था। पुलिस ने शहजादपुर स्थित दुर्गा भाभी सेतु के समीप से आरोपी बैकुंठ द्विवेदी उर्फ पुद्दी पुत्र स्व. राधेश्याम निवासी लोहड़ा थाना गुरुबक्सगंज जिला रायबरेली को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ट्रैक्टर के पाट्र्स को निकालकर बेच दिया था। बाकी बचा लोहा गला दिया था। इससे मिले रुपये आपस में बांट लिए गए थे। आरोपी के पास से खर्च के बाद बचा हुआ 3770 रुपया भी बरामद किया गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के मम्फोर्डगंज त्रिपाठी चौराहे के पास मंगलवार को सेना के ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि हादसे में नगर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सादियाबाद बघाड़ा निवासी शिवशंकर की 24 वर्षीय पुत्री आस्था की मौत हुई है। परिवार के लोगों ने बताया कि वह वर्तमान में एक प्राइवेट संस्थान में काम करती थी और रज्जू भैया विश्वविद्यालय से एलएलबी की छात्रा थी।

# धारदार हथियार से प्रहार कर सौतेली मां और भाई की हत्या

**यशोभूमि / भाषा**

**मिर्जापुर।** जिले के मड़िहान इलाके में मंगलवार तड़के एक सनसनीखेज वारदात में एक युवक ने अपनी सौतेली मां और भाई की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी

**आरोपी ने शवों को ठिकाने लगाने की भी की कोशिश**

**राहगीरों की सतर्कता से उजागर हो गया मामला**

दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने दोनों शवों को ठिकाने लगाने की भी कोशिश की, लेकिन राहगीरों की सतर्कता से मामला उजागर हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मड़िहान बाजार इलाके में राहुल गुप्ता नामक युवक ने अपनी सौतेली मां ऊषा (55) और उसके बेटे आयुष गुप्ता (30) की मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि



सुबह किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी के दौरान राहुल ने अपने सौतेले भाई आयुष पर चाकू से हमला कर दिया। उसकी मां ऊषा ने जब उसे बचाने की कोशिश की, तो राहुल ने उस पर भी चाकू से वार कर दिये। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने दोनों शवों को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर कहीं ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में आयुष का शव मड़िहान तिराहे पर गिर गया, जिसकी जानकारी राहुल को नहीं हो सकी। इसके बाद राहुल ने ऊषा का शव पटेवार मड़िहान नहर में फेंक दिया। लौटते समय आरोपी जब सड़क पर गिरे आयुष के शव को चादर से ढकने लगा, तो वहां मौजूद दो राहगीरों ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे राहुल को गिरफ्तार कर लिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया।

**आपसी कहासुनी के बाद दिया घटना को अंजाम**

अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सुबह किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी के दौरान राहुल ने अपने सौतेले भाई आयुष पर चाकू से हमला कर दिया। उसकी मां ऊषा ने जब उसे बचाने की कोशिश की, तो राहुल ने उस पर भी चाकू से वार कर दिये। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने दोनों शवों को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर कहीं ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में आयुष का शव मड़िहान तिराहे पर गिर गया, जिसकी जानकारी राहुल को नहीं हो सकी। इसके बाद राहुल ने ऊषा का शव पटेवार मड़िहान नहर में फेंक दिया।

# वाराणसी: चार दिनों की धूप के बाद भी धर्मनगरी में ठंड का कहर है जारी

**यशोभूमि / एजेंसी**

**वाराणसी।** चार दिन से बढ़ते तापमान और तेज धूप से काशीवासियों को महसूस हो रहा है कि ठंड की हवा ही निकल चुकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। चार दिनों की धूप के बाद भी ठंड का कहर जारी है। शाम ढलते

**फिर शुरू हो सकता है बर्फीली हवाओं का दौर**

**कोहरे का यलो अलर्ट भी किया गया है जारी**

ही गलन शुरू हो जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 15 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालय की ओर आ रहा है। ऐसे में बर्फीली हवाओं का दौर फिर से शुरू हो सकता है। वहीं अगले दो दिन तक कोहरे का यलो अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। इस पूरी जनवरी तापमान में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। चार दिन पहले वाराणसी का जो अधिकतम पारा 11 डिग्री तक था, वो अब बढ़कर 24 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक भी तापमान के इस तीव्र उतार-चढ़ाव को देख हैरान हैं। इस साल जनवरी के 12 दिनों में



वाराणसी के तापमान के ग्राफ में तेजी से उतार-चढ़ाव देखे गए। मात्र 6-7 घंटे में तापमान 10-12 डिग्री तक ऊपर-नीचे हुआ है। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तापमान में गिरावट के चलते प्रदेश में रात के समय शीतलहर और पाले की संभावना बढ़ गई है।

**तापमान में देखने को मिल सकते हैं बड़े बदलाव**

इस पूरी जनवरी तापमान में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। चार दिन पहले वाराणसी का जो अधिकतम पारा 11 डिग्री तक था, वो अब बढ़कर 24 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक भी तापमान के इस तीव्र उतार-चढ़ाव को देख हैरान हैं। इस साल जनवरी के 12 दिनों में वाराणसी के तापमान के ग्राफ में तेजी से उतार-चढ़ाव देखे गए। मात्र 6-7 घंटे में तापमान 10-12 डिग्री तक ऊपर-नीचे हुआ है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तापमान में गिरावट के चलते प्रदेश में रात के समय शीतलहर और पाले की संभावना बढ़ गई है।

## शिक्षा विभाग की बैठक में न आना लापरवाह बीईओ को पड़ा भारी

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बलिया।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में गैरहाजिर होने पर नाराजगी जताते हुए कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने वाले खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र का वेतन रोकने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सदर के बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने अनुशासनहीनता और कार्यों में उदासीनता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र का वेतन रोकने के निर्देश जारी किया। सीडीओ ने समग्र शिक्षा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं और शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की। शासन की प्राथमिकता वाले सीएम डैशबोर्ड के बिंदुओं की समीक्षा करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर्स की संतृप्ति की स्थिति जांची। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मानकों को समयबद्ध



तरीके से पूर्ण किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने निर्देशित किया कि 16 जनवरी को स्कूल खुलने से पहले जनपद के सभी विद्यालयों में व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा बिना स्कूल ड्रेस, जूते और स्वेटर के विद्यालय न आए। इसके लिए डीबीटी की स्थिति की भी समीक्षा की। छात्रों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के जिन विद्यालयों में जर्जर कमरे हैं, उन्हें चिन्हित कर समिति द्वारा मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

**सीडीओ ने दिए वेतन रोकने के निर्देश**

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के धरौरा गांव में क्लीनिक के बाहर खड़े युवक की तेज रफ्तार मैजिक पिकअप की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। दुर्घटना होते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कोतवाली क्षेत्र के सरौनी गांव निवासी 24 वर्षीय सत्यम यादव पुत्र वीरेंद्र यादव धरौरा स्थित अपने क्लीनिक पर गया था। वह क्लीनिक के बाहर खड़ा था, तभी जौनपुर से केराकत की ओर आ रही अनियंत्रित मैजिक पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

## पांच आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मऊ।** जिले की गैंगस्टर न्यायालय ने मंगलवार को आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त गिरोह के पांच आरोपियों की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया। न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर

**गिरोह के साथ मिलकर हत्या का है आरोप**

कोर्ट के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार वत्स ने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों में अभियुक्तगणों की ओर से दाखिल जमानत याचिका निरस्त कर दी। आरोप है कि अभियुक्तगण अवैध रूप से संगठित गिरोह बनाकर अनुचित साधनों का प्रयोग करके अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हत्या, मारपीट और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होकर गंभीर अपराध करते हैं। गिरोह





की जानकारी प्राप्त होने पर उन पर नियंत्रण के लिए कोतवाली पुलिस ने इस गैंग के सरगना और सदस्यों के विरुद्ध नियमानुसार गैंगस्टर तैयार कर उसके अनुमोदन के पश्चात इनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। उक्त अपराध में अभियुक्तगण रोहित सोनकर, रितेश सोनकर, हिमांशु, आकाश व सचिन सोनकर ने जमानत के लिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलों को सुना और अभियोजन पपत्र के अवलोकन के बाद आरोपियों की जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया।

## 15 को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**यशोभूमि / एजेंसी**

**वाराणसी।** धर्म नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति पर्व पर 15 जनवरी गुरूवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पर्व पर सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को दी। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में 14 जनवरी (बुधवार) को घोषित (स्थानीय) अवकाश निरस्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी के अनुसार निर्बन्धित अवकाश की सूची में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया था। शासन स्तर पर विचारोपरान्त मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## तालाब में उतराया मिला लापता युवक का शव

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र स्थित गांव के एक तालाब में मंगलवार को 10 दिन से लापता एक युवक का शव उतराया हुआ

**लोगों ने शव देख पुलिस को दी जानकारी**

मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि मड़िहान थाना क्षेत्र स्थित जमुई गांव के मजरा उत्तरपुर में मंगलवार को तालाब में एक युवक का शव उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और मृतक की पहचान सोम गौतम (23) के रूप में की। मामले की जानकारी पर मृतक परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गये। घटना के संबंध में परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोम 3 जनवरी की सुबह अचानक घर से लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कही कुछ भी पता नहीं चला तो उसके पिता



राधेश्याम गौतम बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए मड़िहान थाना पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि उस समय पुलिस ने बेटे को रिश्तेदारी और नातेदारों में खोजने की सलाह देकर मामला टाल दिया। मंगलवार को गांव के लोगों ने घर के पास स्थित तालाब में सोम का शव उतराया हुआ देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## आठ फरार आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** जिले में गंभीर मामलों में फरार चल रहे आठ आरोपियों पर पुलिस महानिरीक्षक

**संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं टीमें**

प्रयागराज ने 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। सभी आरोपित नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज अजय कुमार मिश्र ने अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कठोर कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली नगर से संबंधित आठ वांछित फरार आरोपियों पर पुरस्कार राशि घोषित की है। इन आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की समुचित टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। इनाम घोषित फरार आरोपियों में इरशाद, हसन अली, रियाज, नसीब, रिजवान उर्फ बबलू, सहबान, नियाज और इरफान शामिल हैं।

## त्रुटियों के संशोधन के लिए कार्यक्रम निर्धारित

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया है कि राजस्व परिषद ने प्रदेश के सभी राजस्व ग्रामों की खतौनियों में खातेदारों-सह खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों और लोप के संशोधन

**छह चरणों में रोस्टरवार किया जाएगा पूरा**

दर्ज करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया है, जो 15 मार्च तक छह चरणों में रोस्टरवार पूरा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक ग्राम में पूर्व निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर खतौनियों में दर्ज अंश का वाचन किया जाएगा। समस्त उपजिलाधिकारी, उनके अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक और लेखपाल तथा जिला पंचायत राज अधिकारी के अधीनस्थ समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम



का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। पूर्व निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर भूमि प्रबंधक समिति और समस्त ग्रामवासी/सह-खातेदार के बीच ग्राम पंचायत में एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रपत्र ख.पु.-3 में दर्ज अंश को पढ़कर सुनाया जाएगा। इसके बाद, जिन खातेदारों/सह-खातेदारों के अंश निर्धारण में त्रुटियां या लोप संज्ञान में आएंगे, उनसे प्रपत्र ख.पु.-3 में सही अंश दर्ज कराकर सहमति के रूप में हस्ताक्षर-अंगूठा लगवाया जाएगा। खातेदारों-सह-खातेदारों को अपने अंश के समर्थन में विधिक प्रपत्र (जैसे भूमि क्रय संबंधी बैनामा या सक्षम न्यायालय के आदेश की प्रति) उपलब्ध कराने होंगे। सम्बंधित लेखपाल द्वारा खातेदार-सहखातेदार से प्राप्त विधिक प्रपत्र और प्रपत्र ख.पु.-3 को भूलेख खतौनी अंशत्रुटि सुधार पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## पुलिस ने मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** जनपद के लालगंज थाने की पुलिस और बाइक सवार तीन शातिर बदमाशों के बीच सोमवार रात कैथोला गांव के समीप मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वो घायल

**तीनों के खिलाफ दर्ज हैं थानों में कई मुकदमे**

हो गया। उसके दो साथियों को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। तीनों के खिलाफ जिले के थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। सोमवार रात एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में लालगंज पुलिस कैथौला गांव के समीप चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को



रोकने का प्रयास किया तो वो बाइक मोड़कर भागने के प्रयास में आपाधापी में बाइक समेत गिर पड़े और पैदल ही भागने लगे। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बांये पैर में गोली लगी और वो घायल हो गया, जबकि उसके दोनों साथियों को पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया।

घायल अभियुक्त राजकुमार वर्मा को पुलिस इलाज हेतु सीएचसी लालगंज ले गई। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व दो जिन्दा कारतूस के साथ ही बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की। साथ ही तीन चोरियों से सम्बंधित चोरी के लगभग छह हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार वर्मा लीलापुर थाना इलाके के तिना चितरी गांव का रहने वाला है, जबकि अनुज सरोज लालगंज थाना के खण्डवा गांव एवं अजय पटेल चौखड़ देवापुर गांव का रहने वाला है।

## माघ मेला: मकर संक्रांति स्नान पर्व की तैयारी पूरी

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 15 जनवरी को है। मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। इसके लिए स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं

**करोड़ों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान**

को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है। माघ मेला 2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार लगभग तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान



**भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान भी तैयार**

माघ मेला 2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार लगभग तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि भीड़ प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी हैं, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। इस बार माघ मेला में कुल 12,100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है, जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है।

माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि भीड़ प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी हैं, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। इस बार माघ मेला में कुल 12,100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है, जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। मेलाधिकारी के अनुसार माघ मेले में गंगा जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज में दोनों नदियों में गिरने वाले सभी 81 नालों की टैपिंग की जा चुकी है। निरंतर गंगा जल की मॉनिटरिंग हो रही है।

## एसआईआर : बलिया में वोटर लिस्ट से कटे साढ़े चार लाख नाम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बलिया।** जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान बलिया में साढ़े चार लाख नाम हटाए गए हैं। जबकि 2003 की मतदाता सूची में साक्ष्य न मिलने

**वर्ष 2003 के मतदाताओं से मांगा गया है सबूत**

पर एक लाख 42 हजार मतदाताओं को नोटिस भेजकर सबूत मांगा गया है। आशंका जतायी जा रही है कि इसमें पड़ोसी देशों से आए घुसपैठिए भी हो सकते हैं।

जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 25 लाख 10 हजार 595 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें से 20 लाख 54 हजार 620 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। मतदाता सूची पुनरीक्षण पर लगातार समीक्षा बैठकों के बाद जानकारी देते हुए डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि जनपद में मतदाता सूची से कुल चार लाख 55 हजार नाम हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग एक लाख 42 हजार मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं, लेकिन वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार उनके जनपद में निवास का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी एक लाख 42 हजार मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिया गया है। उनसे मतदाता सूची में नाम बनाए रखने के लिए आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया है। दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि छह फरवरी निर्धारित की गई है। अब तक कुल 3,023 दावे एवं आपत्तियों से संबंधित आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि विशेष पुनरीक्षण के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह मार्च को किया जाएगा। इसके अलावा सभी बूथों पर 11 जनवरी को बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जा चुका है।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के भोरमार माफी गांव के पास एक दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग महिला की जान चली गई। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। भोरमार माफी गांव निवासी 60 वर्षीय शांति देवी घर से कुछ दूरी पर पैदल निकली थीं। जैसे ही वह सड़क पार करने लगीं, नरायनपुर ईंट-भट्ठे की ओर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार बैठा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उनकी जान नहीं बच सकी। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव का माहौल गमगीन हो गया।

### वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

यशोभूमि / एजेंसी

**बिजनौर।** जिले के एक गांव में लगे पिंजरे में मंगलवार को गुलदार कैद हो गया। वन विभाग की टीम पिंजरा समेत गुलदार को लेकर चली गई। गुलदार के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह ने बताया कि ग्राम तिमरपुर में गुलदार को देखे जाने की जानकारी ग्रामीणों से मिली थी। इसके बाद मौके पर क्षेत्र प्रभारी ने जांच की, तो खेत में गुलदार के पैरों के चिन्ह मिले। इसके बाद श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पीछे खेत में पिंजरा लगाया गया, जहां मंगलवार को एक गुलदार कैद हो गया। एसडीओ ने बताया कि नर गुलदार की आयु लगभग तीन वर्ष है। गुलदार की डॉक्टरी कराने के बाद निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद क्षेत्र के ग्राम वासियों ने राहत की सांस ली है।

### होटल के पीछे मिला कर्मचारी का शव

यशोभूमि / भाषा

**मुजफ्फरनगर।** जिले के मीरापुर कस्बे में लापता हुए एक होटल के कर्मचारी का शव मंगलवार को होटल के पीछे से बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अनुराग गुप्ता (32) मीरापुर थाना क्षेत्र के शिव होटल में काम करता था और सोमवार को अचानक लापता हो गया था। सूत्रों ने कहा कि उसका शव आज होटल के ही पीछे से बरामद किया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए होटल के कुछ कर्मचारियों को हिरासत में लिया है।

### झोपड़ी में आग लगने से मची अफरा-तफरी

यशोभूमि / एजेंसी

**फर्रुखाबाद।** गंगा के पांचाल घाट पर चल रहे मेला रामनगरिया में एक झोपड़ी में मंगलवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के प्रयास में तीन कल्पवासी झुलस गए। समय पर आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा बच गया। मेला रामनगरिया में छठी सीढ़ी के पास आज अचानक एक झोपड़ी में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग से गंगा तट पर दो-तीन झोपड़िया जल गई। आग बुझाते समय राजेश और मोहित पाण्डेय सहित तीन लोग झुलस गए। इन सभी का सामान जल कर राख हो गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिर के पास सोमवार रात को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। बिसरख थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि जतिन (21) पुत्र छत्रपाल ताज हाइवे के पास रहते थे। वह सोमवार रात को गौर सिटी के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर के समीप से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना पकड़ रही है रफ्तार

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**लखनऊ।** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकताओं में ग्रामीण रोजगार और ग्रामीण औद्योगिकीकरण सबसे ऊपर है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री

- योजना के अंतर्गत 94 इकाइयां की गई हैं स्थापित
- 648.63 लाख का पूंजी निवेश हुआ है संभव

ग्रामोद्योग रोजगार योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक योजना के अंतर्गत 94 इकाइयां स्थापित की गई हैं, जिसके तहत 648.63 लाख का पूंजी निवेश संभव हुआ है। इसके माध्यम से 2,586 युवाओं को रोजगार दिलाने में सफलता मिली है। यह आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष में योजना ने मजबूत प्रगति दर्ज की है और शेष अवधि में लक्ष्यों की प्राप्ति की



दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस योजना ने गांवों में उद्योग स्थापित कराकर स्थानीय युवाओं को उनके ही घर के पास रोजगार उपलब्ध कराने का रास्ता खोला है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित एवं तकनीकी योग्य बेरोजगार युवक-युवतियों को 10 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

योगी सरकार ने उद्यमियों के लिए ब्याज सब्सिडी की बड़ी सुविधा दी है, जिसमें सामान्य वर्ग के उद्यमियों के लिए 4% से ऊपर का ब्याज सरकार देती है, जबकि आरक्षित वर्ग के उद्यमियों का पूरा ब्याज सरकार वहन करती है। योजना में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उद्यमी पात्र हैं। चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स के माध्यम से की जाती है। सामान्य वर्ग को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जबकि आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान देना होता है। सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में और अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़कर स्व-रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

**कारीगरों व हस्तशिल्पकारों को सशक्त बना रही सरकार**

योगी सरकार ग्रामीण विकास को केवल सड़क और बिजली तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि ग्रामीण उद्योगों का नेटवर्क विकसित कर रही है। पारंपरिक कारीगरों व हस्तशिल्पकारों को सशक्त बना रही है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है और साथ ही स्थानीय स्तर पर स्थायी रोजगार सृजन हो रहा है। सरकार का मानना है कि गांव मजबूत होंगे तो प्रदेश मजबूत होगा। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना को बड़े पैमाने पर विस्तार दिया जा रहा है। इस योजना ने गांवों में उद्योग स्थापित कराकर स्थानीय युवाओं को उनके ही घर के पास रोजगार उपलब्ध कराने का रास्ता खोला है।

# पेड़ से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

यशोभूमि / भाषा

**देवरिया।** जिले के खुखुंदू क्षेत्र में गत रात लगभग आठ बजे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से उस पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई तथा एक अन्य युवक गंभीर रूप से

- घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल
- अचानक जानवर के आ जाने से हुआ हादसा

घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक का देवरिया मेडिकल कॉलेज में उपचार किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खुखुंदू थाना क्षेत्र के बड़ीरार गांव निवासी सूरज गौड़ (23) अपने दोस्तों अनुज गौड़ और प्रिंस गौड़ (दोनों 18-18 साल) के साथ गत रात लगभग आठ बजे घर से भलुअनी जाने के लिए निकला था। उन्होंने कहा कि गांव से कुछ दूरी पर सामने अचानक एक जानवर के आ जाने से उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। पुलिस के अनुसार



इस घटना में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सूरज और अनुज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रिंस का उपचार किया जा रहा है। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**सूचना मिलते ही परिजनों में मच गया कोहराम**

खुखुंदू थाना क्षेत्र के बड़ीरार गांव निवासी सूरज गौड़ (23) अपने दोस्तों अनुज गौड़ और प्रिंस गौड़ (दोनों 18-18 साल) के साथ गत रात लगभग आठ बजे घर से भलुअनी जाने के लिए निकला था। गांव से कुछ दूरी पर सामने अचानक एक जानवर के आ जाने से उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सूरज और अनुज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रिंस का उपचार किया जा रहा है। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया।

# झांसी: पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरे ने किया आत्मसमर्पण

यशोभूमि / एजेंसी

**झांसी।** जिले के गरौठा थाना पुलिस की सोमवार देर रात को दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। एक

**ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की घटना में थे दोनों फरार**

बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। ये दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की घटना में फरार थे। गरौठा क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र नाथ मिश्र ने मंगलवार को बताया कि नौ जनवरी को ग्राम निमगहना निवासी विजय कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई है। गरौठा थाना पुलिस सोमवार



देर रात निमगहना में निपान से मोती कटरा जाने वाले मार्ग पर बदमाशों की सुरागरसी में लगी थी। तभी एक ट्रैक्टर-ट्राली सवार दो लोग आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो वह लोग ट्रैक्टर-ट्राली नाले में पटककर भागने लगे। इसी बीच एक बदमाश ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें एक गोली बदमाश जिला जालौन के आटा निवासी प्रवीन राजपूत के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसके दूसरे साथी ग्राम निमगहना निवासी कृष्ण कुमार राजपूत ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# झांसी : रिश्वत लेते हुए लिपिक रंगे हाथ गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**झांसी।** जिले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में फैले भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सेवानिवृत्त कर्मचारी से भुगतान और पेंशन के नाम पर रिश्वत मांग रहे लोक

**सेवानिवृत्त कर्मचारी ने की थी शिकायत**

निर्माण विभाग के लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने 20 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सेवानिवृत्त कर्मचारी घनश्याम का निर्माण कार्यों का लगभग 16 से



17 लाख रुपये भुगतान और पेंशन लंबे समय से लंबित थी। भुगतान और पेंशन जारी कराने के एवज में आरोपित लिपिक द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। सौदा 20 हजार पहले और 20 हजार बाद में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इंकार करते हुए एंटी करप्शन टीम झांसी में शिकायत दर्ज कराई और बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई, जिसके चलते मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और झांसी में लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड-3 में तैनात वरिष्ठ सहायक संतोष कुमार निरंजन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि आरोपित के खिलाफ थाना कोतवाली शहर झांसी में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जेब में डेढ़ फुट लम्बा सांप लेकर अस्पताल पहुंचा ई-रिक्शा चालक

यशोभूमि / भाषा

**मथुरा।** जिले में हुई एक अजीबोगरीब घटना में एक ई-रिक्शा चालक अपनी जैकेट की जेब में सांप लेकर जिला अस्पताल पहुंच गया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नीरज अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि मथुरा नगर का निवासी ई-रिक्शा चालक दीपक (39) अपनी जेब में करीब डेढ़



**कहा, इसी सांप ने उसे काटा है**

फुट लम्बा सांप लेकर अस्पताल में आया और कहा कि इसी सांप ने उसे काटा है, लिहाजा उसे 'एंटी वेनम इंजेक्शन' (जहर के प्रभाव से बचाने वाला इंजेक्शन) लगाया जाए। उन्होंने बताया कि दीपक से कहा गया कि वह सांप को अस्पताल के बाहर छोड़कर आये, क्योंकि इससे दूसरे मरीजों को खतरा हो सकता है और उसके नहीं मानने पर पुलिस को बुलाया गया, जिसने सांप को एक डिब्बे में बंद कर दिया। अग्रवाल ने बताया कि उसके बाद दीपक को 'एंटी वेनम इंजेक्शन' दिया गया और वह अपने घर चला गया। हालांकि उन्हें शक था कि सांप दीपक का ही था।

# फिरोजाबाद : पति ने की धारदार हथियार से गला काटकर पत्नी की नृशंस हत्या

यशोभूमि / एजेंसी

**फिरोजाबाद।** जनपद में थाना नगला खंगर क्षेत्र अन्तर्गत मंगलवार को एक पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को

**पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है कारण**

भेजते हुए हत्यारोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सिरसागंज क्षेत्राधिकारी अनिमेश कुमार ने बताया कि थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला नंदे निवासी आशुतोष ने आज सुबह अपनी पत्नी लता की गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पति घर के आसपास ही घूमता रहा। इस बीच घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्रीय लोगों को हुई, तो उन्होंने सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस



मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के मायका पक्ष को बुलाते हुए छानबीन शुरू की।

क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दंपति के बीच आपसी विवाद होता रहता था। उनका एक बेटा दिल्ली की जेल में चोरी के किसी मामले में पिछले एक वर्ष से बंद है, जिसको लेकर आज भी दोनों के मध्य विवाद हुआ और इसी से आक्रोशित होकर पति ने पत्नी लता की गला काटकर हत्या कर दी। मायके पक्ष ने आरोपित आशुतोष के विरुद्ध हत्या की तहरीर दी है। सीओ ने बताया कि थाना पुलिस ने हत्यारोपित पति को क्षेत्र से ही पकड़ लिया। मौके से फोरेंसिक टीम व फील्ड यूनिट ने साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं और पुलिस हिरासत में आरोपित से पूछताछ करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पीड़िता के भाई को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**कानपुर।** सचेण्डी थाना क्षेत्र में नाबालिग से गैंगरेप मामले में पीड़िता के भाई को व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से धमकी देने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को आरोपित को सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ जारी है। नाबालिग से गैंगरेप का आरोपित निलम्बित दरोगा अमित मौर्य को फरार हुए एक सप्ताह का समय बीत चुका है। पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। बावजूद इसके लगातार उससे जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं। जिसमें वह खुद को बेगुनाह बता रहा है। इसी तरह सोमवार को पीड़िता के भाई के व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से लिखित मैसेज आया, जिसमें लिखा था, देखो दरोगा जी की नौकरी के साथ मत खेलो, वह गलत नहीं है। उनका नाम खराब मत करो, उनको समाज की सेवा करने दो। जिन पर विश्वास करते हो वही तुम्हें छोड़ जाएंगे। प्रकरण में पुलिस ने थाना सचेण्डी पर सम्बंधित व्हाट्सएप नंबर की जांच की, तो वह किसी छोटू कुशवाहा के नाम से आया था। पुलिस ने सर्विलांस की सहायता से परसेंडी थाना तालगांव सीतापुर निवासी अमित त्रिवेदी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित को इस तरह के मैसेज भेजने के पीछे युवक की क्या मंशा थी? इसे लेकर पूछताछ जारी है। जबकि दरोगा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें तलाश कर रहीं हैं।

**पुलिस कर रही है आरोपी से पूछताछ**

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

यशोभूमि / एजेंसी

**औरैया।** जिले में 11 जनवरी को मिले एक युवक के शव और हत्या के मामले का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया। पुलिस ने युवक की

**पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

हत्या में उसकी पत्नी और प्रेमी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ककोर मुख्यालय पर स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अभिषेक



भारती ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 11 जनवरी को थाना बेला पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुर्सी और बूचपुर के बीच नहर की पटरी के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर तत्काल थाना बेला पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त ग्राम कुर्सी निवासी शैलेन्द्र सिंह पाल के रूप में की। पुलिस ने मृतक के ताऊ मानसिंह पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी क्रम में 13 जनवरी को थाना बेला पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बेला-तिर्वा रोड बॉर्डर बैरियर पर चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार अवनीश पाल और रिंकू कठेरिया को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों से पूछताछ के बाद घटना में शामिल मृतक शैलेंद्र पाल की पत्नी अर्चना का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अर्चना ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त अवनीश, शैलेन्द्र का रिश्तेदार हैं। इसी वजह से अवनीश का उनके घर पर आना-जाना था। इसी बीच उसका प्रेम संबंध अवनीश से हो गया। प्रेम संबंधों की जानकारी होने पर पति शैलेंद्र इसका विरोध करने लगे।

# बरेली : युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

यशोभूमि / एजेंसी

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में मंगलवार दिनदहाड़े युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर तौफीक प्रधान के बेटे समेत चार आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मोहल्ला जगतपुर पानी की टंकी निवासी मो. कासिम आज दोपहर करीब तीन बजे अपने दोस्त वारिस खान के



साथ बाइक से पेट्रोल पंप जा रहा था। जैसे ही वह गरीब नवाज शादी हॉल के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए हिस्ट्रीशीटर तौफीक प्रधान के बेटे आफताब ने अपने साथियों के साथ उसकी बाइक रोक ली और धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस बीच आफताब ने चाकू से कासिम पर जानलेवा वार कर दिया। चाकू लगते ही युवक कासिम सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। लोगों ने घायल युवक को हमलावरों से बचाते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर आरोपित आफताब, सब्बू मंसूरी, सोहिल मंसूरी और अचल सैनी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा जारी है।

# रालोद के प्रदेश सचिव को सगे भतीजे ने संपत्ति विवाद में मारी गोली

यशोभूमि / एजेंसी

**बाराबंकी।** जिले में बीती रात राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश सचिव अफसर अली को गोली मार दी गई। यह घटना संपत्ति बंटवारे के पुराने विवाद में उनके सगे भतीजे द्वारा की गई

**अस्पताल में भर्ती, हालत बनी हुई है नाजुक**

बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल अफसर अली को तत्काल लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला कुर्सी थाना क्षेत्र के लोहराहार गांव का है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश सचिव अफसर अली वर्तमान में लखनऊ में अपने परिवार के साथ



रहते हैं। सोमवार को पड़ोस के एक गांव में एक परिचित के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपने पैतृक गांव आए थे। अंतिम संस्कार के बाद देर रात अफसर अली गांव की एक दुकान के पास ग्रामीणों के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनका सगा भतीजा उबैद वहां पहुंचा और तमंचे से उन पर फायर कर दिया। गोली के छर्रे अफसर अली के सीने में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण तत्काल उन्हें इलाज के लिए लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कुर्सी थाना पुलिस हरकत में आ गई और गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की।

# खिचड़ी महापर्व: गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

यशोभूमि / एजेंसी

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के मौके पर गोरखनाथ मंदिर और महराजगंज जिले के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित चौक नगर पंचायत के मिनी गोरक्षनाथ मंदिर में भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**खिचड़ी चढ़ाने के लिए आते हैं हजारों श्रद्धालु**

किए गए हैं। हर साल इस त्योहार पर हजारों श्रद्धालु गोरखनाथ मंदिरों में खिचड़ी चढ़ाने के लिए आते हैं, इसलिए प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जहां-जहां भी श्रद्धालुओं का आने-जाने का रास्ता है, वहां



सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं के रास्तों पर सफाई, पीने के पानी और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। खास तौर पर चौक स्थित मिनी गोरक्षनाथ मंदिर के मुख्य आयोजन स्थल को आंतरिक और बाहरी परिसर में बांटा गया है, ताकि भीड़ पर नियंत्रण रखा जा सके। पूरे मंदिर परिसर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और अंदर अस्थायी पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र को छह भागों में विभाजित किया गया है और हर भाग में लगातार 24 घंटे छह मजिस्ट्रेट अधिकारियों की तैनाती रहेगी। इससे मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने का खतरा कम होगा। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि श्रद्धालुओं के रूट जिन भी थाना क्षेत्र से गुजरते हैं, वहां के पुलिसकर्मियों को अलर्ट रखा गया है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सादे कपड़े में भी पुलिसकर्मी तैनात होंगे।

**नेपाल से आने वाले लोगों की हो रही सघन जांच**

नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और जांच के लिए एसएसबी ने सघन जांच प्रक्रिया अपनाई है। नेपाल से हर आने वाले श्रद्धालु को पूरी जांच के बाद ही भारत में प्रवेश दिया जा रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी अप्रिय घटना न हो, सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने पूरे इलाके का भ्रमण करके खिचड़ी महापर्व के लिए तैयारी पूरी कर ली है। मंदिर परिसर में पुलिस के अलावा तमाम एजेंसियों की तैनाती की गई है और पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी।

# युवाओं के सामर्थ्य से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु



**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम 'विकसित भारत 2047' में विद्यार्थियों से संवाद कर उनके विचारों और संकल्पों की सराहना की। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने कहा कि जिस परिपक्वता और स्पष्टता के साथ विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि युवाओं के सामर्थ्य के बल पर भारत को विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रस्तुत सशक्त विजन और स्पष्ट रोडमैप को अत्यंत प्रशंसनीय बताया। राज्यपाल ने कहा कि युवा नए भारत की आशा हैं और आने वाले समय के नेतृत्वकर्ता भी। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अतिरिक्त परिश्रम, निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प आवश्यक है। जब अन्य लोग थक जाएँ, तब भी लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता की कुंजी है। राज्यपाल ने युवाओं से असीमित सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्म-अनुशासन और आत्मसंयम को जीवन में अपनाने पर जोर देते हुए युवाओं को साहसी, निडर, चरित्रवान और समाज के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में: मुख्यमंत्री साय

**यशोभूमि/भाषा**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को कहा कि राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है और सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि यह खतरा फिर कभी न उभरे। अधिकारियों ने बताया कि साय ने यहां मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर संभाग के व्यापक विकास पर आयोजित उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित कर एक विस्तृत तीन-वर्षीय कार्य योजना तैयार की जाएगी और इसे अभियान स्तर पर लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़ी बाधा रहा नक्सलवाद अब खत्म होने की कगार पर है और यह सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में ही हो पाया है।

# ट्रक एक अन्य वाहन पर पलटा, तीन की मौत

**यशोभूमि/भाषा**




**रतलाम।** रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर रतलाम-झाबुआ मार्ग पर ग्राम उंडवा के पास सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, टाइल्स से भरा एक ट्रक कोयला घाटी की चढ़ाई पर असंतुलित हो गया और पीछे आ रहे एक अन्य वाहन पर पलट गया। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रियाज (48), जफर (52) तथा अब्दुल हमीद (50) के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


दैनिक यशोभूमि CLASSIFIED

क्लासीफाइड के लिए ई-मेल आईडी admabika@gmail.com • आज ही संपर्क करें - 8108110772

''यशोभूमि - विज्ञापन का विश्वसनीय सहयोगी'' जरूरत आपकी विज्ञापन हमारा




## चाहिए

सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईज़र, ड्राइवर लोनावला रिसॉर्ट के लिए रहने खाने की सुविधा प 20-26 हजार - 7304389333.
LAL2026-01S.55-003698

टु कलर हॅडलबर्ग प्रिंटिंग मशीन के लिए प्रिंटर, फिडरमॅन, बॉयलर चाहिए - पंचिंग मशिनके लिए ऑपरेटर / कोरेल ड्रॉ, फोटोशॉप और इलस्ट्रेटरकी जानकारी वाले डिज़ाइनर चाहिए. स्मृति ग्राफिक्स, सेक्टर २ के पास, भारत गेस डेपो के सामने, गोराईपाड़ा, वालीव, वसई (ईस्ट) - 9820746476
LAL2026-01S.55-003790

security guard 12 hours duty 15000 to 18000 salary naigaon east mumbai with stay.98676 55027
LAL2025-12S.127-002538

बोरिवली (वेस्ट) ऑफिस / शोरुम काम केलिए लडके चाहिए संपर्क - 8433988032
LAL2026-01S.127-003290

बँकके रिकव्हरी के लिए लडके( Field Executive ) चाहिए। विजय 9930443090
LAL2026-01S.127-003512

कल्याण डोंबिवली - भरती- एरिया ऑफिसर, राऊंडर, सुपरवायझर/ सिक्युरिटी गार्ड : 8424086104/ 7208520007
LAL2025-12S.127-002542

थ्री व्हीलर टेम्पो ड्राईवर मुंबई केलिए चाहिए। वेतन 20,000/- 8879144948
LAL2026-01S.127-003055

सुरक्षा गार्ड / हाउसकीपिंग / पैट्री बॉय/ बाउंसर सह सिक्युरिटी। दादर, ठाणे- कोलशेत, गोवंडी, वर्ली, माटुंगा, - 8291056761/ 8422880515/ 8422880514
LAL2026-01S.127-003786

महिंद्रा टेम्पो वीरों 1/4 के लिए ड्राइवर चाहिए। हैनिल चौहान ,लोअर परेल (ईस्ट) चिंचपोकली (वेस्ट) Cell No - 9167971840
LAL2026-01S.127-003761

प्रत्यक्ष, मुलाखत मुंबई- मुलुंड, नाहूर सेल्समैन चाहिए। 12 वी पास से पदवीधर उम्र- 19 से 50, पगार 15,000/- से 30,000/- + कमिशन, मुलाखत का समय:- सुबह 11.00 से 4.00 तक संपर्क: 8424012335
LAL2026-01S.127-003312

गोरेगाव (प) यहाँ टीशर्टके मार्केटींग केलिए सेल्स एक्झिक्युटिव्ह चाहिए। संपर्क : 9930017500/ ईमेल : atul@forcesports.in
LAL2026-01S.55-003532

विलेपार्ले (पूर्व) यहाँ ह्ममॉड्यूलर फर्नीचरह्म कंपनी में कारपेंटर के साथ काम करने के लिए हेल्पर चाहिए। 2 व्हिलर का लायसेंस चाहिए , उमर 25-35, समय सुबह 9.30 से रात 8.30 बजे तक। वेतन 700/- day. संपर्क - 9820149975
LAL2026-01S.127-003533

सेफ सिक्युरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए । रहने खाने कि सुविधा : 9967766651
LAL2025-12Y.5-002199

प्रिंटिंग प्रेस के लिए आवश्यक है। (चिंचपोकली, कालाचौकी)- सेंट्रल लाईनमें रहनेवाले 1) स्क्रीन प्रिंटर 2) पंचिंग मशीन ऑपरेटर 3) ऑफसेट मशीन बॉयलर 4) पैकिंग (महिला उम्र सिमित 40 साल) 5) हेल्पर। इंटरव्यू के लिए मिलें- फोकस, 22 (ए) 1, हकोबा कंपाऊंड, बॉम्बे कॉटन मिल, कालाचोकी,चिंचपोकली स्टेशन (पूर्व) और कॉटन ग्रीन स्टेशन (पश्चिम) से 5 मिनट की दूरी पर संपर्क 7045333202
LAL2026-01S.127-003644

चर्नी रोड यहाँ कंपनी में डिलिव्हरी बॉय/ ऑफिस बॉयकी जरूरत है। 7045990205
LAL2026-01S.127-003779

हाऊसकिपिंग, पँट्री बॉय रहनेकी सुविधा, सीप्झ, अंधेरी (पू) पगार+ओटी,18,000/- + PF + बोनस + छुट्टी मो. 9821492139
LAL2026-01S.127-003305

लालबाग, कालाचौकी में ऑफिस एवं बाहर काम के लिए ऑफिस बॉय चाहिए संपर्क : 9322221729/ 9320261729
LAL2026-01S.55-003136

उषा रिसॉर्ट पालघरमें वेटर, किचन हेल्पर चाहिए। पगार, रहनेकी - खानेकी सुविधा - 9370035117
LAL2026-01S.127-003309

कोलाबा मे रेस्टोरेंट के लिए हेल्पर, वेटर, ऑर्डर टेकर, मोरीबॉय, किचन हेल्पर और जूस मेकर की आवश्यकता है फोन - 9892280008
LAL2026-01S.127-003778

अंधेरी में सिक्युरिटी गार्डस् चाहिये। तनखा 27500/- (12 घंटा ) 8291917060/ 9819191361
LAL2026-01S.55-003298

सिक्योरिटी गार्ड चाहिए (विरार - भुसावल) रहने खानेकी सुविधा वेतन - 15-18 हजार - 7977729903.
LAL2026-01S.55-003699

**चाहिए**
**गोरेगांव (पश्चिम) में**
**गारमेंट (यूनिफॉर्म) फैक्टरी के लिए**
**टेली कॉलर, फील्ड सेल्समैन, सीनियर एकाउंटेंट, फैक्टरी मैनेजर, मर्केंडाइजर.**
**(वेतन 30000-40000)**
**गोपेश यूनिफॉर्म**
**81697 06810**
LAL2026-01S.127-003439

मीरारोड ऑफिस के लिए व्हेईकल अनुभवी / कंप्यूटर ऑपरेटर (महिला)/ ऑफिस बॉय चाहिए। 9702015015
LAL2026-01S.127-003060

ऑफिस के लिए अकाउंटंट सेल्समन ऑफिस बॉय चाहिए जे. एम. इंडस्ट्री. कल्याण - संपर्क : 9221603022
LAL2026-01S.127-003621

बुजुर्गो के लिए भरोसेमंद आश्रय - आज ही संपर्क करें @ स्मित फाउंडेशन, काल्हेर, थाना मो.: 9819376645
LAL2026-01S.127-003044

## जगह



LAL2026-01S.55-003686

## ज्योतिष

सागर ज्योतिष, नौकरीधंदा, प्रेमविवाह, शत्रुनाश, गुप्तसमस्या, वशीकरण यंत्र, जन्मकुंडली. : 9870126299 (नवी मुंबई)
LAL2026-01S.55-003464

क्लासिफाईड के लिए ई-मेल आयडी adambika@gmail.com



MUM2025S.5502610351

## व्यसन मुक्ति

पुरे सतर्कतापुर्वक डॉक्टर के सल्ले के अनुसार दारू, तंबाखू, सिगारेट, छुडाए। दादर : 7738770405
LAL2025-12Y.5-001827



LAL2025-12S.127-002896



LAL2025-12S.127-002823

नियमित पढ़ें यशोभूमि

## कर्ज

**पाठकों हेतु नियम सूचना**

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
WAL2025-12SA0-000053

## पाठकों को सूचना

**विशेष सूचना**

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
- प्रबंधक
AUR2025SA002605959


# मैं मतदान करूंगा, आप भी कीजिए !

## लोकतंत्र की असली शक्ति : आपका एक वोट, राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य

१५ जनवरी २०२६ :
समय : सुबह ७.३० से श्याम ५.३०

- Classified Initiative

'मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है. यह वह शक्ति है, जिसके माध्यम से आप देश की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं.'

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की नींव 'मतदान' पर टिकी है. चुनाव के समय अक्सर हम यह सोचते हैं कि 'मेरे एक वोट से क्या बदलेगा?' लेकिन याद रहे, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है. आपका एक वोट न केवल एक प्रतिनिधि चुनता है, बल्कि वह आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आनेवाली पीढ़ियों के भविष्य का फैसला करता है.

मतदान क्यों जरूरी है? (महत्व)

**१. अपनी सरकार चुनने का अधिकार :**

संविधान के अनुच्छेद-३२६ (Article ३२६) के तहत प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त है. यह अधिकार हमें अपनी पसंद की सरकार चुनने की स्वतंत्रता देता है. यदि हम मतदान नहीं करते, तो हम सरकार की नीतियों की आलोचना करने का नैतिक अधिकार भी खो देते हैं.

**२. प्रत्येक वोट की समान कीमत :**

लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत बात यह है कि वोट के दिन एक साधारण श्रमिक और एक बड़े उद्योगपति, दोनों की शक्ति बराबर होती है. हर व्यक्ति का मत समान मूल्य रखता है, जो सामाजिक, समानता का प्रतीक है.




**३. जवाबदेही तय करना :**

जब हम बड़ी संख्या में मतदान करते हैं, तो चुने हुए प्रतिनिधियों में यह संदेश जाता है कि जनता जागरूक है. यह जन-प्रतिनिधियों को उनके वादों के प्रति जवाबदेह बनाता है.

**४. युवाओं की भागीदारी :** आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है. युवाओं का एक वोट देश में तकनीकी विकास, रोजगार और नवाचार (Innovation) की नई लहर ला सकता है. 'पहली बार के मतदाताओं' (First-time voters) के लिए यह केवल एक स्याही का निशान नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में उनके पहले कदम का गौरव है.

### एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य

अक्सर लोग चुनाव के दिन को 'छुट्टी' मानकर घर पर बैठ जाते हैं. यह मानसिकता लोकतंत्र के लिए घातक है. मतदान केंद्रों पर जाकर अपनी पसंद दर्ज करना एक पवित्र नागरिक कर्तव्य है. हमें जाति, धर्म और प्रलोभन से ऊपर उठकर केवल 'राष्ट्रहित'और विकास' के आधार पर वोट देना चाहिए.

मतदान दिवस वास्तव में 'लोकतंत्र का उत्सव' है. आइए, हम संकल्प लें कि इस चुनाव में न केवल हम स्वयं मतदान करेंगे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे. याद रहे, जागरूक मतदाता ही एक सशक्त राष्ट्र की पहचान है.

'वोट डालने जाएं, अपना फर्ज निभाएं !'

































दैनिक यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर


जय भवानी, जय शिवाजी

2 उपमुख्यमंत्री सिन्हा के 'चूड़ा दही' भोज में पहुंचे तेज प्रताप यादव
7 वाराणसी: चार दिनों की धूप के बाद भी धर्मनगरी में ठंड का ...
8 पेड़ से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत
9 युवाओं के सामर्थ्य से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु



## संक्षिप्त समाचार

### क्विक कॉमर्स पर सरकार की सख्ती

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत, केंद्र सरकार ने 10 मिनट की डिलीवरी की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने इस दबावपूर्ण डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है। यह कदम सीधे तौर पर लाखों गिग वर्कर्स की सुरक्षा और उनके कामकाजी हालातों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार के इस निर्देश का असर धरातल पर दिखने लगा है। सूत्रों के अनुसार, ब्लिंकिट ने अपनी ब्रांडिंग से 10 मिनट का वादा हटा दिया है।

### 'सनातन विरोधी' बन चुकी है कांग्रेस: भाजपा

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस एमएलसी बोम्मा महेश कुमार गौड़ के सनातन धर्म पर दिए बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कांग्रेस की पहचान ही 'सनातन विरोधी' की बन चुकी है। शहजाद पूनावाला ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की दुकान चलाती है। कांग्रेस की ओर से हमेशा हिंदुओं का अपमान करना कोई संयोग नहीं है, बल्कि सोचा समझा प्रयोग है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर और रेवंत रेड्डी जैसे नेताओं ने हिंदुओं का अपमान किया था। इन लोगों ने तो सारी हदें पार करते हुए कभी भगवान राम को काल्पनिक बताया तो कभी हिंदू आतंकवाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इन लोगों को हिंदू समुदाय के हितों से कोई सरोकार नहीं है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि इन तमाम घटनाओं से यह साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस की एक ही प्रणाली है।

# सनातन धर्म और संस्कृति को मिटाना आसान नहीं : शाह

## सोमनाथ मंदिर है भारत की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक

यशोभूमि/भाषा अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार किए गए विनाश के प्रयासों के बावजूद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का उदाहरण देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले लोग अंततः मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में समुद्र तट पर उसी स्थान पर शान से खड़ा है। गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद शाह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

> **"केंद्रीय मंत्री ने कहा, उस संकल्प के पीछे भावना यह थी कि सोमनाथ पर हुआ हमला केवल मंदिर पर हमला नहीं था, बल्कि वह हमारी आस्था, हमारे धर्म और हमारे आत्मसम्मान पर प्रहार था।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्घाटन किया था। महमूद गजनी ने 1,000 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया था। शाह ने कहा कि 1000 साल बाद और 16

### मंदिर पर हमला करने वाले लोग अंततः मिट गए

बार नष्ट होने के बावजूद, सोमनाथ मंदिर अभी भी शान से खड़ा है और उसका ध्वज आसमान में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां एक भव्य सोमनाथ कॉरिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है। शाह ने कहा, यह पूरी दुनिया को संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, भारतीय




### कई देशों के खिलाड़ी आएंगे अहमदाबाद

शाह ने कहा, इसलिए मैंने इस परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं जोड़ने के लिए सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) कोष के माध्यम से 15 करोड़ रुपये एकत्र करने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी होगी कि आसपास के इलाकों के बच्चे इन सुविधाओं का उपयोग करें। शाह ने कहा कि गुजरात सरकार अहमदाबाद को 'स्पोर्ट्स हब सिटी' के रूप में विकसित कर रही है, जो पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित करेगी।

संस्कृति और भारतीय लोगों की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है। यह सूर्य और चंद्रमा की तरह शाश्वत और अमर है। यह सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक है। शाह ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे एक वर्ष तक मनाया जाएगा।

# कुत्तों के काटने पर देना होगा मुआवजा: उच्चतम न्यायालय

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** कुत्तों के काटने पर मौत या चोट के लिए मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, डॉग लवर्स की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने आवारा

### डॉग लवर्स की जिम्मेदारी होगी तय

कुत्तों से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणियां की। अदालत ने कहा कि वह कुत्तों के काटने पर मौत या चोट के लिए राज्य सरकारों पर मुआवजा तय करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मामले में सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों को खुले में खाना खिलाने वालों के रवैये पर सवाल खड़ा किए। कोर्ट ने कहा कि क्या उनके जज्बात सिर्फ कुतों के लिए हैं, इंसान के लिए नहीं हैं। कोर्ट ने पूछा कि अगर किसी आवारा कुत्ते के हमले में नौ साल के बच्चे की मौत हो जाती है, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने





आवारा कुत्तों में पाए जाने वाले वायरस का जिक्र किया और कहा, जब बाघ आवारा कुत्तों पर हमला करके खाते हैं, उन्हें डिस्टेंपर की बीमारी हो जाती है और आखिरकार वे मर जाते हैं। सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने दलील दी कि इस मामले को कुत्ते बनाम इंसान के मुद्दे के तौर पर नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे जानवर बनाम इंसान का मुद्दा देखना चाहिए।

### जिंदगी भर रहता है कुत्ते के काटने का असर

कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कोर्ट की कार्यवाही के बजाय एक पब्लिक प्लेटफॉर्म बन गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हर कुत्ते के काटने और हर मौत पर हम राज्यों पर जरूरी इंतजाम न करने के लिए भारी मुआवजा तय करेंगे। कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी तय करेंगे। आप उन्हें अपने घर ले जाएं और वहां रखें। उन्हें घूमने, काटने, पीछा करने की इजाजत क्यों दी जानी चाहिए? कुत्ते के काटने का असर जिंदगी भर रहता है।

## सुप्रीम कोर्ट से अब्बास अंसारी को बड़ी राहत



यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में नियमित जमानत दे दी है। अब्बास अंसारी गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे हैं और मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर, लेकिन निरंतर सतर्कता आवश्यक: थल सेनाध्यक्ष

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का कहना

### अभी भी जारी है ऑपरेशन सिंदूर

है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की संतुलित, सटीक और दृढ़ प्रतिक्रिया ने सीमा-पार आतंकवाद के विरुद्ध देश की तैयारी, निर्णायक क्षमता और रणनीतिक स्पष्टता को



प्रदर्शित किया। सेनाध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि देश के उत्तरी बॉर्डर पर हालात स्थिर हैं, लेकिन इसके साथ ही निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। थल सेनाध्यक्ष ने बताया कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर है, किंतु निरंतर सतर्कता आवश्यक बनी हुई है। शीर्ष स्तर की वार्ताओं, संपर्क की पुनर्बहाली और विश्वास-निर्माण उपायों से स्थिति में क्रमिक सामान्यीकरण हो रहा है। वहीं बांग्लादेश को लेकर सेनाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना ने बातचीत के लिए अलग-अलग चैनल खोल रखे हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं उनकी बात भी होती रहती है।

# लड़कियों को पढ़ाते नहीं, घर का काम कराते हैं

यशोभूमि/एजेंसी

**चेन्नई।** डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने उत्तर भारतीयों को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया है। दयानिधि मारन ने कहा है कि उत्तर भारत में

### उत्तर भारतीयों पर दयानिधि मारन के विवादास्पद बोल

लड़कियों को घर में रोक लिया जाता है। उनसे घरेलू काम कराए जाते हैं। उन्हें नौकरी नहीं करने दिया जाता है। वो बस घर में रहती हैं और किचन का काम करती हैं। वहीं,



दक्षिण भारत में हम लड़कियों को पढ़ने और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। दयानिधि मारन ने यह बातें चेन्नई के कैद-ए-मिल्लत महिला विद्यालय में बोलते हुए कहीं। डीएमके नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लड़कियों की शिक्षा की सुनिश्चित करने के लिए द्रविड़ सिद्धांतों के अनुकूल व्यवस्था करने में जुटे हैं। दयानिधि मारन ने कहा कि हमारे यहां की छात्राओं को गर्व होना चाहिए। हमें भी उनके ऊपर गर्व है। इसीलिए हम चाहते हैं कि वह पढ़ें। इसके बाद उन्होंने उत्तर भारत का जिक्र करते हुए ऐसी बात कही, जिस पर विवाद हो सकता है। डीएमके सांसद ने कहा कि उत्तर भारत में लड़कियों को नौकरी नहीं करने दिया जाता है। उन्हें घर के अंदर रहने और घरेलू कामकाज करने के लिए कहा जाता है।

### महिला साक्षरता दर 73.44 फीसदी

गौरतलब है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक तमिलनाडु में 7 साल से ऊपर की उम्र वालों में महिला साक्षरता दर करीब 73.44 फीसदी है। यह उत्तर भारतीय राज्यों से ज्यादा हैं। उत्तर भारत में यूपी में यह दर 57.18 फीसदी, हरियाणा में 65.94 फीसदी, राजस्थान में 52.12 फीसदी और हिमाचल प्रदेश में 75.93 फीसदी है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

## पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

**टीम इस प्रकार हैं: भारत: शुभमन गिल (कप्तान),** यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा। न्यूजीलैंडः माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्स, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा।




यशोभूमि/भाषा

**राजकोट।** विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं। भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा।

## खेल जगत

### प्रिटोरिया ने केपटाउन को 53 रन से हराया

यशोभूमि/भाषा

**सेंचुरियन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई केपटाउन को 53 रन से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बोनस अंक से जीत हासिल करने से प्रिटोरिया कैपिटल्स के 20 अंक हो गए हैं जबकि सनराइजर्स ईस्टर्न केप (19 अंक) दूसरे स्थान पर खिसक गया है। एमआई केपटाउन की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को इस हार से करारा झटका लगा है। सोमवार रात को खेले गए इस मैच में कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेरफेन रदरफोर्ड (27 गेंदों में 53 रन) के अर्धशतक की मदद से छह विकेट पर 185 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई केपटाउन की टीम सात विकेट पर 132 रन ही बना पाई।

# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जाइंट्स को हराया

यशोभूमि/एजेंसी

**नवी मुंबई।** भारत की विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 71 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को सात विकेट से हराया। यह गुजरात जाइंट्स की टूर्नामेंट में पहली हार थी। इससे पहले निचले क्रम पर भारती फुलमाली और

### हरमनप्रीत कौर ने खेली 71 रन की नाबाद पारी

जॉर्जिया वेयरहैम की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये थे। जीत के लिये कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए हरमनप्रीत ने 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टूर्नामेंट में उनका दसवां अर्धशतक था। इसके साथ ही उन्होंने डब्ल्यूपीएल में एक हजार रन भी पूरे कर लिये। वह 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 71 रन बनाकर नाबाद रही और मुंबई ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के भीतर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद



हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर (26 गेंद में 40 रन) के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अमनजोत के आउट होने के बाद निकोला कैरी ने कप्तान का साथ निभाते हुए 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाये जिसमें छह चौके शामिल थे। दोनों ने 43 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात की पारी में वेयरहैम 33 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं फुलमाली ने 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाये जिसमें तीन छक्के और तीन चौके शामिल थे। आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आई थीं। फुलमाली ने अमनजोत कौर को आखिरी ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर 23 रन निकाले। गुजरात ने आखिरी तीन ओवरों में 49 रन बनाये। पहले ओवर में गुजरात की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को जीवनदान मिला जब मुंबई की 17 वर्ष की विकेटकीपर गुनालन कमलिनी ने उनका कैच टपकाया।

# त्रीसा और गायत्री इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

यशोभूमि/भाषा

**नयी दिल्ली।** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की

### ध्रुव और मनीषा बाहर

शीर्ष महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नवंबर में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।




# सियाराम के ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का इस्लाम जिमखाना में शुभारंभ

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** सियाराम के 12वें ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ मुंबई के प्रतिष्ठित इस्लाम जिमखाना में हुआ। यह आयोजन समावेशी खेलों को बढ़ावा देने और दृष्टिबाधित

### इस आयोजन को मीडिया का भरपूर समर्थन मिला

खिलाड़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन दिवस पर खेला गया पहला मुकाबला बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसने पूरे टूर्नामेंट के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया। देशभर से आए दृष्टिबाधित क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। राज्य में चल रहे चुनाव प्रचार के बावजूद, इस आयोजन को मीडिया का भरपूर समर्थन मिला। बड़ी संख्या



में प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह के साथ टूर्नामेंट को कवर किया। उनकी मौजूदगी ने ब्लाइंड क्रिकेट को सामाजिक समावेशन और सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के एक सशक्त मंच के रूप में बढ़ती पहचान को दर्शाया। इस अवसर पर बोलते हुए सियाराम के सीएमडी रमेश पोद्दार ने कहा कि सियाराम में हम दृढ़ता से मानते हैं कि सच्चा राष्ट्र निर्माण समावेशन और समान अवसरों से होता है। ब्लाइंड क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और दृढ़ संकल्प का निर्माण करता है।

उद्घाटन मैच और समारोह ने एकता और संकल्प की भावना को दर्शाया तथा यह विश्वास मजबूत किया कि खेल सीमाओं से परे जाकर सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अपना आभार व्यक्त करते हुए, ब्लाइंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, नासिक के निदेशक अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे सीएमडी रमेश पोद्दार का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिनकी सक्रिय भागीदारी, निरंतर प्रेरणा और अटूट समर्थन दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनका प्रोत्साहन दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आत्मविश्वास, गरिमा और गर्व के साथ खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करता हयह टूर्नामेंट आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# आईसीसी भारत से बाहर मैच स्थानांतरित करने को राजी नहीं

यशोभूमि/भाषा

**ढाका।** आईसीसी ने मंगलवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से टी20 विश्व कप के उसके मैच भारत से बाहर कराने की मांग पर पुनर्विचार

### बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने किया स्वीकार

का अनुरोध किया लेकिन बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं को दोहराते हुए ऐसा करने से इनकार किया है। एक बयान में बीसीबी ने कहा कि बोर्ड का फैसला वही है हालांकि आईसीसी ने उसका अनुरोध मानने से इनकार कर दिया है। इसने कहा कि दोनों पक्ष संभावित हल तलाशना जारी रखेंगे। बीसीबी ने आईसीसी से अनुरोध किया था कि सुरक्षा कारणों से विश्व कप के उसके मैच भारत के बाहर कराये जायें लेकिन चूंकि सात फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप का कार्यक्रम तय हो चुका है, लिहाजा आईसीसी ने इस पर स्वीकृति नहीं दी है। बीसीबी ने कहा कि आईसीसी ने कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और बीसीबी से फैसले पर पुनर्विचार के लिये कहा है लेकिन बोर्ड का फैसला नहीं बदलेगा।

दैनिक
यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra

मुंबई । बुधवार, 14 जनवरी 2026



## संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में जन्मे तीन शेर के बच्चे

**यशोभूमि/प्रतिनिधि, मुंबई।** वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बोरीवली के राष्ट्रीय उद्यान (संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान) में हासिल किया गया है, जहां 11 जनवरी को तीन स्वस्थ शेर शावकों का जन्म हुआ। यह देश का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है, जो महानगर के ठीक बगल में होने के बावजूद भारत की सभी तीन बड़ी जंगली बिल्ली प्रजातियों (बाघ, शेर और तेंदुए) को एक ही स्थान पर देखने का अवसर प्रदान करता है। इन शावकों के जन्म से पार्क के संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा मिला है। वर्तमान में राष्ट्रीय उद्यान में 13 बाघ और 5 शेर पिंजरों में रखे गए हैं और 50 से अधिक तेंदुए इस क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमते हैं, इसलिए इस पार्क को दुनिया में तेंदुओं के सबसे अधिक घनत्व वाले स्थानों में से एक माना जाता है।

### संक्षिप्त समाचार

## शिक्षक पात्रता परीक्षा की अंतिम उत्तर सूची जारी

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**पुणे।** 23 नवंबर को आयोजित महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अंतिम उत्तर सूची महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद द्वारा जारी कर दी गई है। इस उत्तर सूची के आधार पर टीईटी का परिणाम घोषित किया जाएगा। टीईटी परीक्षा की अंतिम उत्तर सूची 19 दिसंबर को जारी की गई थी। इस परीक्षा के पेपर नंबर 1 और 2 के प्रश्न पत्रों में किसी प्रश्न या वैकल्पिक उत्तर के संबंध में त्रुटि आपत्तियां 27 दिसंबर तक आमंत्रित की गई थीं। समय सीमा के भीतर प्राप्त लिखित विवरण पर विषय विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया लेने के बाद अंतिम उत्तर सूची जारी की जा रही है। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि इस अंतिम उत्तर सूची के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन, आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## परिवार के चार सदस्यों ने किया आत्मदाह का प्रयास

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**बीड़।** बीड़ जिले के केज तहसील कार्यालय में एक परिवार ने राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद अपने शरीर पर डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया, हालांकि पुलिस प्रशासन के समय पर हस्तक्षेप के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। कोर्ट के आदेश के अनुसार भूमि को मापने और सीमांकन करने के लिए तहसीलदारों के आदेश के बावजूद जब मंडल अधिकारियों ने भूमि अभिलेख कार्यालय के गिनती कर्मचारियों के साथ सहयोग नहीं किया, तो इस परिवार के चार सदस्यों ने सोमवार (12 जनवरी) को केज तहसील कार्यालय के दरवाजे पर खुद पर डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

## तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को रौंदा, चालक फरार

**यशोभूमि/संवाददाता**
**भिवंडी।** भिवंडी में एक अज्ञात कार चालक द्वारा मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मारकर फरार होने का मामला सामने आया है, इस टक्कर में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घायल की पहचान रमेश बुधाजी भोईर (60) के रूप में हुई है। घटना 11 जनवरी की शाम करीब 6.30 बजे की है। भोईर अपनी मोटरसाइकिल से पाइपलाइन रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भादवड तालाब के पास, चिंतामणि टावर्स के सामने एक सिल्वर रंग की वैगन-आर कार के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भोईर सड़क पर जा गिरे। हादसे में उनके दाहिने पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई, जबकि दोनों घुटनों और बाएं गाल पर गंभीर चोटें आई हैं।

## बिना अनुमति प्रचार करने पर केस दर्ज

**यशोभूमि/संवाददाता**
**भिवंडी।** भिवंडी मनपा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मामला भिवंडी शहर पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। पुलिस ने बिना वैधानिक अनुमति चुनाव प्रचार सामग्री बांटने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला कायम किया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान राहुल मिलिंद वाघमारे (33) के रूप में हुई है, जो भिवंडी के कामतघर इलाके में स्थित बाराला देवी अपार्टमेंट, गणेश नगर का निवासी है। इस संबंध में पुलिस शिपाई राजेश खंड मोरे ने शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के अनुसार, गणेश नगर स्थित बारालादेवी अपार्टमेंट के सामने सड़क किनारे आरोपी एक उम्मीदवार से जुड़ी प्रचार सामग्री बांटते हुए पाया गया। आरोप है कि वह उम्मीदवार नितेश ऐनकर के समर्थन में प्रचार कर रहा था। मौके पर आरोपी ने एक टेबल लगाकर उसके पास 4 से 5 कुर्सियां रखी थीं।

# चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक घर-घर प्रचार करने की अनुमति

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**
**मुंबई।** स्थानीय स्वशासी संस्थाओं के चुनावों में उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अतिरिक्त समय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग ने 13 जनवरी को सार्वजनिक प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद भी 15 जनवरी को मतदान प्रक्रिया शुरू होने तक

**राज्य चुनाव आयोग ने किया परिपत्र जारी**

घर-घर जाकर प्रचार करने की अनुमति दी है। इस संबंध में सभी महानगरपालिका आयुक्तों तथा सभी जिला कलेक्टरों को मंगलवार को आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के बाहर किसी भी प्रकार का सार्वजनिक विज्ञापन किए बिना




**कठोर कार्रवाई की जाएगी**

आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा कि यह निर्णय स्थानीय स्वशासी संस्थाओं के चुनावों के लिए लागू रहेगा। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि प्रचार के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या आचार संहिता का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित उम्मीदवारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

शांतिपूर्ण ढंग से प्रचार किया जा सकेगा। महानगरपालिकाओं के सार्वजनिक प्रचार की अवधि समाप्त होते ही मंगलवार 13 जनवरी को राज्य निर्वाचन आयोग ने पुराने नियमों से संबंधित एक परिपत्र जारी किया। इसके अनुसार उम्मीदवार 15 जनवरी तक घर-घर जाकर प्रचार कर सकेंगे। हालांकि, इस अवधि में किसी भी प्रकार के विज्ञापन, पोस्टर, बैनर या पत्रक वितरित करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पारदर्शी चुनाव के नाम पर अंतिम चरण में घर-घर प्रचार किए जाने से मतदाताओं को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए जाने, आचार संहिता के उल्लंघन तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गई। इन प्रश्नों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त दिनेश वाघमारे से सवाल किए गए। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा कि घर-घर जाकर प्रचार करने की अनुमति कोई नई व्यवस्था नहीं है। वर्ष 2012 में भी इस निर्णय को लागू किया गया था।

# राकांपा के दोनों गुटों के विलय पर कोई निर्णय नहीं : अजित पवार

**यशोभूमि / एजेंसी**
**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) और शरदचंद्र पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के बीच विलय का अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, हालांकि दोनों पार्टियों के बीच चर्चा जारी है, सही

**दोनों पार्टियों के बीच जारी है चर्चा**

समय पर निर्णय लिया जाएगा। अजित पवार ने पुणे में पत्रकारों को बताया कि राज्य में नगर निगम के चुनाव में कई जगह दोनों राकांपा गठबंधन कर चुनाव लड़ रही हैं।

दोनों राकांपा ने एक साथ संयुक्त घोषणा पत्र भी जारी किया है। इस संबंध में राकांपा एसपी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे के साथ चर्चा जारी है, लेकिन अभी तक हम किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। अजित पवार ने कहा कि इसके बाद होने वाले जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव में भी दोनों राकांपा एक साथ मिलकर लड़ सकती हैं।



**राकांपा एपी भाजपा गठबंधन के साथ**

अजित ने इस मौके पर कहा कि पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम में स्थानीय भाजपा नेताओं ने पहले उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, इसका जवाब देते हुए हमने भी भाजपा पर आरोप लगाया था। इससे मीडिया में भाजपा के साथ अनबन की जो चर्चा हो रही है, वह अर्थहीन है। राकांपा एपी भाजपा गठबंधन के साथ बनी रहेगी। इसके साथ ही राकांपा एपी अपने धर्म निरपेक्ष की छवि को भी कायम रखेगी।

# कर्मचारियों को कल मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** राज्य में 15 जनवरी को 29 मनपा के चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए इस दिन उद्योगों, प्रतिष्ठानों और कारखानों के कर्मचारियों को

**श्रम और खान विभाग द्वारा एक परिपत्रक जारी**

वेतन के साथ छुट्टी या रियायत देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में उद्योग, बिजली, श्रम और खान विभाग द्वारा एक परिपत्रक जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है कि सार्वजनिक अवकाश केंद्र सरकार के कार्यालयों, अर्ध-सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उद्यमों, बैंकों, शैक्षणिक और महापालिका क्षेत्र के समान संस्थानों पर भी लागू होगा। सरकार के इस फैसले के मुताबिक प्रतिष्ठानों को आदेश दिया गया है कि चुनाव क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी काम करने वाले सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान के लिए छुट्टी दी जाए। ये आदेश उद्योग,



ऊर्जा एवं श्रम विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों, होटलों, आवासों, आईटी कंपनियों, मॉल, शॉपिंग सेंटर, खुदरा विक्रेताओं आदि पर लागू होंगे। असाधारण परिस्थितियों में यदि पूरे दिन की छुट्टी संभव नहीं है, तो कम से कम तीन घंटे की विशेष सशुल्क रियायत अनिवार्य कर दी गई है। सरकार के फैसले में संकेत दिया गया है कि अगर इन आदेशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित प्रतिष्ठान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी का उत्सव

## नवी मुंबई के खारघर में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**। नवी मुंबई।** हर साल मकर संक्रांति से एक दिन पहले पूरे देश में पंजाबी समुदाय के लोगों का प्रमुख त्योहार लोहड़ी मनाया जाता है। इस साल 13 जनवरी, मंगलवार को यह त्योहार बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर नवी मुंबई में भी जगह-जगह कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। खारघर सेक्टर- 6 में महोत्सव का आयोजन कल्चरल एसोसिएशन ऑफ रीजेंसी गार्डन द्वारा किया गया।

इसके तहत बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं, जंपिंग जैक, हाऊजी और मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। रीजेंसी गार्डन कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आयोजित लोहड़ी उत्सव का आयोजन वृंदा कंबोज, रीना गडोक, रजनी संचेती और सिमरन कौर आदि ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रीजेंसी गार्डन के निवासी अपने परिवारों के साथ उपस्थित थे। लोक कथा का जिक्र लोहड़ी गीतों में भी मिलता है।










**देश-विदेश में धूम**

लोहड़ी का त्योहार अब देश ही नहीं बल्कि विदेशों खासकर अमेरिका, कनाडा और इंग्लैंड में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भारत में यह पंजाब, हरियाणा और इसके आसपास के क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रचलित है। इस मौके पर सभी लोग एक साथ आते हैं। होली जलाई जाती है और उसके चारों ओर नृत्य करके जश्न मनाया जाता है।

**ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व**

लोहड़ी का त्योहार किसानों की जीवनशैली और फसलों की कटाई से जुड़ा है, इसलिए यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी के त्योहार का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी है।

# वोटर लिस्ट में नाम है या नहीं ऐसे देखें

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**
**मुंबई।** राज्य भर में मनपा चुनावों के लिए मतदान प्रक्रिया 15 जनवरी को होगी। परिणाम 15 जनवरी 2026 को घोषित किए जाएंगे, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करना

**नए मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग सहित सभी राजनीतिक दलों से मतदान के अधिकार को इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया है। अक्सर मतदाता मतदान नहीं कर पाते क्योंकि उनके पास मतदाता पहचान पत्र होने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची में नहीं होता है, इसके अलावा मतदान के दिन मतदान केंद्र ढूंढना भी असुविधाजनक होता है, इसलिए चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में अपना नाम जांचना जरूरी है। तो जानिए वोटर लिस्ट में अपना नाम कैसे चेक करें इसकी पूरी जानकारी।

मतदाता सूची में नाम जांचने की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट चुनावी खोज. eci.gov.in पर जाएं। इस वेबसाइट पर दो विकल्प उपलब्ध हैं।

पहले विकल्प में आपको अपना नाम, पिता या पति का नाम, जन्मतिथि, लिंग, राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र दर्ज करना होगा। सारी जानकारी भरने के बाद कैप्चा कोड डालें और आपका नाम वोटर लिस्ट में है तो सामने आ जाएगा। दूसरा विकल्प मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) का उपयोग करके नाम खोजना है। ईपीआईसी नंबर और राज्य का चयन करते ही संबंधित मतदाता का पूरा विवरण स्क्रीन पर आ जाता है। इसमें मतदान केंद्र, वार्ड संख्या और मतदाता संख्या का भी उल्लेख होता है, जो मतदान के दिन उपयोगी होता है।



**मताधिकार मोबाइल ऐप**

राज्य निर्वाचन आयोग ने 'मताधिकार ' मोबाइल ऐप उपलब्ध कराया है। इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी मतदाता का 'पूरा नाम' या 'मतदाता पहचान पत्र' (इपिक ) नंबर निर्दिष्ट करके मतदाता सूची में नाम खोज सकता है। जिले और मनपा का नाम चुनने के बाद मतदाता का नाम सामने आ जाएगा। साथ ही मतदान केंद्र का स्थान भी पता चल जायेगा।

# महिला के साथ अश्लील हरकत कर दी धमकी

**यशोभूमि/संवाददाता**
**भिवंडी।** भिवंडी में महिला सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। शांतिनगर पुलिस थाने में एक युवक के खिलाफ महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने अपने ही ऑफिस परिसर में महिला के साथ अश्लील हरकतें की थी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता (23) भिवंडी की एक सोसाइटी में रहती है और निजी क्षेत्र में कार्यरत है।

**आरोपी के खिलाफ मामला किया गया दर्ज**

आरोपी की पहचान श्रीकांत काथोड़ भोईर के रूप में हुई है, जो अरिहंत सिटी, टेमघरपाडा, भिवंडी का निवासी बताया गया है। शिकायत के मुताबिक, गणेशोत्सव 2024 के दौरान और इसके बाद मार्च 2025 में आरोपी ने अरिहंत सिटी स्थित अपने ऑफिस में पीड़िता के साथ अश्लील व्यवहार की। आरोप है कि आरोपी ने महिला का हाथ पकड़कर उसे जबरन खींचा और उसके शरीर को छूकर अभद्र हरकतें कीं, जिससे पीड़िता को मानसिक प्रताड़ना, अपमान और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, पीड़िता का आरोप है कि जब उसने इस बारे में किसी को बताने की बात कही, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह काफी समय तक डर और दबाव में रही।

# गैंगस्टर अबू सलेम को केवल दो दिन की पैरोल दी जा सकती है : महाराष्ट्र सरकार

**यशोभूमि / भाषा**
**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि 1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है

**सलेम ने 14 दिन की पैरोल मांगी थी**

और उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। लोक अभियोजक मनखुवर देशमुख ने कहा कि 14 दिन की पैरोल संभव नहीं है क्योंकि सलेम एक 'अंतरराष्ट्रीय अपराधी' है। देशमुख ने अदालत से कहा कि जेल अधिकारियों ने कहा है कि उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की पैरोल दी जा सकती है, जिसका खर्च वह खुद उठाएगा। सलेम की वकील फरहाना शाह ने कहा कि दो दिन की पैरोल काफी नहीं होगी क्योंकि उसे उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जाना है। शाह ने



कहा कि पुलिस सुरक्षा की भी जरूरत नहीं है। वह दो दशक से अधिक समय से जेल में है और आपात पैरोल मांग रहा है। उन्होंने कहा कि सलेम भारतीय नागरिक है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति श्याम चंडक ने सरकार को एक हलफनामा दाखिल करके सलेम को 14 दिन की पैरोल देने से संबंधित चिताओं के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों को लेकर बड़ा फैसला

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**
**मुंबई।** राज्य में मनपा चुनाव की घमासान जारी है। मनपा चुनाव के लिए मतदान 15 जनवरी को होगा और नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। मनपा के लिए आज

**चार चीजों की कराई जाएगी जांच**

(13 जनवरी) प्रचार का आखिरी दिन था, हालांकि इस मनपा चुनाव में राज्य भर में 69 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। इस निर्विरोध चुनाव की विरोधियों ने आलोचना की है। विपक्ष ने निर्विरोध निर्वाचन पर कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने इन निर्विरोध प्रत्याशियों को लेकर अहम फैसला लिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त ने आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पर बड़ी टिप्पणी की। आयोग के आयुक्त ने बताया कि जिन जगहों पर निर्विरोध चुनाव हुआ है, वहां की रिपोर्ट मंगायी गयी है और चार चीजों की जांच कराई जाएगी।



कई जगहों पर मनपा के चुनाव निर्विरोध हुए हैं, हालांकि विपक्ष ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे को लेकर पत्रकारों ने चुनाव आयुक्त से सवाल किया। इस पर बोलते हुए चुनाव आयुक्त ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि संबंधित मनपा के आयुक्तों से रिपोर्ट मांगी गई है। इस रिपोर्ट के बाद चार चीजों की जांच की जाएगी। एक वह उम्मीदवार है जो निर्विरोध चुना गया क्या उस उम्मीदवार ने अन्य उम्मीदवारों पर कोई दबाव डाला था? दूसरा, क्या चुनाव से हटने वाले उम्मीदवारों पर कोई दबाव था? या उन्हें लालच दिया गया था? अगर ऐसा कुछ हुआ था, तो क्या उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी? क्या किसी और को इस बारे में कोई शिकायत है? क्या वह उम्मीदवार जो स्वेच्छा से चुनाव से हट गया था? हम रिपोर्ट में इन बातों पर गौर करेंगे। चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बताया है कि रिपोर्ट मिलने के बाद हम निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के संबंध में आगे निर्णय लेंगे।

# 'बॉर्डर' को अपनी शानदार फिल्मों में से एक मानते हैं सुनील शेट्टी

अभिनेता सुनील शेट्टी 1997 में आई फिल्म बॉर्डर को अपने कैरियर की शानदार फिल्मों में से एक मानते हैं और उनका कहना है कि अगर फिल्म में उनके किरदार की मौत न हुई होती तो वह बॉर्डर 2 में जरूर नजर आते। बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बॉर्डर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की वास्तविक घटनाओं पर आधारित थी, जिसमें सुनील शेट्टी ने कैप्टन भैरों सिंह की भूमिका निभाई थी। सिंह भारतीय सेना में अधिकारी थे और युद्ध में शहीद हो गए थे। बॉर्डर जेपी दत्ता ने बनाई थी। सुनील शेट्टी ने कहा कि मैं इस फिल्म (बॉर्डर) को कभी नहीं भूलूंगा। जब मुझे यह किरदार निभाने का प्रस्ताव मिला था, तो मैं डर गया था। मुझे लगा कि क्या मैं इस किरदार को निभा पाऊंगा, क्योंकि पर्दे पर कोई काल्पनिक किरदार निभाना आसान है, लेकिन असल जिंदगी का कोई किरदार निभाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब मुझे अपने किरदार की मौत वाला सीन मिला, तो मैं बहुत खुश था। देश के लिए मरने पर अच्छा लगता है, लेकिन पहली बार मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं बॉर्डर में जिंदा रहता, तो शायद बॉर्डर 2 का भी हिस्सा बनता। मुझे हमेशा वर्दी पहनने की इच्छा रही है।



अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी सहित कई नए कलाकार दिखाई देंगे। सुनील शेट्टी ने कहा कि 2021 में आई फिल्म तड़प से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले उनके बेटे अहान को मौका देने के लिए वह फिल्म निर्माता के आभारी हैं। सुनील शेट्टी ने कहा कि यह उसकी (बेटे की) दूसरी फिल्म है और उसे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी दूसरी ही फिल्म में नौसेना अधिकारी की भूमिका निभाने का अवसर मिलना और संभवतः भारतीय सिनेमा में चित्रित होने वाले पहले नौसेना अधिकारियों में से एक की भूमिका निभाना वास्तव में खास है। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।

# अदा ने न्यूकमर्स को दिए सफलता के टिप्स



द केरल स्टोरी जैसी सफल फिल्म का हिस्सा रहीं अभिनेत्री अदा शर्मा ने एक्टिंग कैरियर में लंबा सफर तय किया है। उनकी कुछ फिल्में सुपरहिट रहीं, जबकि कुछ बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं। अदा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री उतार-चढ़ाव से भरी है। उन्होंने न्यूकमर्स को भी सफलता के टिप्स दिए। अदा ने नए कलाकारों को बताया कि कैरियर के मुश्किल दौर में घबराने की जरूरत नहीं है। बस फोकस बनाए रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें। मेहनत, धैर्य और सकारात्मकता के साथ चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। अदा शर्मा ने नए कलाकारों को सफलता के मंत्र दिए। अदा ने इंडस्ट्री की कठिनाइयों पर खुलकर बात की और सलाह दी कि यहां आने से पहले पूरी तरह आश्वस्त होना चाहिए। अदा शर्मा ने कहा कि न्यूकमर्स को मेरी सलाह है कि अगर वे इंडस्ट्री जॉइन करना चाहते हैं, तो उन्हें आश्वस्त होना चाहिए कि मुश्किलों के दौर में भी उनका डटकर मुकाबला करना सफलता दिलाएगा। इंडस्ट्री में बहुत सारे उतार-चढ़ाव हैं। आप सिर्फ फाइनल मूवी देखते हैं, लेकिन उस मूवी या रोल तक पहुंचने के लिए कितने ऑडिशंस देने पड़ते हैं, कितने रिजेक्शन झेलने पड़ते हैं, कितने दिन बिना काम के गुजरते हैं और कितने सालों तक रुक-रुककर इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इन तमाम मुश्किलों के बाद शायद एक ब्रेक मिलता है, लेकिन वह कब मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। एक ब्रेक सुपरहिट होने के बाद भी अगली फिल्म कब मिलेगी, यह भी पता नहीं होता। ऐसे में मन को मजबूत रखना बहुत जरूरी है। जब चीजें ठीक नहीं चल रही होंगी, तो बहुत से लोग सलाह देंगे कि यह नहीं करना चाहिए था, तुम इस सेक्टर में गलत आ गए। ऐसे समय में डिप्रेशन में न जाएं, इसके लिए अपना मन मजबूत रखें। इंडस्ट्री में सफलता की कोई निश्चित समय सीमा नहीं होती और रिजेक्शन आम बात है। अदा शर्मा ने सुझाव दिया कि बाकी कई शौक जरूर रखें, जो मन को शांत रखने में मदद करते हैं। खासकर जब काम नहीं चल रहा हो या जीवन में मुश्किलें हों, तब ये हॉबीज बहुत काम आती हैं।

# नुपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं शादी की तस्वीरें

अभिनेत्री कृति सेनन की बहन नुपूर सेनन ने बॉयफ्रेंड स्टेबिन से उदयपुर में चंद करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में शादी कर ली है। नुपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने शादी की खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इन तस्वीरों में दोनों के खास दिन की झलक साफ दिखाई दे रही है, जिसमें नुपूर और स्टेबिन एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। लाल रंग के जोड़े में गायिका बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। पोस्ट कर नुपूर ने लिखा, तू मेरे कल दा सुकून। ते अज्ज दा शुक्र। नुपूर और स्टेबिन ने दोनों क्रिश्चियन और हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह किया, जहां क्रिश्चियन वेडिंग में उन्होंने व्हाइट रंग का खूबसूरत गाउन पहना हुआ था, तो वहीं वे हिंदू वेडिंग में उन्होंने लाल रंग का जोड़ा पहना। 7 जनवरी को कृति परिवार के साथ उदयपुर पहुंची थीं, जिसके बाद 8 जनवरी को नूपुर और स्टेबिन की संगीत सेरेमनी हुई। संगीत सेरेमनी में नूपुर ने सजना जी वारी वारी सॉन्ग पर परफॉर्मेंस दी। इसके अलावा, कृति ने भी कई गानों पर थिरकते हुए बहन के लिए परफॉर्म किया। नुपूर के कैरियर की बात करें तो वह साल 2019 में म्यूजिक वीडियो फिलहाल में पहली बार नजर आई थीं। इसमें उनके अपोजिट अक्षय कुमार नजर आए थे। उसके बाद 2021 में दोनों का साथ में फिलहाल 2: मोहब्बत एलबम आया था। बॉलीवुड में आने से पहले अभिनेत्री ने तेलुगू फिल्म टाइगर नागेश्वर राव से अभिनय में कदम रखा था। साल 2026 में नुपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म नूरानी चेहरा से अपना डेब्यू करने वाली हैं। स्टेबिन म्यूजिक इंडस्ट्री में साल 2018 से एक्टिव हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी गाने गाए हैं।



## पुलकित ने लोकेशन्स के महत्व को लेकर की बात

बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट का नॉर्थ इंडिया के लिए प्यार एक बार फिर स्क्रीन पर दिखने वाला है। उनकी फिल्म राहु केतु सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान पुलकित ने फिल्म के लोकेशन्स के महत्व को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सिर्फ कहानी ही नहीं, बल्कि सेट और उसकी जगह भी दर्शकों को कहानी से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म फुकरे का भी उदाहरण दिया, जो दिल्ली की गलियों और कॉलेज की जिंदगी से जुड़ी हुई थी। पुलकित ने कहा कि फुकरे ने दर्शकों को न केवल हंसाया, बल्कि उन्हें दिल्ली की असली जिंदगी का अनुभव भी कराया। अब नई फिल्म राहु केतु शिमला और दिल्ली के खूबसूरत बैकड्रॉप पर आधारित है। जब कहानी ऐसी जगहों पर घटती है, जहां की संस्कृति और माहौल पूरी तरह से जीवंत हैं, तो वह दर्शकों के लिए और भी रोचक हो जाती है। पुलकित ने कहा कि नॉर्थ इंडिया का अपना अलग ही फ्लेवर है, यहां के लोग, यहां के पहाड़, यहां की गलियां और यहां की रोजमर्रा की जिंदगी कहीं और देखने को नहीं मिलती। पुलकित ने कहा कि पिछले कुछ सालों में फिल्ममेकर्स ने नॉर्थ इंडिया के सांस्कृतिक रंग और स्थानीय खासियतों को बड़े पर्दे पर पेश करना शुरू किया है। दिबाकर बनर्जी और अमृत शर्मा जैसे निर्देशक इस इलाके की गहराई और विविधताओं को अच्छी तरह समझते हैं। उनकी कहानियां इतनी सजीव लगती हैं कि दर्शक सीधे उस जगह के माहौल में खो जाते हैं। यह बदलाव हिंदी सिनेमा के लिए बेहद ताजगी भरा है। उन्होंने कहा कि मुंबई की फिल्मों से हम लंबे समय तक वाकिफ रहे, लेकिन अब दिल्ली और शिमला जैसे शहरों की कहानियों ने भी दर्शकों का ध्यान खींचना शुरू कर दिया है।



# खुद को लकी महसूस कर रही हैं मिथिला

त्रिभंगा, कारवां और चॉपस्टिक जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री मिथिला पालकर के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अब मिथिला वीर दास और आमिर खान के साथ काम कर खुद को लकी महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री मिथिला पालकर ने खास बातचीत में फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए और ये भी बताया कि आमिर खान के साथ काम करना कैसा लगा। फिल्म हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस में मिथिला पालकर ने महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। फिल्म को हां करने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि न करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है, क्योंकि ये मेरे कैरियर की पहली कॉमेडी फिल्म है और फिल्म से इतने बड़े लोग जुड़े हैं, जिन्होंने अपने कैरियर में कमाल किया है। फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन में बन रही है और मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। फिल्म हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस में अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म मेरे लिए भी बहुत अलग है। फिल्म में मेरा बोलने का तरीका, चलने का तरीका बिल्कुल अलग है। इस फिल्म के लिए मुझे खुद को अलग नजरिए से परखने का मौका मिला है। फिल्म में मिथिला ने रूपा नाम की बोल्ड और बिंदास लड़की का रोल प्ले किया है। सेट पर शूटिंग के समय मिथिला को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि कॉमेडी उनके लिए नया जॉनर है। उन्होंने कहा कि रूपा का किरदार निभाना मुश्किल रहा, क्योंकि रूपा बोल्ड और बिंदास है, उसकी अलग दुनिया है और शूटिंग के दौरान अपशब्दों से भरे वाले डायलॉग्स मुश्किल रहे। सबसे ज्यादा मुश्किल था वीर को थप्पड़ मारना, क्योंकि रूपा एक ऐसा किरदार है, जिसके अंदर गिल्ट नहीं है।



# आयुर्वेद में मना हैं ये 10 चीजें, फिर भी रोज करते हैं ज्यादातर लोग! आप भी चेक करें

आयुर्वेद सिर्फ चिकित्सा पद्धति ही नहीं है, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। अगर आप आयुर्वेद के नियम अपने जीवन में अपनाते हैं, तो कई बीमारियां वैसे ही दूर रहती हैं। हालांकि ऐसी भी कई चीजें हैं, जिन्हें आयुर्वेद में करने से मना किया गया है, लेकिन हैरानी की बात है कि हम में से ज्यादातर लोग डेली बेसिस पर ये चीजें करते हैं। आइए जानते हैं -



**खाने के बाद ठंडा पानी पीना**

खाने के तुरंत बाद ठंडा पानी पीने से अग्नि (डाइजेस्टिव फायर) स्लो होती है, मेटाबॉलिज्म धीमा होता है और गट में मौजूद फैट कठोर हो जाता है। कई मॉडर्न स्टडीज भी बताती हैं कि ऐसा करने से एंजाइम एक्टिविटी स्लो होती है और न्यूट्रिएंट एब्जॉरपशन कम होता है।

**ब्रेकफास्ट न खाना या फिर ठंडा खाना**

सुबह का ब्रेकफास्ट दिनभर की सबसे जरूरी मील होता है। ये शरीर को दिनभर के लिए एनर्जी देता है। ये भी ध्यान रखें कि



सुबह का ब्रेकफास्ट ठंडा न हो। आयुर्वेद के मुताबिक सुबह का समय 'कफ' का होता है, इसलिए गर्म और हल्का भोजन करना चाहिए।

**देर से सोना और जागना**

आयुर्वेद की मानें तो सुबह ब्रह्ममुहुर्त (सूरज उगने से पहले) का समय उठने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इससे शरीर में हार्मोनल बैलेंस बना रहता है और मेंटल क्लैरिटी भी मिलती है। वहीं देर रात तक जागना सेहत के लिए बहुत खराब माना जाता है।

**दिन छिपने के बाद फोन का ज्यादा इस्तेमाल**

सूरज ढलने के बाद फोन या टीवी जैसे चीजों से दूरी बना लेनी चाहिए। दरअसल इनसे निकालने वाली ब्लू लाइट स्लीप हार्मोन (मेलाटोनिन) को डिस्टर्ब कर देती है। आयुर्वेद की भाषा में इसे पित्त का बिगड़ना कहते हैं।

**खाने के साथ या बाद में फल खाना**

खाने के साथ या तुरंत बाद फल खाने से पेट में 'अमा' (टॉक्सिंस) और फर्मेंटेशन हो सकता है। न्यूट्रीशनिस्ट भी कहते हैं कि फ्रूट शुगर तेजी से डाइजेस्ट होती है, जो हेवी फूड्स के साथ मिलकर पेट में एसिडिटी और ब्लोटिंग की समस्या पैदा कर सकती है।

**खाने के तुरंत बाद नहाना**

खाने के तुरंत बाद नहाने से पाचन बिगड़ता है। आयुर्वेद के अनुसार खाना खाने के बाद कम से कम दो घंटे रुकना चाहिए, फिर उसके बाद ही स्नान करना चाहिए।

**खड़े होकर पानी पीना**

खड़े होकर पानी पीने से किडनी का फिल्टरेशन प्रॉसेस डिस्टर्ब होता है और नसों पर भी दबाव पड़ता है। इसलिए आयुर्वेद में पानी को हमेशा आराम से बैठकर, घूंट-घूंट भर कर पीने की सलाह दी गई है।

**दूध को फल, नमक और मछली के साथ खाना**

दूध के साथ फल, नमक और मछली 'विरुद्ध आहार' कहे जाते हैं। इन्हें साथ में खाने से स्किन डिसऑर्डर, एलर्जी और गट इंबैलेंस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मॉडर्न साइंस में भी बताया गया है कि ये फूड्स प्रोटीन के एब्जॉरपशन को खराब करते हैं।

**दुखी, गुस्सा या फोन चलाते हुए खाना**

अगर आप दुखी मन से, गुस्से में या फोन में लगे हुए खाना खाते हैं, तो आपके पेट की अग्नि (डाइजेस्टिव फायर) धीमी हो जाती है। जिस वजह से खाना ठीक से नहीं पचता और साथ ही कई डाइजेस्टिव इश्यू भी हो सकते हैं।

**मौसम के साथ न बदलना**

आयुर्वेद ऋतुओं पर आधारित है, जिसमें हमेशा इस बार पर जोर दिया जाता है कि मौसम बदलने के साथ-साथ खानपान, लाइफस्टाइल और नींद में भी बदलाव लाना चाहिए। मॉर्डन साइंस भी इस बात की पुष्टि करती है।

# स्किन एक्सपर्ट की सलाह: शादी से पहले चेहरे के पिंपल्स को ऐसे करें कंट्रोल

शादी की फोटोज में परफेक्ट दिखने की चाहत, इस परेशानी को और बढ़ा देती है। ऐसे में अगर आप भी इस दौर से गुजर रही हैं और चेहरे पर नजर आने वाले इन दुश्मनों को समय रहते ठीक करना चाहती हैं तो सीके बिड़ला अस्पताल (गुरुग्राम) की त्वचा विशेषज्ञ डॉ. रूबेन भसीन आपकी मदद कर सकती हैं। शादी की तैयारियों के बीच अक्सर होने वाली दुल्हन को एक समस्या बेहद परेशान करती है। जी हां, यह समस्या है शादी से कुछ दिन पहले चेहरे पर निकलने वाले अनचाहे पिंपल्स। दरअसल, शादी की तैयारियां लाइफ में जितनी खुशी और उत्साह साथ लेकर आती हैं, उतना ही तनाव भी पीछे-पीछे साथ चला आता है। तनाव, नींद की कमी और नए-नए प्रोडक्ट चेहरे पर ट्राई करने की वजह से शादी से कुछ हफ्ते पहले एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। तनाव बढ़ने पर कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है, जिससे त्वचा की तेल ग्रंथियां ज्यादा तेल (सीबम) बनाने लगती हैं, जिससे रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और मुंहासे या फुंसियां निकलने लगती हैं। इससे अलग शादी की फोटोज में परफेक्ट दिखने की चाहत, इस परेशानी को और बढ़ा देती है। ऐसे में अगर आप भी इस दौर से गुजर रही हैं और चेहरे पर नजर आने वाले इन दुश्मनों को समय रहते ठीक करना चाहती हैं तो सीके बिड़ला अस्पताल (गुरुग्राम) की त्वचा विशेषज्ञ डॉ. रूबेन भसीन आपकी मदद कर सकती हैं।



डॉ. रूबेन भसीन कहती हैं कि शादी वाले हफ्ते में नए प्रोडक्ट बिल्कुल न आजमाएं। इस समय 'स्टेबिलिटी' सबसे जरूरी है। कोई भी नया क्लेंजर, स्क्रब या सीरम अगर बहुत अच्छा दावा कर रहा हो तो भी उसका इस्तेमाल शादी से कुछ हफ्ते पहले न करें। ऐसा करने से स्किन में जलन, रिएक्शन या पर्जिंग शुरू हो सकती है। अपने ब्यूटी रूटीन को बेहद सिंपल रखें, हल्का क्लेंजर, हल्का मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन, बस इतना ही काफी है। इससे स्किन बैरियर मजबूत रहता है और रेडनेस व सेंसिटिविटी कम होती है।



**स्पॉट ट्रीटमेंट सही तरीके से करें**

सही तरह से इस्तेमाल किए जाएं तो स्पॉट ट्रीटमेंट पिम्पल्स को तेजी से छोटा कर देते हैं।

- **सैलिसिलिक एसिड-** पोर्स में जाकर ऑयल कम करता है।
- **बेंजॉयल पेरॉक्साइड-** सूजन और बैक्टीरिया पर काम करता है।
- **सल्फर बेस्ड क्रीम-** लाली कम करती हैं और व्हाइटहेड फ्लैट करती हैं
- **ध्यान रखें ये बातें-** एक साथ कई एक्टिव्स (रेटिनॉल, व्हिटॅमिन सी, एसिड्स) न लगाएं। इससे स्किन जल सकती है या छिलने लगती है। शादी वाले हफ्ते में 'कम ही ज्यादा है' वाला तरीका सबसे सुरक्षित है।

**पिम्पल्स को न दबाएं, न छुएं**

फोटोशूट के ठीक पहले पिम्पल दिख जाए तो उसे दबाने का मन करता है, लेकिन यह सबसे बड़ी गलती होती है। इससे दाग, डार्क स्पॉट और सूजन बढ़ जाती है और ठीक होने में ज्यादा वक्त लगता है। दुल्हन को चाहिए कि वह चेहरा बार-बार न छुएं।

- गर्म सेंक से दर्द कम होता है
- खासकर मेकअप से पहले ठंडी पट्टी से सूजन घटती है

**डर्मेटोलॉजिस्ट के क्विक-फिक्स ट्रीटमेंट्स**

शादी वाले हफ्ते में स्किन स्पेशलिस्ट कई ऐसे ट्रीटमेंट देते हैं, जो जल्दी असर करते हैं और जलन नहीं बढ़ाते हैं।

- माइल्ड सैलिसिलिक एसिड पील- पोर्स साफ कर देता है
- एलईडी रेड या ब्लू लाइट थेरेपी- सूजन और बैक्टीरिया कम करती है
- कॉर्टिसोन इंजेक्शन- अगर बड़ा, दर्दभरा सिस्टिक पिम्पल हो तो 24 घंटे में काफी फ्लैट हो जाता है
- ये ट्रीटमेंट्स जल्दी और सुरक्षित सुधार देने के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।

**नींद, पानी और खाने का बड़ा रोल**

शादी वाले हफ्ते में रातें लंबी और खानपान अनियमित हो जाता है, लेकिन छोटे बदलाव बहुत मदद करते हैं।

- खूब पानी पिएं
- मीठा, तला हुआ, और शराब कम करें
- हर रात लगभग 7 घंटे की नींद लें
- नींद हार्मोन को संतुलित रखती है और स्किन की रिकवरी तेज करती है।



**मेकअप और टूल्स साफ रखें**

गंदे ब्रश, स्पंज और तकिए के कवर पिम्पल्स को और बढ़ा सकते हैं। इसलिए-

- मेकअप टूल्स साफ करें
- नॉन-कॉमेडोजेनिक मेकअप चुनें
- रात को मेकअप पूरी तरह साफ करके ही बिस्तर पर जाएं।
- हलका डबल-क्लेंज पोर्स को बिना सुखाए साफ रखता है।

**एक्सपर्ट की सलाह**

शादी वाले हफ्ते का एक्ने बिल्कुल काबू में किया जा सकता है बस स्किन के साथ नरमी बरतें, नए प्रयोग न करें और जरूरत पड़े तो प्रोफेशनल की मदद लें। इससे स्किन शांत, स्मूद और शादी वाले दिन के लिए पूरी तरह तैयार रहती है।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 348



**बाएं से दाएं :** 1. श्रीकृष्ण का एक नाम 4. अग्नि, आग 6. रात को नहीं दिखाई देने वाला एक रोग 7. विस्तारित करना, फैलाना 9. रिपोर्ट 11. सोना, धतूरा 13. विवश, लाचार 17. सरिता, तटिनी 19. अवनति की ओर अग्रसर 21. अनाज, अन्न 23. विजई पताका, झंडा 24. आत्मग्लानि

**ऊपर से नीचे :** 2. निर्जन, वीरान 3. नहीं तो 4. धैर्य रहित, परेशान 5. मस्तक, माथा 7. घी में पका खाद्य पदार्थ 8. धन-दौलत, रुपया-पैसा 10. खग, चिड़िया 12. कपोत नामक पक्षी 14. जपने का भाव 15. बल्लेबाजों द्वारा लगाई दौड़ 16. आवरण 18. दर्शन, मुलाकात 20. चेचक नामक बीमारी 22. नृत्य

## मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | |
| 5 | 4 | 1 | | 3 | 6 |
| | 3 | | | 4 | |
| 4 | | | | | 3 |
| 1 | 6 | | 3 | 2 | 5 |
| | | 3 | | | |

## छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | | | |
| | | 2 | |
| 2 | | | 4 |
| | 1 | | |

## सूडोकू नवताल- 348

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | 5 | | 1 | 4 | | |
| | 4 | 2 | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| 4 | | | | | 6 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | 1 | 2 | |
| | | 8 | 6 | | 5 | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 2 | 3 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली क्र. 347 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | र्जी | व | ■ | ग | ह | ब | र |
| र | ■ | ज | हा | ज | ■ | वा | म |
| प | व | न | ■ | ब | ह | ल | ■ |
| रा | र | ■ | मो | द | क | ■ | मो |
| ध | मा | ल | ■ | न | ■ | मा | ह |
| ■ | ला | ग | त | ■ | पा | ता | ल |
| भा | ■ | भ | र | मा | र | ■ | त |
| प | रा | ग | ■ | दा | स | त्व | ■ |

### सूडोकू नवताल- 347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# मुंबई में तेज हुआ महिला सशक्तिकरण

राज्य सरकार की योजनाओं के कारण लाखों महिलाएं लाभान्वित

लाडकी बहिन योजना से 13 लाख से अधिक महिलाओं को हुआ लाभ





महाराष्ट्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के कारण मुंबई में महिलाओं को भारी वित्तीय, सामाजिक और शैक्षणिक लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना सहित 'लेक लाडकी', 'मातृवंदना' और कर्ज सुविधा जैसी योजनाओं ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य सरकार ने महिला सशक्तीकरण को महत्व दिया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। कुछ प्रमुख योजनाओं ने मुंबई शहर और उपनगरों में लाखों महिलाओं को सीधे लाभ पहुंचाया है, जिससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और वित्तीय स्थिरता को मजबूत किया गया है। अकेले मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना का लाभ 13 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है।

## ‘लेक लाडकी’ योजना : लड़कियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहायता



इस योजना का मुख्य उद्देश्य लड़कियों की जन्म दर को बढ़ाना, उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल विवाह को रोकना और कुपोषण को कम करना है। मुंबई शहर में 228 और उपनगरों में 1,606 लाभार्थी हैं।

**पात्रता:** महाराष्ट्र में जन्मी लड़की, वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख रुपए से कम, पीला या नारंगी राशन कार्ड, 1 अप्रैल 2023 के बाद जन्मी लड़की।

**चरणों में लाभ:** जन्म के बाद 5,000 रुपए; कक्षा 1 में 6,000 रुपए; कक्षा 6 में 7,000 रुपए; कक्षा 11 में 8,000 रुपए; 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद 75,000 रुपए। कुल सहायता 1,01,000 रुपए तक।

इस योजना के लाभों में लड़कियों की निरंतर शिक्षा, आगे की शिक्षा और रोजगार के लिए वित्तीय सहायता, बाल विवाह की रोकथाम और लड़कियों के स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिति को मजबूत करना शामिल है। आवेदन करने के लिए स्थानीय महिला एवं बाल विकास कार्यालय या आंगनवाड़ी सेविका से संपर्क करें।

## महिला सशक्तिकरण का व्यापक प्रभाव

इन योजनाओं ने मुंबई में महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को बड़ा बढ़ावा दिया है। सरकार के इन प्रयासों से परिवार में महिलाओं की स्थिति मजबूत हो रही है और उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसी योजनाएं महिला सशक्तीकरण में क्रांति ला रही हैं। इन योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने भी योजनाओं के प्रति अपनी संतुष्टि व्यक्त की है। इन योजनाओं से मिली मदद हमारे जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव है और यह हमारे लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए फायदेमंद है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार की ये विभिन्न पहल महिलाओं को अधिक सशक्त और समृद्ध बना रही हैं।

## ‘माझी लाडकी बहिन’ योजना: वित्तीय स्वतंत्रता की कुंजी




महाराष्ट्र सरकार की इस प्रमुख योजना का उद्देश्य महिलाओं का वित्तीय सशक्तीकरण है। इस योजना से मुंबई शहर में 3 लाख 77 हजार 300 महिलाएं और उपनगरों में 9 लाख 49 हजार 205 महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, आत्मनिर्भरता बढ़ाना, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना और परिवार में उनकी भूमिका को मजबूत करना है।

**लाभ:** 1,500 रुपए प्रति माह सीधे डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में जमा।

**पात्रता:** महाराष्ट्र का निवासी, आयु 21 से 65 वर्ष, वार्षिक पारिवारिक आय 2.50 लाख रुपए से कम, आधार से जुड़ा बैंक खाता।

इस योजना की महिला लाभार्थियों को मुंबई बैंक में जीरो बैलेंस खाता खोलने की सुविधा दी गई है। अब तक 53,357 महिलाओं ने ऐसे खाते खोले हैं, जिनमें 10,000 रुपए से लेकर 1,00,000 रुपए तक का ऋण उपलब्ध है। इस ऋण को 1,500 रुपए के मासिक वेतन से किश्तों में चुकाया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि 5 से 10 महिलाओं के समूह को एक साथ आकर व्यवसाय शुरू करने का भी अवसर मिलता है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक स्वावलंबन मिल रहा है तथा लाडकी बहिन योजना का लाभ मिलने से महिलाएं ऋण योजना के लिए अपात्र नहीं हैं।

## ‘मातृवंदना’ योजना गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता

इस योजना से मुंबई शहर में लगभग 4,500 महिलाओं और उपनगरों में 7,500 महिलाओं को लाभ हुआ है। मुंबई में कुल 12,000 लाभार्थियों को आंगनबाड़ियों के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जाती हैं (शहर में 226, उपनगरों में 4,221)।

लाभः दो किश्तों में कुल 5,000 रुपए - गर्भावस्था पंजीकरण के बाद 3,000 रुपए; प्रसव और टीकाकरण के बाद 2,000 रुपए।

पात्रताः पहली बार गर्भवती, सरकारी नौकरी में नहीं, भारतीय नागरिक।

आवेदनः आंगनवाड़ी सेविका या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पंजीकरण। आवश्यक दस्तावेजः आधार कार्ड, गर्भावस्था प्रमाणपत्र, बैंक विवरण।

नई टोल-फ्री हेल्पलाइन 1515 (पहले 14408) के माध्यम से आवेदन की स्थिति, प्रश्न और शिकायतें की जा सकती हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति पर बागडे ने दी शुभकामनाएं

**यशोभूमि/एजेंसी**



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मकर संक्रांति पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। बागडे ने सभी से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।

### सेना दिवस परेड का हुआ आखिरी भव्य अभ्यास

**यशोभूमि/भाषा**

**जयपुर।** जयपुर में 15 जनवरी को होने वाली सेना दिवस परेड को लेकर मंगलवार को महल रोड (जगतपुरा) पर आखिरी ‘फुल ड्रेस’ अभ्यास हुआ। हेलिकॉप्टर फ्लाई पास्ट के साथ इसकी शुरुआत हुई। अभ्यास देखने के लिए सुबह आठ बजे ही आमजन पहुंच गए जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स और युवा शामिल थे। परेड के दौरान भारतीय सेना के ‘टॉरनेडो’ दल के जवानों ने मोटरसाइकलों पर करतब दिखाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। सात मोटरसाइकिल पर सवार 32 जवानों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर हैरतअंगेज करतब दिखाए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित झांकी भी प्रस्तुत की गई।

### पंजाब और हरियाणा में भीषण शीत लहर

**यशोभूमि/भाषा**

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा मंगलवार को भीषण ठंड की चपेट में रहे और दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछले नौ वर्षों में सबसे कम है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि चंडीगढ़ में 11 जनवरी, 2017 को न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस और 24 जनवरी, 2016 को न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पंजाब के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ी, जहां एसबीएस नगर के बल्लोवाल सौंखरी में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## अस्पताल के पॉलीट्रॉमा गहन चिकित्सा इकाई में भरा पानी

**यशोभूमि/भाषा**

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के पॉलीट्रॉमा गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) के पास सोमवार देर रात पाइप से पानी का रिसाव हो गया, जिससे पूरे आईसीयू में पानी भर गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी जिसने 14 गंभीर मरीजों को अन्यत्र स्थानांतरित किया। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. बी.एल. यादव ने बताया कि आईसीयू की जगह पहले यहां पर कुछ कमरे और शौचालय बने हुए थे। उन्होंने बताया कि जब यहां पर आईसीयू बनाया गया तो पानी की पुरानी लाइनों को दबा दिया गया। ‘काफी समय दबी रहने के कारण लाइनें गल गई, इस वजह से पानी आने लगा।’ उन्होंने बताया कि आईसीयू में भर्ती 14 मरीजों में से 10 वेंटिलेटर पर थे, उन्हें दूसरी जगह भेजा गया। इनमें दो मरीज ऐसे थे जो सामान्य थे, जिन्हें न्यूरोसर्जरी के सामान्य वार्ड में भेजा गया। चार मरीजों को बांगड़ के आईसीयू में, दो मरीजों को ऑपरेशन थिएटर स्थित ‘ऑब्जर्वेशन बेड’ पर भेजा गया। शेष मरीजों को ट्रॉमा सेंटर में ही बनी आपातकालीन इकाई में भेजा गया।

**14 गंभीर मरीजों को किया गया अन्यत्र स्थानांतरित**

## ट्रक–पिकअप टक्कर में युवक की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**अलवर।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में कांदोली बाइपास पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में पिकअप सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार रैणी थाना क्षेत्र के बीटोली गांव निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत अपने पड़ोसी धर्म सिंह राजपूत और पिकअप चालक छोटेलाल के साथ भैंस छोड़ने के लिए बहन के घर (मुंडावर) गया था।

**दो लोग गंभीर रूप से घायल**



काम निपटाकर तीनों पिकअप से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कांदोली बाइपास के पास सामने से तेज गति में आ रहे ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप पलट गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में नरेंद्र सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं धर्म सिंह राजपूत और चालक छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अलवर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां धर्म सिंह का इलाज जारी है, जबकि एक घायल को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया। सूचना मिलते ही राजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कड़ाके की सर्दी का कहर जारी माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**यशोभूमि/एजेंसी**

**जयपुर।** राज्य में कड़ाके की सर्दी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी प्रदेश के 10 शहरों में तेज सर्दी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर सहित प्रदेश के आठ जिलों में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों की छुट्टी आज भी जारी रही। हालांकि, मौसम विभाग ने मकर संक्रांति के बाद सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान माइनस में मापा गया। छह शहरों में सुबह बर्फ जम गई, जबकि 10 से अधिक शहरों का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं, दिन में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली।

**10 शहरों में यलो अलर्ट**



अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। तेज सर्दी के साथ घना कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। मंगलवार सुबह चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गई। उदयपुर में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। वहीं, एनसीआर से सटे जिलों में बर्फीली हवा के साथ पाला जमने की स्थिति भी देखने को मिली।

पिछले 24 घंटे में सीकर, चूरू, जैसलमेर, झुंझुनूं, बीकानेर, श्रीगंगानगर और फलोदी के कई इलाकों में सुबह बर्फ जम गई। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान माउंट आबू में माइनस एक डिग्री और फतेहपुर में माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा झुंझुनूं, लूणकरणसर, दौसा, करौली, सिरोही, नागौर, गंगानगर, चूरू, जैसलमेर, सीकर, पिलानी और अलवर में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से नीचे रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 15 जनवरी के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे सुबह-शाम की गलनभरी सर्दी से लोगों को कुछ राहत मिल सकती है।

## कर्मचारी से 30,000 कनाडाई डॉलर लूटे

**यशोभूमि/भाषा**

**लुधियाना।** वित्तीय सेवा कंपनी के एक कर्मचारी से 30,000 कनाडाई डॉलर लूटने के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से लूटी गई राशि भी बरामद कर ली गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लुधियाना पुलिस के अनुसार, लूट की यह वारदात पांच जनवरी को वेरका दूध संयंत्र के पास हुई थी। लुधियाना के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रूपिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

## स्कूल के बाहर धरना दे रही छात्राएं रोने लगीं

**यशोभूमि/एजेंसी**

**भीलवाड़ा।** बीगोद क्षेत्र के नंदराय गांव के सरकारी स्कूल के शिक्षक के तबादले से जनाक्रोश भड़क गया। कड़ाके की सर्दी में स्कूल के तालाबंदी कर विद्यार्थी और ग्रामीण बाहर धरने पर बैठ गए। धरना मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पुलिस के साथ ग्रामीणों की कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन रात तक बेनतीजा रही। ग्रामीण शिक्षक का तबादला निरस्त करने पर अड़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार नंदराय गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय है। यहां कार्यरत शिक्षक शंकरलाल जाट का हाल ही में अन्यत्र तबादला कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में पहले से ही शिक्षकों की कमी है। जब तक शिक्षक का तबादला निरस्त नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके बाद स्कूल के बाहर ही टेंट और बिस्तर लगाकर सो गए। मंगलवार सुबह स्कूल के अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। इसी दौरान कुछ छात्राएं भावुक होकर रोने लगीं, जिन्हें ग्रामीणों ने छात्रों को ढांढस बंधाया। शिक्षक शंकरलाल ने इस वर्ष 12वीं कक्षा के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को हवाई यात्रा भी करवाई थी।



## अवैध पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पानीपत।** पुलिस ने समालखा बस अड्डे के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी कि पहचान शामली जिले के तितरवाड़ा गांव निवासी नौमान के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि उनकी टीम सोमवार रात को गश्त के दौरान जीटी रोड पर मनाना मोड़ के पास थी। टीम को तभी सूचना मिली कि समालखा बस अड्डे के बाहर संदिग्ध किस्म का एक युवक घूम रहा है। पूछताछ मे युवक ने अपनी पहचान नौमान पुत्र जाहिद निवासी तितरवाड़ा शामली यूपी के रूप में बताई।

## अरावली संरक्षण को लेकर विशाल जनआंदोलन

**यशोभूमि/एजेंसी**

**अजमेर।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर अजमेर में मंगलवार को व्यापक जनआंदोलन देखने को मिला। अरावली बचाओ अभियान के तहत 12 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय और जनसंगठनों ने मिलकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान अरावली को बचाने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**कलेक्ट्रेट का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा**

रैली की शुरुआत आजाद पार्क से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। हाथों में तख्तियां लिए छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने अरावली बचाओ, खनन बंद करो, प्रकृति बचाओ, भविष्य बचाओ जैसे नारे लगाए। कलेक्ट्रेट पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर लोकबंधु के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई अरावली की नई परिभाषा को निरस्त करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 नवंबर को दिए गए निर्णय में अरावली को परिभाषित करते हुए इसकी ऊंचाई 100 मीटर से अधिक और 500 मीटर विस्तार के दायरे में सीमित करने की बात कही गई है। वर्तमान में इस निर्णय पर भले ही रोक लगी हुई है, लेकिन अरावली को सीमित करने का यह प्रयास पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि इस परिभाषा को लागू किया गया तो अरावली क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में खनन को प्रशासनिक स्वीकृति मिल सकती है। इससे न केवल पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ेगा, बल्कि भूजल स्तर, जैव विविधता और स्थानीय जलवायु पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा।




### प्रदर्शनकारियों ने दी चेतावनी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अरावली पर्वतमाला की कुल 1281 पहाड़ियों में से केवल 1048 ही इस परिभाषा के अनुसार पहाड़ी मानी जाएंगी, जिससे शेष क्षेत्र खनन और अतिक्रमण के लिए खुला रह जाएगा। अरावली बचाओ अभियान से जुड़े वक्ताओं ने कहा कि अरावली पर्वतमाला लाखों वर्षों से इस धरती पर विद्यमान है और यह उत्तर भारत के पर्यावरण संतुलन के लिए जीवनरेखा की तरह है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की कि अरावली की मूल भौगोलिक और ऐतिहासिक पहचान को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं। वैसे तो प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी।

## बरनाला : पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग, दो गैंगस्टर गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**बरनाला।** बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो गैंगस्टरों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान गैंगस्टरों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोलियां चलाई।

**आरोपियों की तलाश में लगी हुई थीं टीमें**

मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस की गाड़ी को भी गैंगस्टरों की गोली लगी है। जानकारी के अनुसार बीते दिन यूनिवर्सिटी कॉलेज के पास संधू पत्ती इलाके में एक घर में घुसकर की गई फायरिंग की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने बड़े ऑपरेशन के तहत शहर के बाहर एक उजाड़ स्थान पर छापेमारी की, जहां आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दूसरे साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी बरनाला मोहम्मद सरफराज आलम ने बताया कि 11 जनवरी को अकरम खान उर्फ अकू और दीपू ने अपने साथियों के साथ मिलकर संधू पत्ती में एक घर में घुसकर फायरिंग की थी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। तभी से पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई थीं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अकरम खान उर्फ अकू के पैर में गोली लगी है। उसके खिलाफ पहले भी हत्या की कोशिश, तस्करी और शराब तस्करी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं। वह वर्ष 2024 में जेल से बाहर आया था और अपने गैंग को सक्रिय करने के लिए इस तरह की आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। गैंग के दूसरे सदस्य दीपू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके खिलाफ भी तस्करी के मामले दर्ज हैं।



दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra
मुंबई | बुधवार, 14 जनवरी 2026 | पृष्ठ 4



## यूपीएससी परीक्षार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम

**यशोभूमि/संवाददाता, ठाणे।** केंद्रीय लोकसेवा आयोग परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों के लिए मनपा द्वारा चलाए जा रहे चिंतामनराव देशमुख ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए डीएएफ फॉर्म फिलिंग और सर्विसेज की प्रेफरेंस पर एक स्पेशल लेक्चर ऑर्गेनाइज किया गया। इस प्रोग्राम में इंस्टीट्यूट के एल्युमिनस और मनपा के डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट में काम कर रहे आईएएस अधिकारी डॉ. नितिन जवाले चीफ स्पीकर के तौर पर मौजूद रहे। इस स्पेशल लेक्चर में ठाणे और मुंबई से बड़ी संख्या में यूपीएससी परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। डॉ. नितिन जावले ने यूपीएससी डीएएफ फॉर्म क्या है, इसे कैसे भरना है, क्या फॉर्म जमा करने के बाद बदलाव किए जा सकते हैं, सेवा वरीयता कैसे दें, कब और कैसे बदलाव संभव हैं, इस पर विस्तृत और स्पष्ट मार्गदर्शन दिया।

# चुनाव प्रचार के दौरान हुई हिंसक झड़पें

**यशोभूमि/संवाददाता**

**भिवंडी।** चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही भिवंडी में हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। नारपोली, भिवंडी शहर और भोईवाड़ा पुलिस थानों में कुल पांच प्राथमिकी दर्ज की

### उम्मीदवारों और समर्थकों पर मामले दर्ज

गई हैं। इन घटनाओं के अनुसार, समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार के पति आलम मुनीर अहमद फारुकी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देर रात प्रचार करने से टोका था। इस बात से नाराज होकर धारदार हथियार से फारुकी के सीने पर वार कर दिया गया। भोईवाड़ा पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं नारपोली में चेतन अशोक पाटील की भाजपा उम्मीदवार नीलेश चौधरी के भाई योगेश, उमेश और अन्य समर्थकों के साथ बहस हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया। प्रभाग क्रमांक 21 में भाजपा उम्मीदवार श्याम अग्रवाल और निर्दलीय उम्मीदवार नितेश ऐनकर के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। दोनों गुटों ने पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया।

## डोंबिवली में बीजेपी उम्मीदवार के पति पर हमला

**यशोभूमि/संवाददाता**

**डोंबिवली।** डोंबिवली के प्रभाग क्रमांक 29 में बीजेपी उम्मीदवार आर्या नाटेकर के पति ओमनाथ नाटेकर पर हमले की घटना सामने आई है। कल्याण परिमंडल जोन डीसीपी अतुल झेंडे ने बताया कि 'चुनाव प्रचार के दरमियां दो पार्टियों कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई हैं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल और दो को मामूली चोट आई है। सात लोगो को गिरफ्तार किया गया है।' इस हमले का आरोप शिवसेना उम्मीदवार नितिन पाटिल और रवि पाटिल पर लगाया गया है। जहां बीजेपी ने इस हमले को चुनावी




हिंसा करार दिया है, वहीं शिवसेना उम्मीदवार नितिन पाटिल ने बीजेपी उम्मीदवार मंदार टावरे, पप्पू म्हात्रे और अन्य पर मतदाताओं को पैसे बांटने का गंभीर आरोप लगाया है। दो दिन पहले शनिवार को भी पैसे बांटने के आरोपों को लेकर विवाद हुआ था, तब भी दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई थी। हमले की घटना के विरोध में बीजेपी की ओर से मूक मोर्चा निकाला गया।

# ठाकरे को अडानी नहीं, आमदनी की चिंता है: आशीष शेलार

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार में मंगलवार को दादर स्थित मुंबई भाजपा कार्यालय में अयोजित प्रेस वार्ता में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना (उबाठा) के पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे की जम कर क्लास ली। शेलार ने कहा कि ठाकरे भाइयों के लिए अडानी कोई समस्या नही हैं, बल्कि उन्हें आमदनी कम होने की समस्या है। गौरतलब है कि शिवाजी पार्क में हुई रैली में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ जम कर बोला था। उसी के बाद से बीजेपी ने भी तेवर कड़े करते हुए ठाकरे बंधुओं के खिलाफ मोर्चा खोल कई



सवाल खड़े किए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बाद अब राज्य के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने भी बयान देकर ठाकरे बंधुओं पर निशाना साधा है। मंगलवार को दादर स्थित बीजेपी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आशीष शेलार ने कहा कि इन लोगों को समस्या अडानी की नहीं है, बल्कि आमदनी कम होने की चिंता है। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि वे इंडस्ट्री के खिलाफ नहीं हैं। इससे साफ होता है कि मुद्दा उद्योग नहीं, बल्कि उनकी अपनी आमदनी है। शेलार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण कई नए स्टार्टअप शुरू हो रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में मराठी युवा काम कर रहे हैं।




**घाटकोपर वेस्ट पार्क साईट क्रमांक 124 में महायुति भाजपा शिवसेना आरपीआई के उम्मीदवार ज्योति हारुन ने प्रचार यात्रा निकाली। इस प्रचार यात्रा में ज्योति हारुन खान के साथ विधायक राम कदम, हारुन खान उपस्थित थे। वर्षा नगर श्मशान भूमि से निकलकर संत निरंकारी हॉल, साने गुरुजी चौक, आनंदगड नाका, रोड नंबर 3, रोड नंबर 4, रोड नंबर 6, रोड नंबर 5, रोड नंबर 1 से होते हुए फायर ब्रिगेड के पास समाप्त हुई।**

## लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं: पंकजा मुंडे

**यशोभूमि/संवाददाता**

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका चुनाव की सरगर्मी आखिरी दिन बढ़ गई। कल्याण में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं हैं। डोंबिवली के प्रभाग क्रमांक 29 में हुए चुनावी हिंसा को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से लड़े जाने चाहिए और हिंसा या हाथापाई जैसी घटनाएँ बेहद निंदनीय हैं। पंकजा मुंडे ने कहा कि राज्य के प्रमुख शहरों में बीजेपी की सभाएं हो चुकी हैं और महानगरपालिका चुनावों में पार्टी को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। राज्य की सियासत में चल रही आपसी आलोचनाओं और अन्य राजनीतिक चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए पंकजा मुंडे ने कहा कि वह इस



समय पूरी तरह चुनाव प्रचार में जुटी हैं। उनका ध्यान जनता तक पहुंचने और सरकार के कामकाज को सामने रखें। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र पवार के साथ तमाम कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

## निर्दलीय रूबी जायसवाल ने सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोगों में किया चुनाव प्रचार

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव का प्रचार मंगलवार को अपने अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार किया। इसी बीच विलेपार्ले विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाली वार्ड- 82 से रूबी जायसवाल निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। शुरू से ही उन्होंने वार्ड 82 में चुनावी प्रचार किया। उनकी प्रचार सभा में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग शामिल हुए। पूरे वार्ड के हर गली-मोहल्लों में घूमकर बैठकों और जनसंपर्क अभियानों के जरिए रूबी जायसवाल ने चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के लोगों की समस्याओं की जानकारी ली और उसे हल करने का संकल्प व्यक्त किया। वह पिछले कई वर्षों से जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं। उन्हें वार्ड की बुनियादी सुविधाओं



से जुड़ी समस्याओं की जानकारी है। लोगों का कहना है कि वार्ड 82 में मुकाबला अब सिर्फ दल बनाम दल नहीं रह गया है, बल्कि यह स्थानीय बनाम बाहरी उम्मीदवार की लड़ाई बन चुका है। जनता का रुझान और पार्टी कार्यकर्ताओं का असंतोष इस वार्ड को चुनावी नतीजों में बड़ा उलटफेर कराने वाला बना सकता है।

वार्ड 82 की सियासत और ज्यादा गर्म होती जा रही है। अब देखना यह होगा कि जनता का यह समर्थन वोट में कितना तब्दील होता है और मतदाता किसको पसंद करते हैं।

## बेटे ने पिता पर किया चाकू से हमला

**यशोभूमि/संवाददाता**

**भिवंडी।** नारपोली पुलिस स्टेशन की सीमा में घरेलू कलह के चलते एक बेटे ने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सुरेश



रोहिदास गायसमुद्रे (45) का पत्नी के साथ लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। 12 जनवरी की शाम करीब 7 बजे महावीर चौक पर सुरेश के बेटे रोहित गायसमुद्रे (24) ने पहले गाली-गलौज की और फिर अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में सुरेश गायसमुद्रे को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# देवी की आरती से करते हैं दिन की शुरुआत: राजू मुल्ला



**मुंबई।** महानगरपालिका चुनाव के मद्देनजर मुंबई में कई दिनों तक सियासी सरगर्मी चरम पर रही। चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में उम्मीदवारों ने जमकर पसीना बहाया। हर कोई मतदाताओं तक पहुंचने के नए-नए तरीके अपनाया। इसी बीच दहिसर के प्रभाग क्रमांक 4 से शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के उम्मीदवार राजू मुल्ला ऐसे उम्मीदवार हैं, जो अपने घर के आंगन में स्थापित देवी की प्रतिमा की पूजा करके दिन की शुरुआत करते हैं। वे कहते हैं कि धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत एक ही होती है। यही सोच उन्हें हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनाती है। डोंगरी से दहिसर आए राजू मुल्ला ने कम उम्र से ही समाजसेवा का रास्ता चुना। कोकणी पाड़ा इलाके में बिजली, सड़क, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्होंने संघर्ष किया, आंदोलन किए और प्रशासन के दरवाजे खटखटाए। गणेशोत्सव मंडल की स्थापना, स्थानीय क्रिकेट टीम बनाना और युवाओं को जोड़ना उनके सामाजिक योगदान का हिस्सा रहा है। राजू मुल्ला के पिता की इच्छा के अनुसार उनकी जमीन पर भवानी माता का मंदिर बनाया गया, जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा खुद राजू और उनकी पत्नी ने की। वे गर्व से कहते हैं कि गणेशोत्सव, रक्षाबंधन और सभी त्योहार हमारे अपने हैं, उनमें पराया भाव क्यों? शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को अपना आदर्श मानने वाले राजू मुल्ला ने 15 वर्षों तक शाखा प्रमुख और उपविभाग प्रमुख के रूप में काम किया। उद्धव ठाकरे ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। वरिष्ठ नागरिक, युवा वर्ग उनकी चुनावी रैली में शामिल हुए। राजू मुल्ला का कहना है कि आगे वे ज्येष्ठ नागरिक भवन, पालनाघर, अध्ययन केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र और डायलिसिस यूनिट जैसी सुविधाएं लाने के लिए प्रयास करेंगे। उनके लिए असली धर्म इंसानियत है और वही उनकी राजनीति की ताकत भी है।

# चुनाव के लिए ठाणे मनपा पूरी तरह तैयार

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** ठाणे मनपा के आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के मार्गदर्शन में 15 जनवरी 2026 को वार्ड 1 से 28 और 30 से 33 में ए, बी, के, डी जैसी 4 सीटों और वार्ड नंबर 29 में ए, बी, सी जैसी 3 सीटों के लिए वोट करना



होने वाले चुनाव की तैयारी लगभग पूरी तरह हो चुकी है। मनपा क्षेत्र के 33 वार्डों में मल्टी मेंबर पैनल तरीके से चुनाव हो रहे हैं और मतदाताओं है। आयुक्त ने चुनाव के हर चरण के काम का रेगुलर रिव्यू किया है और फिजिकल इंस्पेक्शन भी किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी पी.वेलरासु, चुनाव निरीक्षक समीक्षा चंद्राकर भी कड़ी निगरानी रख रहे हैं। ठाणे मनपा क्षेत्र में कुल 16,49,869 मतदाता हैं, जिनमें से 8,63,878 पुरुष और 7,85,830 महिलाएं और 159 अन्य मतदाता हैं।

### नवी मुंबई मनपा चुनाव हेतु तैयार

नवी मुंबई महानगरपालिका आम चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। 15 जनवरी को होने वाले चुनाव की तैयारियां मनपा आयुक्त एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से की गई है। यह चुनाव नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में बहुसदस्यीय पैनल पद्धति से हो रहा है। चुनाव के प्रत्येक चरण के कार्य की समीक्षा आयुक्त द्वारा की गई है तथा भौतिक निरीक्षण भी किया गया है। नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में 9,48,460 मतदाता हैं, जिनमें से 5,16,267 पुरुष और 4,32,040 महिलाएँ और 153 अन्य मतदाता है।

### गलियों में शुरू हुआ 'गुपचुप' रणनीतियों का दौर

लगभग साढ़े आठ साल के लंबे इंतजार के बाद हो रहे भिवंडी नगर निगम के आम चुनाव के लिए प्रचार का शोर मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और अनगिनत उम्मीदवारों ने मैदान में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। सार्वजनिक प्रचार खत्म होते ही अब शहर की गलियों में गुप्त बैठकों और 'डोर-टू-डोर' व्यक्तिगत जनसंपर्क का दौर शुरू हो गया है।

### वसई-विरार में 'साइलेंट पीरियड' शुरू

वसई-विरार मनपा के आम चुनाव प्रचार का अंतिम दिन पूरे राजनीतिक तापमान के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र में चुनावी मैदान में उतरी सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दिनभर अलग-अलग प्रभागों में छोटी-बड़ी सभाएं, बाइक रैलियां, पदयात्राएं और घर-घर संपर्क अभियान चलते रहे। उम्मीदवारों ने अंतिम क्षणों तक मतदाताओं को रिझाने और अपने पक्ष में करने के लिए हर संभव प्रयास किया, जिससे पूरे शहर में चुनावी माहौल चरम पर नजर आया।

### चुनाव प्रचार का शोर थमा, अब मतदाताओं की बारी

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में चुनाव प्रचार का शोर-शराबा थम गया। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने अंतिम दिन शाम 5 बज तक पूरी ताकत झोंकते हुए जनसभाएँ, रोड शो और डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाए। प्रचार समाप्त होते ही सार्वजनिक स्थलों पर लगे पोस्टर-बैनर हटने लगे और लाउडस्पीकरों की आवाज भी शांत हो गई। प्रचार अवधि के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाए, विकास, कानून-व्यवस्था और स्थानीय मुद्दों को लेकर वादों की झड़ी लगाई। अंतिम दिन मतदाताओं को साधने के लिए भावनात्मक अपीलें भी की गईं। चुनाव आयोग ने प्रचार समाप्त होने के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्ती से पालन के निर्देश दिए हैं। अब उम्मीदवार केवल व्यक्तिगत संपर्क और शांतिपूर्ण तरीकों से ही मतदाताओं तक पहुंच सकेंगे।

### उल्हासनगर मनपा ने कसी कमर

महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, उल्हासनगर महानगरपालिका आम चुनाव 2025-26 की मतगणना 16 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से पवई चौक स्थित उपविभागीय अधिकारी कार्यालय में शुरू होगी। इस प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए शहीद अरुणकुमार वैद्य टाउन हॉल में अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। मतगणना कुल 48 टेबल पर 6 चुनाव निर्णय अधिकारियों के मार्गदर्शन में की जाएगी। वार्ड संख्या 1 से 20 तक की जिम्मेदारी बालासाहेब तिडके, गणेश सांगले, विशाल जाधवर, विजयकुमार वाकोडे, मुकेश पाटिल और संजय शिंदे को सौंपी गई है। प्रशासन ने पारदर्शी व भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

## सोनू जैन के लिए निकाली गई बाइक रैली




**मुंबई।** वार्ड नंबर 163 के उम्मीदवार सोनू जैन के चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस और वंचित बहुजन आघाड़ी ने एक रोड शो (बाइक रैली) का आयोजन किया। रोड शो शमसुद्दीन नगर, जरीमरी, 90 फुट मार्ग, सेंट ज्यूड्स स्कूल, काजुपाड़ा पाइपलाइन, गांधी मैदान, शास्त्री नगर और बैल बाजार इलाके में आयोजित किया गया। रैली में शामिल लोगों ने नारे लगाकर चुनाव प्रचार किया। इस रोड शो में कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ नसीम खान विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने सार्वजनिक रूप से सोनू जैन के लिए चुनाव प्रचार किया। सोनू जैन ने विकास की कमी और स्थानीय मुद्दों को मतदाताओं के सामने रखा।

# शिवसेना (उबाठा) उम्मीदवार साईनाथ कटके ने निकाली प्रचार रैली

**मुंबई।** मनपा चुनाव का प्रचार प्रसार मंगलवार शाम समाप्त हो गया, इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक-164 के शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) गठबंधन के उम्मीदवार साईनाथ सहदेव कटके भी चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से सम्पर्क किया और पदयात्राओं और घर-घर प्रचार किया। वार्ड की प्रत्येक समस्या को साईनाथ कटके ने अपना मानते हुए संवेदनशीलता के साथ लोगों को बताया है कि उनकी समस्याओं का हल कैसे किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से वे वार्ड 164 में समाजसेवा कर रहे हैं। पानी की समस्या, टूटी सड़कों, गंदगी, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य बुनियादी नागरिक मुद्दों को लेकर उन्होंने हमेशा आवाज उठाई और समाधान के लिए लगातार प्रयास किए। उम्मीदवार साईनाथ कटके ने फेरीवाले और उत्तर भारतीय के साथ-साथ क्षेत्र में रहने वाले गुजराती, दक्षिण भारतीय और मराठी भाषा के लोगों को रोजगार के लिए अवसर प्रदान करने की भी बात कही और गटर की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया। नागरिकों का



कहना है कि वार्ड में पिछले काफी समय से विकास कार्य ठप पड़े रहे और बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिसके कारण लोगों को असुविधा, गंदगी और बदबू से भरे वातावरण में रहना पड़ा। इसके साथ ही क्षेत्र में चल रही कुछ मशीनों के प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है—नाक और आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और अनेक स्वास्थ्य समस्याएं इसकी वजह से लगातार बढ़ती रही हैं। साईनाथ कटके की प्रचार रैली में सभी धर्म, जाति और वर्ग के लोग शामिल रहे। साईनाथ कटके ने गांवदेवी खोत चाल, रामदेव पीर मार्ग, मिलिंदनगर कारसेड, एसआरए इमारत तक पदयात्रा निकालकर लोगों से संपर्क किया, उनसे बात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कटके ने अपने किए गए कार्यों से भी मतदाताओं को अवगत कराया।